

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह बोले- सेनाओं का एकीकरण नीतिगत मामला नहीं - 12



भारत ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू - 12



गाजा युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्री योजना, नेतन्याहू भी सहमत - 13



पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी का जवाब कप जीतना था - 14


आज का मौसम 32.0° अधिकतम तापमान 26.0° न्यूनतम तापमान सूर्योदय 06.01 सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन शुक्ल पक्ष नवमी 07:01 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 1 अक्टूबर 2025, वर्ष 4, अंक 50, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


## ब्रीफ न्यूज

### इंडिगो की उड़ान को मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** मुंबई से राष्ट्रीय राजधानी आने वाली इंडिगो की एक उड़ान को मंगलवार सुबह बम की धमकी मिली। उड़ान संख्या 6ई-762 में लगभग 200 लोग सवार थे और सुरक्षा एजेंसियों ने इस धमकी को अस्पष्ट पाया। इंडिगो के एक प्रवक्ता ने बताया कि मंगलवार को मुंबई से दिल्ली जाने वाली उड़ान संख्या 6ई-762 में सुरक्षा संबंधी खतरे का पता चला जिसके बाद स्थापित प्रक्रिया का पालन करते हुए हमने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया। दिल्ली हवाई अड्डे पर इस उड़ान के लिए पूर्ण आपातस्थिति घोषित कर दी गई थी।

### ईडी ने कुर्क की 15.41 करोड़ रुपये की संपत्ति

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से जुड़े एक बड़े धोखाधड़ी मामले में 15.41 करोड़ रुपये की अचल संपत्तियां कुर्क की है। ईडी के अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह कार्रवाई रांची अंचल कार्यालय द्वारा शुरू की गई। कुर्क की गई 10 अचल संपत्तियां कोलकाता और हावड़ा में स्थित हैं। ये संपत्तियां बड़े पैमाने पर जीएसटी धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के मास्टरमाइंड अमित गुप्ता और उसके सहयोगियों की हैं।

### ओडिशा एसआई भर्ती लिखित परीक्षा स्थगित

**भुवनेश्वर।** ओडिशा पुलिस में उपनिरीक्षकों की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा को तीसरी बार स्थगित कर दिया गया। ओडिशा पुलिस भर्ती बोर्ड (ओपीआरबी) द्वारा मंगलवार को जारी बयान में कहा गया है कि संयुक्त पुलिस सेवा परीक्षा-2024 (सीपीएसई) की लिखित परीक्षा पांच और छह अक्टूबर को आयोजित होने वाली थी। जिसे कुछ अप्रत्याशित घटनाक्रमों के मद्देनजर स्थगित करने का निर्णय लिया है।

### दिल्ली हवाई अड्डे पर 5 उड़ानों के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार दोपहर खराब मौसम के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर पांच उड़ानों का मार्ग परिवर्तित किया गया। मंगलवार को दिल्ली एवं एनसीआर में भारी वर्षा हुई तथा विभिन्न एयरलाइन ने परामर्श जारी किया कि उड़ान संचालन प्रभावित हो सकता है। दोपहर सवा 12 बजे और साढ़े 12 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरने वाली पांच उड़ानों को जयपुर की ओर मोड़ दिया गया।

### अंतरिक्ष उड़ान के लिए पंजीकरण किया शुरू

**नई दिल्ली।** अमेरिका स्थित अंतरिक्ष अन्वेषण एवं अनुसंधान एजेंसी (सेरा) छह लोगों को उप-कक्षीय उड़ान पर ले जाने की योजना बना रही है, कंपनी ने मंगलवार को टेलीग्राम इंस्टेंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर एक मिनी-ऐप्लिकेशन के माध्यम से भविष्य के ब्लू ओरिजिन न्यू शेपर्ड मिशन के लिए पंजीकरण शुरू कर दिए। इच्छुक अंतरिक्ष यात्री टीओएन ब्लॉकचेन द्वारा संचालित सेरा मिशन कंट्रोल मिनी एप का उपयोग करके न्यू शेपर्ड मिशन के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# पार्षद का ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन ध्वस्त, कांप्लेक्स-मैरिज हाल सील

## पुलिस पर फायरिंग का आरोपी मुठभेड़ में गोली लगने से जख्मी, गिरफ्तार

**बरेली बवाल**

- गिरफ्तार 17 आरोपी अदालत में पेश करने के बाद भेजे गए जेल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में हुए बवाल के बाद मौलाना तौकीर रजा के करीबियों पर लगातार गाज गिर रही है। नगर निगम और बीडीए की टीमें मंगलवार को सुबह से ही कार्रवाई को लेकर सक्रिय रहीं। बीडीए की टीम ने नरियावल में जरी कारोबारी के बरात घर और सपा पार्षद के कोहाड़ापीर स्थित कांप्लेक्स को सील कर दिया।

वहीं सपा पार्षद का नाले के ऊपर अवैध रूप से चल रहा ई-चार्जिंग स्टेशन नगर निगम की टीम ने ध्वस्त कर दिया। उधर, उपद्रव के दौरान पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपी ताजिम को पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही अलग-अलग थाना पुलिस ने 16 अन्य फरार उपद्रवियों को गिरफ्तार किया। डॉ. नफीस समेत अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। बीडीए की टीम मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे फायर बिग्रेड समेत अन्य प्रशासनिक अफसरों के साथ बिथरी क्षेत्र के नरियावल पहुंची और जरी कारोबारी हाजी शराफत के बरात घर को सील कर दिया। एक हजार वर्ग मीटर से अधिक क्षेत्रफल में बने इस बरात घर का मानचित्र बरेली विकास प्राधिकरण से स्वीकृत नहीं है। टीम सपा पार्षद ओमान रजा के कोहाड़ापीर स्थित सैनेटरी सामान के कांप्लेक्स में पहुंची। इसका निर्माण भी बीडीए के मानकों के अनुसार नहीं किया गया था। टीम ने इसे भी सील कर दिया। इस दौरान कुछ देर आवागमन भी प्रभावित रहा। हालांकि बीडीए की कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हुआ।



सुर्खा बानखाना के रजा चौक में सपा पार्षद के अवैध चार्जिंग स्टेशन को तोड़ती जेसीबी।

उधर, नगर निगम की टीम दोपहर करीब तीन बजे सपा पार्षद ओमान रजा के बानखाना स्थित आवास के पास बने एक भवन में पहुंची। यहां नाले की जमीन पर बने गोदाम में पार्षद की ओर से अवैध रूप से ई-चार्जिंग स्टेशन चलाया जा रहा था। गोदाम के अंदर एक दर्जन से अधिक ई-रिक्शा चार्ज होते मिले। टीम ने चार्जिंग स्टेशन को ध्वस्त कर दिया। दिन भर चली कार्रवाई के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री, सीओ प्रथम आशुतोष शिवम समेत नगर निगम और बीडीए के अफसर मौजूद रहे।

उधर, आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा खां के आह्वान पर जुमे की नमाज के बाद आई लव मोहम्मद पोस्टर को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर पथराव और फायरिंग करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी मंगलवार को भी जारी रही। इस प्रकरण में वांछित ताजिम को बारादरी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गोली मार कर जख्मी करने के बाद गिरफ्तार कर लिया। इसके साथ ही बवाल में शामिल फरार 14 आरोपियों को कोतवाली पुलिस ने तथा बारादरी पुलिस ने एक बाल अपचारी समेत तीन को गिरफ्तार किया है। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने अब तक कुल 73 आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा चुकी है।

# कई जिलों में आफत बनकर टूटी बारिश, 7 लोगों की मौत

## कानपुर, उन्नाव सहित कई जनपदों में हुईं बिजली गिरने की घटनाएं

- आगरा, मथुरा, मैनपुरी, लखीमपुर फिरोजाबाद में जनजीवन प्रभावित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** विदा होने से पहले मानसून ने अचानक जोरदार असर दिखाया है। प्रदेश के कई जिलों में हुई बारिश ने जहां उमस से लोगों को राहत दिलाई तो वहीं कई जिलों में आफत बनकर टूटी। कानपुर, उन्नाव, आगरा, मथुरा, मैनपुरी और फिरोजाबाद में बारिश का कहर देखने को मिला। लखनऊ, सीतापुर, बरेली व बाराबंकी में रिमझिम बरसात हुई।

महोबा के थाना महोबकंठ के कनकुआं गांव निवासी सीतारानी (45) पुत्री ममता (26) के साथ खेत में मूंगफली उखाड़ने के लिए गई थी। बिजली गिरने से दोनों की मौत हो गई। वहीं बपरेथा गांव निवासी अरविंद (32) बकरियों को चरा रहा था तभी बिजली गिरने से मौत हो गई। उधर, कन्नौज जिले में तेज बारिश के साथ बिजली गिरने से दो महिलाओं समेत तीन की मौत हो गई। बिजली गिरने से बिरियन नगला, छिबरामऊ निवासी वीरेंद्र कुमार (50), तालग्राम थाना क्षेत्र में महिला सीता और इंदरगढ़ क्षेत्र में महिला सोनी की मौत हो गई। दो मवेशियों की भी मौत हुई है। आगरा में बिजली गिरने से जगनेर थाना क्षेत्र के गांव शाहगंज में मंगलवार को राजेश पत्नी देवेंद्र की मौत हो गई। वहीं दूसरी जगह खेत पर काम कर रहे धीरेन्द्र व भोलू गंभीर रूप से झुलस गए। मथुरा में एक कार पानी में डूब गई, जिसमें पूरा परिवार फंस गया। जैसे-तैसे ट्रैफिक पुलिस वालों ने बचाया। वहीं, लखीमपुर और मैनपुरी में भी झमाझम बारिश हुई है। बारिश के चलते किसानों की पकी हुई धान की फसल भी खराब हो गई। आईएमडी के मुताबिक, नोएडा, गाजियाबाद, बागपत, हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, मथुरा, लखनऊ, कानपुर, झांसी एवं बुंदेलखंड के जिलों समेत करीब 40 जिलो में आंधी के साथ मध्यम बारिश हो सकती है।



कानपुर के सर्वोदय नगर में बारिश से हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

### उमस से राहत, कई जिलों में यलो अलर्ट

मंगलवार को हुई बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग का कहना है कि यह राहत दशहरे तक जारी रहेगी। हालांकि, अक्टूबर के पहले सप्ताह तक राज्य के पूरे हिस्से से मानसून लौट जाएगा। लेकिन बंगाल की खाड़ी में बने नए अवदाब के कारण एक सप्ताह तक कई हिस्सों में बारिश हो सकती है। ऐसे में कई जिलों में येलो अलर्ट भी जारी है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रजापति पर जेल में हमला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अमेठी

- गोसाईंगंज जिला जेल में हुई घटना, सिर पर लगी गंभीर चोट

**अमृत विचार:** गोसाईंगंज की जिला जेल में बंद पूर्व कैबिनेट मंत्री समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता गायत्री प्रसाद प्रजापति पर मंगलवार देर शाम रॉड से हमला किया गया। हमले में उनके सिर में गंभीर चोट आई हैं। जेल अस्पताल में इलाज के दौरान पांच टांके लगाये गये। शुरूआती जांच में जेल के अंदर दूसरे बंदी से विवाद की बात सामने आई है। देर रात गायत्री को केजीएमयू ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। जेल प्रशासन घटना की जांच कर रहा है। सामूहिक दुष्कर्म व खनन घोटाले के आरोपी सपा सरकार के पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति को जेल अस्पताल में डायबिटीज, बीपी, गुर्दा, कमर दर्द समेत दूसरी बीमारियों के चलते लम्बे समय से जेल अस्पताल में रखा गया है। मंगलवार देर शाम 6.30 बजे अस्पताल में सफाई करने वाले बंदी विश्वास ने हमला कर दिया। जांच में सामने आया कि पूर्व मंत्री ने सफाई करने वाले बंदी विश्वास को पानी देने के लिए बुलाया था। वह देर से पहुंचा। इस पर पूर्व मंत्री ने अमर्यादित टिप्पणी की। जिससे



नाराज होकर विश्वास ने पास में पड़ी आलमारी के रॉड से गायत्री पर हमला कर दिया। गायत्री चीखते हुए अस्पताल से बाहर की तरफ भागे। बंदी ने दोबारा रॉड से हमला किया तो वह फर्श पर गिर गये। इसी बीच दूसरे बंदियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया।

तैनात जेलकर्मियों ने तत्काल डॉक्टर को बुलाया। डॉक्टर ने गायत्री से सिर से बह रहे खून को रोकने का प्रयास किया। इसके बाद टांके लगाए। वरिष्ठ जेल अधीक्षक आरके जायसवाल के मुताबिक जेल अस्पताल में भर्ती गायत्री प्रजापति की एक सफाई करने वाले बंदी से विवाद हुआ। नाराज बंदी विश्वास ने रॉड से पूर्व मंत्री के सिर पर वार कर दिया। सिर में मामूली चोट थी। जेल के डॉक्टर उपचार कर रहे हैं। हालत खतरे से बाहर है।

# भेड़ियों के हमले में वृद्ध दंपती की मौत

संवाददाता, कैसरगंज (बहराइच)

**आतंक जारी**

- तीन अन्य घायल, ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम को खदेड़ा

**अमृत विचार:** कैसरगंज तहसील के मंझारा तौकली ग्राम में आदमखोर भेड़ियों का हमला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार की आधी रात के बाद मड़हे (झोपड़ी) में सो रहे बुजुर्ग दंपती पर भेड़ियों ने हमला कर उन्हें मार डाला। दोनों के क्षत-विक्षत शव मंगलवार की सुबह मिले। हमले में अन्य तीन लोग भी घायल हुए हैं।

सूचना पर वन विभाग के एसडीओ राशिद जमील दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तो ग्रामीणों ने लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा लिया। सबने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। एसडीओ राशिद जमील की गाड़ी को



क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

कैसरगंज रेंज के मंझारा तौकली गांव के प्यारेपुरवा निवासी खेदन (75) पत्नी मनकी (65) के साथ खेत की रखवाली को गए थे। आधी रात बाद दोनों खेत में ही बनी झोपड़ी में सो गए। मंगलवार सुबह नौ बजे तक उनके घर न लौटने पर परिवार के लोग खेत गए। वहां देखा कि दोनों के शव क्षत-विक्षत पड़े थे। भेड़ियों ने दोनों के शरीर के ऊपरी हिस्से को खा लिया था। ग्रामीणों का कहना है कि गन्ने के खेतों में भेड़ियों का झुंड घूमता देखा गया है। भेड़िए के हमले में मीना देवी, धनपतिया और सेबरी भी घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। दो दिन पहले इलाके में एक भेड़िए के मारे जाने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन फिर हमले में हुई दो मौतों से ग्रामीणों में आक्रोश है।

# पहचान छिपाकर गरबा में गए तो होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य महिला आयोग की डीएम पुलिस अफसरों से अपील

**अमृत विचार :** वास्तविक पहचान छिपाकर गरबा-डांडिया में शामिल होने वालों पर यूपी पुलिस की सख्त नजर है। आयोजकों ने भी कार्यक्रम स्थलों पर आधार कार्ड देखकर ही प्रवेश देने की व्यवस्था कर रखी है।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में संदिग्ध व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक है, ऐसे में शुचिता भंग करने वालों पर कार्रवाई होगी। इस बीच राज्य महिला आयोग ने भी प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों, आला पुलिस अधिकारियों को पत्र लिख कर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। उप्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा है कि वर्तमान में नवरात्रि, दुर्गा पूजा, दशहरा जैसे पर्व मनाए जा रहे हैं।

गरबा, डांडिया, रासलीला जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन भी हो रहे हैं, जिनमें कुछ असामाजिक तत्व अपनी वास्तविक पहचान छिपाकर प्रवेश कर जाते हैं, उनकी पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का निधन

**नई दिल्ली।** भाजपा की दिल्ली इकाई के पहले अध्यक्ष और पांच बार दिल्ली के सांसद रहे वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा (93) का मंगलवार सुबह निधन हो गया। मल्होत्रा का पिछले कुछ दिन से एम्स में उपचार चल रहा था। मल्होत्रा का पार्थिव शरीर 1 अक्टूबर को दोपहर 12 से दो बजे तक भाजपा कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई नेताओं ने शोक व्यक्त किया।



# रिलायंस इंफ्रा के 6 परिसरों पर छापेमारी

मुंबई, एजेंसी

- फेमा जांच के तहत ईडी ने की अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों पर कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मशहूर उद्योगपति अनिल अंबानी से जुड़ी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर (आरइन्फ्रा) के इंदौर और मुंबई स्थित छह परिसरों पर छापे मारे हैं।

यह छापेमारी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) का उल्लंघन करके कथित रूप से अवैध रूप से विदेश भेजे गए धन और 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण के गलत इस्तेमाल के मामले की जांच के तहत की गई है। हालांकि यह पता नहीं चल पाया है कि छापों के दौरान अब तक कोई जब्ती हुई है या नहीं।

ईडी ने हाल ही में सेबी की एक रिपोर्ट के निष्कर्षों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि आरइन्फ्रा ने एक कंपनी से दूसरी कंपनी में डिपॉजिट के बहाने रिलायंस समूह की अन्य संस्थाओं को धन हस्तांतरित किया। ये लेनदेन कथित तौर पर, सीएलई नामक एक कंपनी के माध्यम से किए गए थे। ईडी के आरोप के अनुसार, आरइन्फ्रा ने इसे संबंधित पक्ष के रूप में नहीं बताया। ईडी के अनुसार, यह कथित तौर पर अनिवार्य शेयरधारक औरऑडिट कमेटी की मंजूरी से बचने के लिए किया गया। गौरतलब है कि गत अगस्त में, अनिल अंबानी अपने समूह की कंपनियों से जुड़े धोखाधड़ी मामलों से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में ईडी के सामने पेश हुए और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उनके बयान दर्ज हुए।

# बिहार में अंतिम मतदाता सूची जारी

पटना, एजेंसी

- एसआईआर के बाद पटना में 1.63 लाख नए मतदाता जुड़े

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया के तहत दावे और आपत्तियों पर विचार करने के बाद बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी। बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग को टैग करते हुए अपने फेसबुक पेज पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के आलोक में 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। लोग संबंधित लिंक पर क्लिक कर अपने नाम देख सकते हैं। हालांकि, राज्यभर का अंतिम आंकड़ा अभी आना बाकी है। मसौदा सूची में मतदाताओं की संख्या 7.24 करोड़ थी, जिसमें अनुपस्थित, स्थानांतरित या मृत पाए गए करीब 65 लाख नाम हटाए गए थे।

इसी बीच, पटना जिला प्रशासन ने एक बयान जारी कर बताया कि जिले के 14 विधानसभा क्षेत्रों में कुल मतदाताओं की संख्या करीब 48.15 लाख है। यह संख्या एक अगस्त को प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची की तुलना में 1.63 लाख अधिक है। जिले में महिला मतदाताओं की संख्या 22.75 लाख है और दीघा विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 4.56 लाख मतदाता दर्ज हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा जल्द होने की संभावना है। इस बीच, देशव्यापी स्तर पर किए जाने वाले आयोग के इस एसआईआर अभियान ने विवाद खड़ा कर दिया है। विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि यह प्रक्रिया उन मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने के लिए की जा रही है जो सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को वोट नहीं देंगे। कुछ दलों ने इस मामले को उच्चतम न्यायालय में भी उठाया है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा नेताओं का कहना है कि एसआईआर घुसपैठियों को बाहर करने के लिए जरूरी है, जिन्हें विपक्षी इंडिया गठबंधन बचाना चाहता है और मताधिकार दिलाना चाहता है।

**उम्मीद** | 12 सेक्टर पर विभाग तैयार कर रहे हैं मसौदा, 2026-27 के बजट में दिखेगी झलक

# तीन माह के भीतर तैयार होगा विकसित यूपी का रोडमैप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश-2047 के विजन डॉक्यूमेंट का रोडमैप दिसंबर तक तैयार हो जाएगा। इस रोडमैप के जरिए प्रदेश को अगले दो दशकों में विकसित राज्यों की श्रेणी में लाने का खाका खींचा जा रहा है।

रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर विभाग जनवरी 2026 से काम शुरू करेंगे, जिसकी शुरुआती झलक 2026-27 के बजट में देखने को मिलेगी। मुख्यमंत्री के समक्ष इसे अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि यह विजन डॉक्यूमेंट प्रदेश के हर नागरिक की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा। इसी उद्देश्य से सरकार लगातार जनता से सुझाव (फीडबैक) जुटा रही है।



अब तक 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। सेक्टरवार मसौदों को विभाग हितधारकों और विशेषज्ञों से विमर्श के बाद तैयार करेंगे। हर सेक्टर को अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किए जाएंगे, ताकि योजनाएं केवल कागज पर न रहकर व्यवहारिक धरातल पर भी उतरें। योगी का उद्देश्य है कि वर्ष 2047 तक प्रदेश वैश्विक स्तर पर भी अपनी पहचान स्थापित करे। औद्योगिकीकरण, कृषि आधुनिकीकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में संतुलित प्रगति पर जोर दिया जाएगा। यह रोडमैप आने वाले वर्षों में प्रदेश की विकास यात्रा की आधारशिला साबित होगा। नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार के अनुसार, विभाग 30 नवंबर तक सेक्टरवार मसौदा तैयार कर लेंगे। दिसंबर में मुख्य सचिव समिति इसकी समीक्षा करेगी, अनुमोदन के बाद इसे योगी के समक्ष रखा जाएगा। लक्ष्य है कि जनवरी 2026 से रोडमैप में शामिल कार्यक्रमों पर क्रियान्वयन शुरू कर दिया जाए।

### सरकार का 12 सेक्टरों पर फोकस

विभागों को 12 प्रमुख सेक्टरों पर विस्तृत रोडमैप तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, सूचना प्रौद्योगिकी और उभरती तकनीकें, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा और सुशासन शामिल हैं।

### विशेषज्ञ संस्थाओं का सहयोग

इस महत्वाकांक्षी रोडमैप को तैयार करने में नीति आयोग के प्रतिनिधि प्रदेश सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी पर काम कर रही कंसल्टिंग फर्म डिलॉइट भी तकनीकी सहयोग दे रही है। विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और सचिवों को इस कार्ययोजना का जिम्मा सौंपा गया है।

नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

**बीज मंत्र...ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।**

# मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हुई रामनगरी

## देर रात तक सड़कों पर मेले जैसा माहौल, ग्रामीण अंचलों में भी चारों ओर का वातावरण हुआ भक्तिमय

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** रामनगरी इन दिनों मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर है। अष्टमी के पवित्र दिन पर मंगलवार को नगर के दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। मां के दर्शन को आतुर जन-जन की भीड़ देर रात्रि तक पंडालों में डटी रही। रंग-बिरंगे प्रकाशों और फूलों की मालाओं से सुसज्जित प्रत्येक पंडाल की भव्य सजावट मन को मोह लेने वाली रही। युवाओं में मां की प्रतिमाओं के समक्ष सेल्फी लेने का उत्साह चरम पर दिखा, चाहे वह शहर का हृदयस्थल हो या ग्रामीण अंचल। देर रात तक मेलों जैसा माहौल रहा। बच्चे, युवा, वृद्ध सभी मां की कृपा प्राप्त करने को आतुर दिखे। चौक अयोध्या का हृदय माना जाता है, वहां सोमवार देर शाम डांडिया नृत्य का भव्य आयोजन हुआ। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाएं डांडिया की लय पर थिरकतीं दिखीं। भीड़ में वाहनों के प्रवेश को नियंत्रित कर प्रशासन ने व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा। जगह-जगह भंडारों का आयोजन हुआ। महाजनी टोला चौराहे पर स्थापित दुर्गेश नंदिनी दुर्गा पूजा पंडाल के सामने भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजकों में सुप्रीत कपूर, अमित, कमल, अभिषेक, विनय सिन्हा, शोभित , सिद्धार्थ, आदित्य शामिल रहे। नगर निगम ने भी पूरी ताकत झोंक दी।



चौक में डांडिया खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार



चौक में पंडाल के सामने नृत्य करते कलाकार। अमृत विचार



पूजा पंडालो में लगाई गई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गणवेश की तस्वीर। अमृत विचार



फतेहगंज स्थित राम जानकी मंदिर में झांकियां देखने पहुंचे लोग। अमृत विचार

### पहली बार दुर्गा पूजा पंडालों में आरएसएस के गणवेश का चित्र भी शामिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** पहली बार दुर्गा पूजा पांडालों में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गणवेश का चित्र भी लगाया गया। हालांकि इसका मकसद दो अक्टूबर को होने वाले शताब्दी वर्ष विजय उत्सव कार्यक्रम से है, लेकिन श्रद्धालुओं से आम लोगों में इसकी चर्चा जरूर है। मां जगततारिणी दुर्गा पूजा समिति रिकाबगंज, अन्नपूर्णा देवी दुर्गा पूजा कमेटी रिकाबगंज, श्रीराम जानकी मंदिर के पूजा पंडाल, नवयुवक दुर्गा पूजा कमेटी फतेहगंज के पूजा पंडालो में यह चित्र लगवाया गया। आरएसएस महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेकजी अग्रवाल, विवेकानंद नगर के सरसंघचालक गोपालजी केसरवानी, विवेकानंद नगर के सह कार्यवाह सुनीलजी, बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला आदि ने इसे लगवाया।

### सरयू नदी के संत तुलसीदास घाट पर होता है सात जिलों की देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में पवित्र सरयू नदी के संत तुलसी दास घाट पर दशहरा पर सात जिलों की देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। क्षेत्राधिकारी आईपीएस देवेश चतुर्वेदी के मुताबिक अयोध्या के साथ गोंडा, बस्ती, महाराजगंज, दिल्ली, बलरामपुर सहित और भी कई जिलें हैं। जहां से कुछ प्रतिमाओं को लेकर भक्त अयोध्या पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष 1600 से अधिक प्रतिमाएं विसर्जित की गई थी। घाट पर सुरक्षा बल के साथ सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से इस पूरे आयोजन पर नजर रखी जाएगी। कहा कि मूर्ति विसर्जित करने के लिए गहरे पानी में जाने पर प्रतिबंध है। केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अयोध्या धाम के अध्यक्ष रमापति पांडे ने बताया कि इस वर्ष भी विशेष तैयारी की जा रही हैं।

# अयोध्या में घर बनाने के इनके सपने हुए साकार

- ग्रीन फील्ड टाउन शिप में लाटरी पद्धति से निकाले गए 298 आवंटियों के नाम
- 312 आवासीय प्लाटों के लिए खोला गया था पंजीकरण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद से संचालित ग्रीन फील्ड् टाउनशिप के 312 आवासीय भूखंडों में 298 आवेदकों को आवंटन कर दिया गया। अयोध्या में घर बनाने के इनके सपने साकार हो गए। कार्यालय पर बुधवार कोलाटरी पद्धति से विभिन्न वर्ग के आवेदकों का चयन किया गया। परिषद ने भूमि विकास, गृह स्थान एवं बाजार योजना के तहत सेक्टर आठ सी में विभिन्न वर्गों के लिए 312 आवासीय भूखंडों के लिए पंजीकरण खोला था। 17 जुलाई से 27 अगस्त के बीच पंजीकरण कराए गए थे। इसमें 100 से 200 वर्ग मीटर के 42 लाख से 97 लाख रुपये तक के आवासीय भूखंड थे। लगभग पांच सौ आवेदकों की मौजूदगी में लाटरी निकाली गई। अधिशासी अभियंता इं. अमन त्यागी ने बताया कि परिषद के जोनल आयुक्त चंदन कुमार पटेल की अध्यक्षता में लाटरी निकाली गई। इनमें अनुसूचित जनजाति 59, अनुसूचित जनजाति के तीन, अन्य पिछड़ा वर्ग के 82 और सामान्य वर्ग के 154 आवेदकों को चयनित किया गया।

# राम मंदिर की बाउंड्रीवॉल के लिए हुआ भूमि पूजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** राम मंदिर परिसर के 3:50 किलोमीटर के बाउंड्री वॉल का निर्माण दो पार्ट में किया जा रहा है। जिससे यहां कार्य जल्द पूरा किया जा सके। राम मंदिर परिसर के दक्षिण दिशा स्थित गेट नंबर 11 की पास मंगलवार को दूसरे पार्ट में बाउंड्री वॉल निर्माण के लिए भूमि पूजन संपन्न किया गया। यह कार्य भी इंजिनियर्स इंडिया लिमिटेड के द्वारा किया जा रहा है।

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि 14 फीट ऊंची बाउंड्री वॉल को हाईटेक सुरक्षा से लैस किया जायेगा। जिसमे बुलेट प्रूफ मोर्चा और गस्त करते हुए सुरक्षाकर्मी भी दिखाई देंगे। इसे काफी मजबूत से बनवाया जाएगा ताकि कोई कमी न रह जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वास्थ्य केंद्रों पर हुई खून की जांच

**अयोध्या, अमृत विचार :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बानियान के निर्देश के क्रम में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार एवं मिशन शक्ति 5 .0 के अंतर्गत जनपद के सभी उप स्वास्थ केंद्र/आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर (एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी) कार्यकत्रियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। सभी कर्मियों, महिलाओं व किशोरियों की हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई।

### गन्ने के साथ करें सरसों की खेती

**अयोध्या, अमृत विचार :** शरदकालीन गन्ने के साथ राई/सरसों की अंतः फसली खेती को बढ़ावा दिए जाने का प्रयास है। तिलहन उत्पादन से किसानों को अतिरिक्त आय प्राप्त होगी। डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने बताया कि एक किसान को अधिकतम एक हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए चार किग्रा. प्रति हेक्टअर की दर से पांच वर्ष के अंदर की विमोचित प्रजातियों का निःशुल्क बीज उपलब्ध कराया जाएगा। जिन किसानों को राई/सरसों के मिनीकिट लेना है उन्हें पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

### सीएचसी में पीएम जन औषधि केंद्र शुरू

**बीकापुर, अयोध्या :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का मंगलवार को विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मरीजों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधीक्षक डॉ. अंशुमान यादव ने जन औषधि केंद्र के माध्यम से सस्ती व अच्छी दवा उपलब्ध होने का दावा किया। केन्द्र के संचालक अभिनव श्रीवास्तव व अभिषेक ने स्वागत किया। डॉ अतुल मिश्रा, अभिषेक श्रीवास्तव, डॉ स्नेहा, प्रधान संघ के अध्यक्ष विशाल सिंह मौजूद रहे।

### मुश्किल के समय करें 112 पर फोन

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराकलंदर पुलिस ने मंगलवार को शांतिपुर गांव में आयोजित दुर्गा पूजा पांडाल में शक्ति की पाठशाला लगाकर बालिकाओं और महिलाओं को जागरूक किया। महिला उपनिरीक्षक खुशबू यादव, महिला आरक्षी जागृति सिंह, दिव्या, जमुना ने कहा कि कोई भी बेटी या महिला किसी भी मुश्किल समय में तत्काल 112 नंबर पुलिस को सूचित करें। सरकार के अन्य सुरक्षा नम्बर 1076, 1090,181 की भी उपलब्धता बताई। दुर्गा पूजा के आयोजक हर्षित पांडेय ने पुलिस टीम का स्वागत किया। कार्यक्रम में पुनीता पांडेय, लीलावती पांडेय, सीमा, सोनम, साक्षी, वर्तिका पांडेय, सहित ग्रामीण महिलाएं मौजूद रहीं।

# 326 वादों में 86.65 लाख का अर्थदंड

- खाद्य सुरक्षा को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक में कार्रवाई के निर्देश

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक में खाद्य सुरक्षा और मानकों पर व्यापक चर्चा हुई। सहायक आयुक्त (खाद्य) मानिक चंद्र सिंह ने गत बैठक के कार्यवृत्त की अनुपालन आख्या और वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 की प्रथम तिमाही के कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2600 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 600 खाद्य नमूने संग्रहित किए गए। 546 जांच रिपोर्ट में 330 नमूने मानक के विपरीत पाए गए, जिसके तहत 458 वाद न्यायालय में दायर किए गए। इनमें 326 वादों में 86.65 लाख रुपये का अर्थदंड और एक मामले में छह माह की सजा सुनाई गई। वित्तीय वर्ष 2025-26 (अगस्त तक) में 992 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 324 नमूने लिए गए, जिनमें 180 जांच रिपोर्ट में 94 नमूने अमानक पाए गए। 121 वाद दायर किए गए, 124 वादों में 31.21 लाख रुपये का अर्थदंड लगाया गया।

बैठक में एक स्ट्रीट फूड हब के क्रियाशील होने और दो अन्य के प्रक्रियाधीन होने की जानकारी दी गई। एक संस्था के साथ 35 प्रतिष्ठानों का अनुबंध कर प्रयुक्त खाद्य तेल से बायोडीजल निर्माण की व्यवस्था की गई है। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) अनिरुद्ध प्रताप सिंह ने बार-बार कुकिंग ऑयल के उपयोग के खिलाफ जागरूकता अभियान और स्ट्रीट फूड वेंडरों को प्राथमिकता से कवर करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने 'ईट राइट कैम्पस' योजना के तहत औद्योगिक क्षेत्रों को योजनाबद्ध तरीके से शामिल करने, सभी स्कूलों को 'ईट राइट स्कूल' प्रमाणन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने, और 'आरयूसीओ' योजना के तहत 100 प्रतिष्ठानों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। रामपथ पर खाद्य कारोबारियों को रजिस्ट्रेशन, 'ईट राइट सर्टिफिकेट' और एफओएसटीएसी प्रमाणपत्र प्रदर्शित करने को कहा गया। दीपावली को देखते हुए तहसील सदर में उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में खाद्य पदार्थों की जांच के लिए टीम गठन और फूड हैंडलर्स के पंजीकरण के लिए कैंप लगाने के निर्देश दिए गए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय, रुदौली, आश्रम पद्धति विद्यालय और वृद्धाश्रम को 'ईट राइट कैम्पस' प्रमाणित करने का लक्ष्य रखा गया। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी बृजेश मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य मौजूद रहे।

# विसर्जन में होंगे सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

## जिले को सेक्टरों में बांटकर लगाए गए मजिस्ट्रेट और पुलिस अफसर

सतर्कता

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** मां दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन के दौरान शांति व कानून व्यवस्था के मद्देनजर तगड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। जिले को थानावार सेक्टरों में बांट मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अफसरों को लगाया गया है।

जीआईसी से निर्मलीकुंड तक के मार्ग को छह जोन और 16 सेक्टरों में बांटा गया है। संवेदनशील स्थलों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। जिला मजिस्ट्रेट निखिल टीकाराम फुंडे ने ड्यूटीआदेश जारी कर दिया है। दुर्गा पूजा महोत्सव के समापन के बाद एक अक्टूबर रात 11 बजे दुर्गा प्रतिमाएं राजकीय इंटर कॉलेज में एकत्र होना शुरू हो जाएंगी। दो अक्तूबर की सुबह जीआईसी से विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी।

यह फतेहगंज चौराहा, चौक, रिकाबगंज, सहादतगंज, हनुमानगढ़ी होते हुए निर्मलीकुंड जाएगी। भदरसा, देवगांव, शाहगंज, कंदई कला, भेलसर जैसे चौकी क्षेत्रों को भी शाति के मद्देनजर ड्यूटी क्षेत्र बनाया गया है। सभ्मी थानों में स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। बीकापुर, तारून, हैदरगंज, इनायतनगर, कुमारगंज, खंडाया, मवई, पटरंगा थाना क्षेत्रों में दुर्गा प्रतिमाओं के साथ मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस ड़्यूटी लगाई गई है।

### गणमान्य लोगों की अगुवाई में निकलेगी यात्रा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जीआईसी मां भगवती की भव्य शोभायात्रा पूर्व सांसद लल्लू सिंह, पूर्व सांसद निर्मल खत्री, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, जिपं अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक रामचंद्र यादव, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान, विधायक अभय सिंह, विधायक चंद्रभानु पासवान, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय के साथ शहर के प्रमुख समाजसेवी और गणमान्य नागरिकों के अगुवाई में निकलेगी। इसको लेकर केंद्रीय समिति के कार्यालय पर बैठक हुई। समिति के पदाधिकारी की ड्यूटी एक अक्टूबर की रात्रि में जीआईसी की नंबरिंग व्यवस्था और उसके बाद दो अक्टूबर को शोभा यात्रा, घाट पर विसर्जन व्यवस्था और विसर्जन घाट पर भंडारे में सुनिश्चित कर दी गई है।



मसौदा के सभागार में महिला को फल की टोकरी भेंट करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व रुदौली विधायक रामचंद्र यादव। अमृत विचार

### शारदीय नवरात्रि पर किया कन्या पूजन व भोज

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** बाल विकास विभाग व महिला कल्याण विभाग ने शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर मंगलवार को क्षेत्रीय ग्रामीण विकास संस्थान डाभासेमर में कन्या पूजन और भोज के साथ मिशन शक्ति के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया। शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। छह माह पूर्ण कर चुके बच्चों को अन्नप्राशन कराया , 11 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई, 101 कन्याओं का कन्या पूजन और भोज किया गया। कार्यक्रम में विधायक राम चन्द्र यादव, डीएम निखिल टीं. फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, सीडीओ केके सिंह, डीपीओ एके त्रिपाठी और जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### बाढ़ पीड़ितों की सहायता

**अयोध्या, अमृत विचार :** जमिअत उलेमा-ए-हिन्द के सदर हजरत मौलाना सैय्यद अरशद मदनी की अपील पर तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब जाकर वहां के जमीअत उलेमा के अध्यक्ष से मुलाकात की। हालात का जायजा लेकर बाढ़ पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान की। प्रतिनिधि मंडल में शहर मुफ्ती जियाउद्दीन कासमी, कारी इरफान अहमद हलीमी, जनरल सेक्रेटरी जमिअत उलेमा, मो. सालिम शामिल थे।

### कन्या भोज का आयोजन

**रुदौली, अमृत विचार :** आंगनबाड़ी केंद्रों पर मंगलवार को नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर कन्यापूजन और कन्याभोज का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र सुनबा में कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। उन्हें उपहार भी दिए गए। मुख्य सेविकाएं सरिता सचान, सुधा देवी, सिद्धिदात्री पांडेय ने भी अपने - अपने केंद्रों पर कार्यक्रम का आयोजन किया। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आदेश सिंह व कनिष्ठ सहायक सरिता ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।



प्रभारी सीएमएस का चार्ज संभालते डॉ. राजेश सिंह व बगल में बैठे सेवानिवृत्त प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम। अमृत विचार

### डॉ. राजेश ने संभाला पदभार, चुनौतियां अपार

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम दो माह बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश सिंह ने प्रभारी सीएमएस के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। डॉ. राजेश के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपने सहयोगी चिकित्सकों को समयबद्धता और अनुशासन के लिए प्रेरित करना है। चूंकि वह स्वयं इन्हीं चिकित्सकों के बीच से उभरे हैं, इसलिए उनके लिए सहकर्मियों पर सख्ती बरतना आसान नहीं होगा। इसके अलावा बाहरी दवाओं की अनुचित प्रथा पर रोक और दलालों पर रोक लगाना प्रमुख है। डॉ. सिंह ने पदभार ग्रहण करते हुए कहा कि वह अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने और मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध हैं। बधाई देने वालों में सर्जन डॉ. एके सिन्हा, अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, डॉ. विपिन वर्मा, आज्ञाराम, पंकज शर्मा व अन्य शामिल रहे।

### गांधी जयंती पर लगेगी विकास प्रदर्शनी

**अयोध्या, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती समारोह के अवसर पर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे इसे सामाजिक समरसता, सौहार्द, सौमनस्य व सर्वधर्म समभाव की भावना के साथ मनाने की अपील की। बताया कि गांधी जयंती पर सभी कार्यालयाध्यक्ष कार्यालय परिसर की साफ सफाई/श्रमदान करेंगे। उसके बाद नगर/विभिन्न कार्यालय परिसर में स्थापित महापुरूषों व देश के स्वतंत्रता के लिए शहीदों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कराया जाएगा व रेस/दौड़ प्रतियोगिता डाभासेमर स्टेडियम में आयोजित होगी। सुबह नौ बजे सभी राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके साथ अन्य कार्यक्रम होंगे। सुबह 10 से तीन बजे तक विकास प्रदर्शनी गांधी पार्क में लगायी जाएगी।

### राष्ट्रीय घुड़दौड़ प्रतियोगिता तीन को

**सोहावल, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के रौनाही गांव में तीन अक्टूबर को घुड़दौड़ प्रतियोगिता होगी। इसमें पंजाब, बिहार, गुजरात, उत्तर प्रदेश से प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजक हाजी सरफराज खान ने बताया कि आयोजन स्व. हाजी जुबैर खां मेमोरियल के तत्वावधान में छोटे भाई स्व. सुल्तान खां की याद में हर साल किया जाता है। पिता को घुड़सवारी का विशेष शौक था। इस मौके पर अच्छी नस्ल के घोड़े बिक्री के लिए लाए जाएंगे।

### डीजे, डीएम ने किया कारागार का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला जज रणंजय कुमार वर्मा, जिला धिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, सचिव जिला विधिक प्राधिकरण व जेल अधीक्षक के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में निरूद्ध बन्दियों, पाकशाला रसोई में साफ-सफाई, भोजन, पेयजल आदि की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली।

कवायद

राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एनसीडीआरसी की गाइडलाइन

# बीच में पढ़ाई छोड़ने पर छात्र को लौटानी होगी फीस

- जब्त करने पर होगी कठोर कार्रवाई, डीआईओएस व डीएम करेंगे मामलों की सुनवाई

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** यदि कोई छात्र कोचिंग या शैक्षणिक संस्थान से बीच में पढ़ाई छोड़ देता है, तो संस्थान पूरे पाठ्यक्रम या साल भर की फीस जब्त नहीं कर सकता। अब यह गाइड लाइन राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एनसीडीआरसी की ओर से जारी की गई है।

यह छात्रों के अधिकारों की रक्षा में मील का पत्थर साबित हो सकता है। खासकर उन गरीब अभिभावकों के लिए जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए ऊंची फीस चुकाते हैं। इसे लेकर उत्तर प्रदेश शासन को भेजे गए आदेश के बाद सभी जिलों को सर्कुलर जारी कर दिया गया है। जिला स्तर पर जिला विद्यालय निरीक्षक अथवा जिलाधिकारी द्वारा नामित अधिकारी नोडल होगा। जहां ऐसे मामलों की सुनवाई की जाएगी। इस श्रेणी में उच्च शिक्षा संस्थान समेत सभी स्कूल कॉलेज शामिल किए गए हैं। एनसीडीआरसी की पीठ अध्यक्ष डॉ. इंदरजीत सिंह और न्यायिक सदस्य जस्टिस सुधीर कुमार जैन की ओर कहा गया है कि यदि छात्र ने संस्थान की सेवाओं का पूरा लाभ नहीं उठाया है, तो अग्रिम रूप से वसूली गई फीस को जब्त करने का अधिकार किसी कोचिंग सेंटर, प्रशिक्षण संस्थान या शैक्षणिक केंद्र को नहीं है।

दाखिले के समय लगाई जाने वाली शर्तें जिसमें बीच में छोड़ने पर फीस न लौटाने का प्रावधान होता है वह अमान्य और एकतरफा है। यदि छात्र को संस्थान की सेवाओं में कमी लगे या कोई अन्य कारण हो, तो वह बिना किसी आर्थिक नुकसान के कोर्स छोड़ सकता है। फीस का वह हिस्सा लौटाया जाना चाहिए जो सेवाओं के रूप में उपयोग नहीं हुआ।

### अब यह होगी संस्थान की जिम्मेदारी

कोचिंग संस्थानों को अब एकमुश्त पूरी फीस वसूलने की बजाय, सेमेस्टर या सालाना आधार पर भुगतान की व्यवस्था करनी चाहिए। यह सुप्रीम कोर्ट के 2003 के फैसले (इस्लामिक एकेडमी ऑफ एजुकेशन बनाम कर्नाटक राज्य) से प्रेरित है, जिसमें शैक्षणिक संस्थानों पर एकमुश्त फीस वसूलने पर रोक लगाई गई थी।

### अयोध्या में दो विवि, 5400 कोंचिग संस्थान

जिले में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, 5400 कोंचिग सेंटर, 245 कॉलेज व संस्थान तथा 590 माध्यमिक विद्यालय जिसमें निजी और सरकारी दोनों शामिल हैं, संचालित हैं। इस गाइडलाइन से यहां पढ़ाई करने वाले छात्रों को राहत की संभावना दिख रही है।

> राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग एनसीडीआरसी ने शासन को पत्र भेजा है। अभी शासन ने यहां केवल सूचना दी है। विस्तृत आदेश आने के बाद ही कुछ बताया जा सकता है। इसके लागू होने से निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं को लाभ होगा।
>
> -डॉ. पवन कुमार तिवारी, जिला विद्यालय निरीक्षक

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच

**गोसाईगंज, अमृत विचारः** सीताराम घाट पर हो रहे निर्माण कार्य में मानकविहीन सामग्री उपयोग की शिकायत अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद अधिशासी अधिकारी सीमा राय ने कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता पर असंतोष जताया। जिम्मेदार जूनियर इंजीनियर को जांच का निर्देश दिया।

ईओ ने कहा कि निर्माण कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं होगी। लापरवाह कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यदि मानकविहीन सामग्री के उपयोग की पुष्टि होती है तो संबंधित ठेकेदार व अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



एनआईसी भवन का उद्घाटन करते आयुक्त राजेश कुमार व डीएम निखिल टीकाराम फुंडे।

### कमिश्नर ने किया एनआईसी भवन का उद्घाटन

**अयोध्या, अमृत विचार :** कमिश्नर राजेश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवनिर्मित राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र भवन का मंगलवार को फीता काटकर उद्घाटन किया। कहा कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र का यह नया अध्याय हमारे डिजिटल भविष्य की नींव को और मजबूत करेगा। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कहा कि एनआईसी की स्थापना का उद्देश्य भारत में ई-गवर्नेंस, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से सरकारी सेवाओं की पहुंच को प्रभावशाली, पारदर्शी और जनहितकारी बनाना है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वि./रा. महेन्द्र कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**न्यूज ब्रीफ**

### भूमि विवाद में युवक पर हथियार से हमला

**बीकापुर, अयोध्या :** कोतवाली क्षेत्र के परुआ गांव में भूमि विवाद के चलते रविवार सुबह पड़ोसियों द्वारा धारदार हथियार से हमला करके धर्मेंद्र कुमार (27) को गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में भर्ती कराया गया है। क्षेत्राधिकारी पीयूष ने बताया कि हमले में घायल युवक धर्मेंद्र कुमार के पिता प्रेम प्रकाश की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने गांव के ही निवासी आरोपी राम अनुज, पंकज, अंकुर, इंद्रावती उर्फ मुन्नी एवं निर्मल के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

### 51 कन्याओं का हुआ पूजन, दिया दक्षिणा

**अयोध्या, अमृत विचार :** शिवदयाल जायसवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तुलसीनगर में मातृ भारती के तत्वावधान में 51 कन्याओं का पूजन कार्यक्रम हुआ। शुभारंभ प्रधानाचार्य अवनि कुमार शुक्ल ने किया। कन्याओं के पैर धोकर रोली का टीका करके, चुनरी भेंट कर, फलाहार का प्रसाद ग्रहण कराकर दक्षिणा सहित सम्मान पूर्वक विदा किया। संचालन आचार्या उर्मिला शुक्ला ने किया। इस मौके पर आचार्य लल्ला सिंह, रामजी मिश्रा, मुकेश तिवारी, उर्मिला शुक्ला, विभा तिवारी आदि मौजूद रहीं।

### श्री शतचण्डी महायज्ञ का हुआ समापन

**भेलसर, अयोध्या :** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर में श्री शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया। संयोजन और व्यवस्था राजकिशोर दास के द्वारा की गई। यज्ञाचार्य पंडित राजेन्द्र शास्त्री, पंडित हरीश शास्त्री व आचार्य नीरज मिश्र के वैदिक मंत्रोच्चार और विधि विधान के साथ यज्ञ कराया।

# गुजरात से आये सनातन संघ के चेयरमैन को मिलीं 30 धमकियां

## कोतवाली में दी तहरीर, अलग-अलग नंबरों से आ रही कॉल, पुलिस ने शुरू की जांच

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के गृह प्रदेश गुजरात निवासी सनातन संघ के चेयरमैन चर्चित उपदेश राणा को धमकी का मामला सुर्खी में हैं। उपदेश राणा ने बताया है कि अब तक उन्हें अलग-अलग नंबरों से 30 से अधिक धमकी भरी कॉल आ चुकी हैं। जिसमें उन्हें मार देने और राम मंदिर को उड़ाने तक की धमकी शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति भी असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। तहरीर देने मंगलवार को कोतवाली नगर पहुंचे उपदेश राणा ने मीडिया को बताया कि वह 29 सितंबर को यहां राम मंदिर दर्शन करने आए हैं। तब से उन्हें अब तक लगातार धमकी मिल रही है। उन्होंने बताया कि वह एक होटल में रुके हैं।अब तक आठ नंबर ब्लॉक कर चुके हैं। धमकी देने वाले उनकी लाइव लोकेशन मांग रहे हैं और गोली से उड़ाने की बात कह रहे हैं। बताया कई फोन राम मंदिर को उड़ाने की धमकी के भी आए है। कहा कि उन्होंने कोतवाली नगर में तहरीर देकर अपनी और राम मंदिर सुरक्षा की मांग की है।



नगर कोतवाल को तहरीर देने पहुंचे सनातन संघ चेयरमैन उपदेश राणा।

> उपदेश राणा की तहरीर मिली है। सिविल लाइन चौकी प्रभारी मामले की जांच कर रहे हैं। सर्विलांस सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है। सभी नंबर ट्रेस किए जा रहे हैं। उपदेश राणा का नंबर सर्विलांस पर ले लिया गया है।
>
> -अश्वनी कुमार पांडेय, नगर कोतवाल

# सरकार की लचर पैरवी से शिक्षकों के भविष्य पर संकट :अवधेश

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** 2010 के पहले नियुक्त शिक्षकों को टीईटी के मुक्ति के लिए अध्यादेश जारी करने के लिए उत्तर प्रदेशीय प्राशिसं ने सांसद अवधेश प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। सांसद ने कहा उच्चतम न्यायालय में सरकार की लचर पैरवी के कारण शिक्षकों का भविष्य चौपट होने के कगार पर है। उन्होंने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री से मिलकर प्रकरण पर प्रभावी कार्रवाई कराने का आश्वासन भी दिया। प्रांतीय ऑडिटर जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि खेल शुरू होने के बाद नियम नहीं बदले जाते। जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए भारत सरकार को प्रभावी पहल करनी चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती ने कहा शिक्षकों में असुरक्षा और असंतोष है।



टीईटी को लेकर सांसद अवधेश प्रसाद को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी, महामंत्री डॉ चक्रवर्ती सिंह व अन्य पदाधिकारी।

### शिक्षकों ने निकाला मोटरसाइकिल जुलूस

जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया इसके पहले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्र होकर शिक्षकों ने मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। शिक्षक टीईटी वापस लो, काला कानून वापस लो, शिक्षक एकता जिंदाबाद आदि नारे लगाते हुए सहादतगंज सांसद आवास पहुंचे। इस अवसर पर संजय सिंह, प्रहलाद गौतम, अविनाश पांडे, सत्येंद्र पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



जेबीए में मोहन से महात्मा कठपुतली नाटक पेश करने वाले कलाकार अतिथियों के साथ।

### कठपुतली नाटक की प्रस्तुति देकर जीता दिल

**अयोध्या, अमृत विचार :** इंटैक अयोध्या अध्याय व यश पैका के संयुक्त तत्वावधान में जेबी अकादमी सभागार में रविवार को प्रख्यात कलाकार मिथिलेश दुबे व साथियों ने महात्मा गांधी के जीवन वृत्तांत पर आधारित कठपुतली नाटक की अद्भुत प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। जेबीए प्रधानाचार्य वीके जोशी ने कहा कि इंटैक अयोध्या अध्याय की संयोजक मंजुला झुनझुनवाला के मार्गदर्शन में अवध कला उत्सव के तहत अपनी सांस्कृतिक धरोहर को सहेजने के क्रम में ऐसे कार्यक्रम प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को आयोजित किये जाते हैं। इस अवसर पर इंटैक के सभी सदस्य, विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, छात्र, अभिभावक, हेरिटेज क्लब के सदस्य आदि मौजूद रहे।

## खाद्य पदार्थों की जांच कर दी जानकारी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार:** अयोध्या में आने वाले पर्यटकों को बेहतर खाद्य पदार्थ खाने को मिले, इसको लेकर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने अभियान शुरू किया है। हनुमानगढ़ी के पास फूड सेफ्टी ऑन व्हील पर खाद्य पदार्थों की चेकिंग करके लोगों को जागरूक किया गया। शृंगार हाट के पास की दुकानों से ली गई मिठाई की जांच की गई। इसमें कलर की मात्रा अधिक मिली। खाद्य कारोबार करने वालों को कलर न मिलाने के लिए जागरूक किया गया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एमसी सिंह ने बताया यह एक जागरूकता अभियान था। दुकानदारों को सामान की तत्काल जांच करके बताया गया उनमें क्या सुधार किया जाना चाहिए। अभियान का मकसद अयोध्या आने वाले भक्तों और पर्यटकों को अच्छा खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो।

# अब भाजपाइयों ने लगाए एसडीएम पर आरोप

**मवई, अयोध्या**

**अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एसडीएम और विधायक विवाद में अब नया मोड़ आ गया है। एक ओर जहां दोनों के समर्थक सोशल मीडिया पर भिड़े हुए हैं। वहीं भाजपा नेताओं ने एसडीएम विकासधर दुबे की कार्यशैली पर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

भाजयुमो के पूर्व जिला मंत्री व विधायक जिला प्रतिनिधि तेज तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि वह 25 अगस्त को सहकारी गन्ना विकास समिति गनौली के अध्यक्ष निर्मल शर्मा के साथ तहसील रुदौली पहुँचे थे। जनसमस्याओं को लेकर बातचीत के दौरान उपजिलाधिकारी ने उनका परिचय सुनते ही रूखा व्यवहार किया और अधीनस्थ कर्मचारियों से उन्हें बाहर निकलवा दिया। आरोप लगाया है कि एसडीएम का यह व्यवहार लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ है। भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री माधुरी सिंह ने विधायक रुदौली को पत्र लिखकर शिकायत की है कि ग्राम शाहपुर निवासी महिला कार्यकर्ता स्वीटी द्वारा खरीदी गई भूमि पर निर्माण कार्य रोके जाने की शिकायत को लेकर तहसील दिवस में सुनवाई हो रही थी। आरोप है कि उपजिलाधिकारी ने विपक्षी पक्ष की बात तो सुनी लेकिन स्वीटी की कोई बात नहीं सुनी। जब उन्होंने खुद को महिला मोर्चा की जिला मंत्री बताते हुए निष्पक्ष सुनवाई का आग्रह किया तो उपजिलाधिकारी ने सबके सामने उन्हें फटकारते हुए तुरंत बाहर निकल जाने के लिए कहा। दोनों भाजपा नेताओं का आरोप है कि उपजिलाधिकारी रुदौली का व्यवहार लगातार फरियादियों को अपमानित करने वाला है। यह शासन की मंशा के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि उपजिलाधिकारी के आचरण व व्यवहार की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। वहीं उप जिलाधिकारी, रुदौली विकासधर दुबे ने कहा कि मेरी जानकारी में ऐसी कोई शिकायत या पत्र नहीं है। सभी आरोप निराधार है चाहे पहले के हो या अब। बहुत आवश्यकता है तो इसकी भी जांच करा ली जाए। मैं केवल शासकीय नियमों के तहत अपने कर्तव्य का पालन कर रहा हूं।

## सीएचसी में हुआ विदेशी महिला का सिजेरियन प्रसव

**अयोध्या, अमृत विचार:** रुदौली सीएचसी में अधीक्षक डॉ. फातिमा हसन रिजवी की चिकित्सीय टीम ने ईरान से आई गर्भवती महिला नबीला पत्नी कासन का सिजेरियन प्रसव कराया। यह पहली उपलब्धि है कि किसी विदेशी महिला का सिजेरियन चिकित्सालय में किया गया। जच्चा बच्चा दोनों हो स्वस्थ है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुशील कुमार बानियान ने रुदौली जाकर प्रसूता व नवजात हाल जाना। चिकित्सीय टीम को बधाई दी। निरीक्षण में डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश चौधरी, डीपीएम राम प्रकाश पटेल, डीसीपीएम, मो. हम्माद व मनोज त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्मी मामा को 11 साल की कैद, 51 हजार जुर्माना

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** रिश्ते की भांजी (किशोरी) को मौसी की बीमारी का बहाना बनाकर अगवा करने और उसके साथ चित्रकूट व इलाहाबाद में कई दिन तक दुष्कर्म करने के मामले में मामा को 11 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है। उस पर 51 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की रकम में से आधी पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव की अदालत से मंगलवार को हुआ। पाक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि संजय तिवारी निवासी नंदन का पुरवा थाना पूरा कलंदर अपनी भांजी को 15 मार्च 2015 को मौसी के बीमार होने का बहाना बना इलाहाबाद व चित्रकूट ले गया। दोनों जगह उसके साथ पौने दो महीने तक दुष्कर्म किया। इसकी सूचना पाकर पीड़िता ने संजय के मोबाइल से ही अपने घर वालों को दी। तब आरोपी उसे लेकर किसी दूसरी जगह जा रहा था। रास्ते में दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज के पास पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने संजय के खिलाफ दर्ज कराई थी।

## महिलाओं का सम्मान समाज की जिम्मेदारी

**भेलसर, अयोध्या:** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत डीएसएम लायंस पब्लिक स्कूल रौजागांव में महिला सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने छात्र-छात्राओं से संवाद करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान समाज की जिम्मेदारी है। पुलिस विभाग हर स्तर पर मदद के लिए तैयार है।विशिष्ट अतिथि सीओ आशीष निगम ने साइबर अपराधों से बचाव और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। संस्थापक समाजसेवी डॉ. निहाल रज़ा, कोतवाल संजय मौर्य, क्राइम इंस्पेक्टर शत्रुघ्न यादव, एसआई दीपशिखा सिंह, स्तुति गुप्ता आदि ने आत्मरक्षा के गुर बताए।

# महिलाओं को जीवनशैली में सुधार के सुझाए उपाय

- **एयरपोर्ट पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत महिला स्वास्थ्य पर व्याख्यान आयोजित**

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** राष्ट्रव्यापी स्वास्थ्य अभियान "स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार" के अंतर्गत महार्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी स्वरूप श्रीवास्तव ने महिला स्वच्छता एवं पोषण विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

महिलाओं में व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार, आयरन एवं कैल्शियम की महत्ता, एनीमिया की रोकथाम तथा जीवनशैली में सुधार के उपायों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि स्वस्थ महिला ही परिवार और समाज की सशक्त नींव होती है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों की निरंतरता पर बल दिया। प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। हवाई अड्डा निदेशक विनोद कुमार ने कहा कि कि स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पहल महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और अयोध्या हवाई अड्डा इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा। कार्यक्रम में हवाई अड्डा प्राधिकरण के अधिकारी, एयरलाइंस की महिला प्रतिनिधि, सीआईएसएफ महिला कर्मी व अन्य मौजूद रहे।



एयरपोर्ट पर व्याख्यान में शामिल महिला चिकित्सक व स्टाफ। अमृत विचार

# झिझकें न, खुलकर साझा करें अपनी बात: एसपी

**मिल्कीपुर, अयोध्या**

**अमृत विचार:** बालिकाएं झिझकें नहीं खुलकर अपनी बात पुलिस से साझा करें। कोई भी समस्या आने पर 112 पर कॉल कर सहायता ली जा सकती है, चाहें आपके मोबाइल में बैलेंस हो चाहे न हो फोन पुलिस के पास आएगा। महिला पीआरवी आपको पास पहुंच जाएगी। इसके अलावा छात्राएं 1090 पर भी अपनी शिकायत कर सकती हैं उनकी शिकायत महिला कर्मी ही सुनेंगी और उनकी पहचान भी सार्वजनिक नहीं करेंगी।

ये बातें मंगलवार को एसपी ग्रामीण बलवंत सिंह चौधरी ने कहीं। वह संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में मिशन शक्ति के पांचवें फेज के तहत आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने की सलाह देते हुए कहा कि एपीके फाइल कदापि न खोलें। साइबर ठग बैंक खाते किराए पर लेकर ठगी करते हैं, सावधान रहें किसी दूसरे को अपने खाते को लेन-देन करने के लिए न दें। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि महिला अपराधों से संबंधित मामलों में प्राथमिकता से कार्रवाई की जा रही है। कस्तूरबा बालिका विद्यालय की छात्राओं ने नव दुर्गा के स्वरूप और समाज की बुराइयों और कुरीतियों के संबंध में एक मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। डॉ. एनसी तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक देव कुमार दूबे ने किया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने प्रतिभागी छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सर्वेश तिवारी, निदेशक डॉ. शैलेश कुमार तिवारी, प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार सोनकर, महिला उप निरीक्षक निधि सिंह आदि मौजूद रहे।



संत भीखादास रामजस स्नातकोत्तर महाविद्यालय मोहली में मौजूद एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

## सेवानिवृत्ति पर एडीएम को विदाई

**अयोध्या, अमृत विचार:** अपर जिलाधिकारी भूमि अध्याप्ति अरुण मणि त्रिपाठी अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर 30 सितंबर को सेवा निवृत्त हो गए। उन्हें जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे सहित प्रशासन के अफसरों और कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने अपर जिलाधिकारी त्रिपाठी के कार्यकाल की सराहना की। समारोह में एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह, एडीएम सिटी योगानंद पांडे, एडीएम प्रशासन अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित कलेक्ट्रेट परिवार के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# रालोद अपने बल पर लड़ेगी पंचायत चुनाव

**अयोध्या/सोहावल**

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे ने कहा कि रालोद अपने बल पर पंचायत चुनाव लड़ेगा। रालोद एनडीए में होने के बावजूद किसानों की लड़ाई लड़ता रहेगा। किसान की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। वह मंगलवार को प्रेस क्लब में जिला कार्यसमिति की बैठक और मुबारकगंज में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने कहा राष्ट्रीय लोकदल गांव, गरीब, किसान की पार्टी है। पार्टी पंचायत का चुनाव अपने बल पर लड़ेगी। अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने पार्टी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान में लगने की अपील की।

बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बलराम यादव व मुबारकगंज में अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेष नाथ मिश्र सुडडू मिश्रा ने की । संचालन जिला महासचिव संगठन रामशंकर वर्मा व क्षेत्रीय महासचिव राजेश तिवारी ने किया। दोनों कार्यक्रम में दलित प्रकोष्ठ अवध जोन बेचूलाल ज्ञान, सचिव नेतराम वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरविन्द सिंह महन्थ, युवा रालोद जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अनिल पांडे समेत अन्य लोग मौजूद रहे।



प्रेसक्लब में राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दूबे का स्वागत करते पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

**रुदौली की रामलीला** | विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण किया गया मंचन, सुरसा ने रोका रास्ता, मुख में प्रवेश कर आ गए बाहर

# जामवंत ने याद दिलाया बल, लंका के लिए उड़े बजरंग बली

**भेलसर, अयोध्या**

**अमृत विचार :** रुदौली की रामलीला में सोमवार रात विभिन्न प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया गया। पहले प्रसंग में दिखाया गया भगवान राम की सेना जब समुद्र किनारे पहुंचती है तब जामवंत द्वारा हनुमान को उनका बल दिलाने पर हनुमान लंका जाने के लिए उड़ान भरते हैं। हनुमान का रास्ता सुरसा ने रोका। हनुमान सूक्ष्म रूप धारण कर उसके मुख में प्रवेश कर बाहर आ गए। उनके एक घूंसे के वार से लंकिनी के मुख से खून निकल आया। इसके बाद, एक कुटिया से ''''राम-राम'''' की आवाज सुनकर हनुमान जी अंदर गए, जहां उन्हें विभीषण मिले। ब्राह्मण वेश में हनुमान का परिचय जानने के बाद विभीषण ने उन्हें प्रणाम किया और माता सीता का पता बताया। अशोक वाटिका पहुंचने पर रावण द्वारा सीता जी पर किए जा रहे अत्याचारों से हनुमान व्यथित हो गए। उत्पात मचाने पर हनुमान को रावण के दरबार में लाया गया। अहंकारी रावण ने हनुमान जी की पूंछ में आग लगाने का आदेश दिया। पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने रावण की सोने की लंका को जलाकर उसके अहंकार को तोड़ दिया। मंचन से पूर्व एसडीएम विकासधर दुबे, पुलिस क्षेत्राधिकार आशीष निगम, प्रभारी निरीक्षक रुदौली संतोष मौर्य और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी प्रेमनाथ ने राम की आरती उतारी। श्री रामलीला समिति की ओर से सभी अतिथियों का सम्मान किया गया।समिति निर्देशक कमलेश मिश्रा, मृदुल अग्रवाल व अनुराग अग्रवाल ने एसडीएम व सीओ को स्मृति चिन्ह भेंट किया।



रुदौली की रामलीला में लंका दहन का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार



रुदौली की रामलीला में एसडीएम का स्वागत करते समिति के निर्देशक मृदुल अग्रवाल।

## मेघनाथ के शक्ति बाण से मूर्छित हुए लक्ष्मण

**अयोध्या,अमृत विचार:** रामनगरी चल रही फिल्मी सितारों की रामलीला मंगलवार को गणेश वंदना से शुरू हुई। रामलीला में लंका दहन के बाद हनुमान की वापसी होती है। हनुमान कहते हैं कि लंकापति रावण बहुत अहंकारी है। माता सीता को वापस नहीं करना चाहता है। वहीं विभीषण रावण को माता सीता को वापस कर रामजी से माफी मांगने का सुझाव देते हैं। इससे गुस्साए रावण विभीषण को लंका से बाहर निकाल देता है,तो वह राम की शरण में चले जाते हैं। मेघनाथ और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध होता है। मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो जाते हैं। जामवंत हनुमान जी को उनका बल याद दिलाते है। हनुमानजी सुखेन वैद्य के बताए अनुसार सूर्योदय से पूर्व संजीवनी लेकर पहुंचे। संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलने से राम दल में खुशी की लहर छा जाती है। फिल्मी कलाकारों के इस मंचन को दर्शकों ने खूब सराहा और धार्मिक जयघोषों से वातावरण गूंजायमान हो उठा।

## साले को सात साल की सजा और 25 हजार रुपये जुर्माना

**अयोध्या, अमृत विचार:** जमीन के विवाद में बहनोई को चाकु से गोद कर घायल करने के आरोप में साले को कोर्ट ने सात साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। उस पर 25 हजार जुर्माना भी हुआ है। जुर्माने की संपूर्ण रकम में से 20 हजार घायल को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश अपर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से मंगलवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता विजय कुमार ओझा ने बताया कि घटना 11 मार्च 2018 की है। श्यामलाल जब अपनी ट्यूबवेल पर गए तो वहां राम मूरत ने उन पर चाकू से हमला कर दिया था, जिससे वह घायल हो गए थे। घायल श्यामलाल अपने ननिहाल अटेसर थाना खंडासा में नेवासे पर रहता था। उनके मामा रामनिवास संतानहीन थे। उन्होंने अपनी संपत्ति घायल की पत्नी सावित्री देवी के नाम बैनामा कर दिया था। यह जमीन राम मूरत जो घायल के बड़े मामा के दामाद थे। हड़पना चाहते थे। इसी रंजिश में उन्होंने श्यामलाल पर हमला किया था। इसकी रिपोर्ट श्यामलाल की पत्नी सावित्री देवी ने दर्ज कराई थी।

न्यूज ब्रीफ

### गांधी जयंती पर आयोजित होगा मेला

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** विकासखंड अकबरपुर के अंतर्गत आने वाले भौसिमपुर गांव में दो अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर मेले का आयोजन होगा। यह मेला प्रतिवर्ष गांधी जयंती पर लोक सेवक मंच द्वारा आयोजित किया जाता है। मंच के संयोजक संतराम मौर्य ने बताया कि सन् 2000 से यह मेला गांव में आयोजित किया जाता है। 25 वर्ष पूरा होने पर इस वर्ष मेले का रजत जयंती समारोह भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर गांधी जी को श्रद्धांजलि देकर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। स्थानीय ग्रामीण एवं क्षेत्रीय लोग बढ़-चढ़कर इस मेले में हिस्सा लेते है।

### डीएम ने कोषागार का निरीक्षण किया

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** डीएम डॉ राजा गणपति आर द्वारा वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेंद्र कुमार मौर्य के साथ कोषागार डबल लॉक मे रखे अभिलेखों का सत्यापन किया गया। डीएम द्वारा जनरल स्टॉम्प, कोर्ट फीस टिकट, नोटरी टिकट, राजस्व टिकट, इंडिया इन्शोरेन्स अधिवक्ता कल्याण कारी टिकट एवं बहुमूल्य वस्तुओ का सत्यापन किया गया। अतिरिक्त मुख्य रोकड़िया शिव कुमार गुप्ता एवं कोषागार कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

### किसानों को वितरित किया निशुल्क बीज

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** उप कृषि निदेशक अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित राज्य सहायतित बीज मिनीकिट कृषकों को नि:शुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत किसानों के द्वारा ऑनलाइन आवेदन 8 सितंबर से 13 तक बुकिंग प्रकिया प्रारम्भ की गई थी। ऑनलाइन लॉटरी से 03 अक्टूबर को सुबह 10 .30 बजे से एनआईसी सभागार कक्ष में लाभार्थियों का चयन पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

### गांव के बाहर मिला ड्रोन, फैली दहशत

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में एक गांव के बाहर संदिग्ध परिस्थितियों में एक ड्रोन मिला है। इस घटना ने ग्रामीणों में दहशत फैला दिया है। बता दें कि अहिरौली थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव में उस समय हडक़ंप मच गया, जब गांव के बाहर एक ड्रोन गिरा हुआ पाया गया। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्रोन को अपने कब्जे में ले लिया। ग्रामीणों ने बताया कि जब वह सुबह खेत की तरफ जा रहे थे, तभी यह ड्रोन दिखाई दिया। पहले तो समझ नहीं आया, लेकिन इसमें कैमरा लगा देखकर डर लगने लगा। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बताया कि हमें तिवारीपुर गांव से ड्रोन मिलने की सूचना मिली थी। जिसके बाद ड्रोन को कब्जे में लेकर इसकी जांच एक्सपर्ट से कराई गयी। जिसमें कैमरा जो लगा था वो असली नहीं था। यह काम किसी शरारती तत्व के द्वारा किया गया है।

### दिव्यांगजनों को मिले उपकरण व प्रमाण पत्र

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** सेवा पखवाड़ा के तहत दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा तहसील सभागार अकबरपुर में विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजनान्तर्गत सात दिव्यांगजनों को स्मार्टकेन, दुकान निर्माण योजना के तहत वित्तीय में धनराशि के लिए स्वीकृत 11 लाभार्थियों, दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत धनराशि के लिए स्वीकृत 1 लाभार्थी व नवीन दिव्यांग पेंशन योजना के तहत स्वीकृत 19 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाणपत्र कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद, डीएम अनुपम शुक्ला द्वारा वितरित किया गया।

# कबड्डी: अयोध्या व अमेठी चैंपियन

- राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में आयोजन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राजकीय इंटर कॉलेज के संयोजन में मंडलीय विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता मंगलवार को राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम मकबरा में आयोजित की गई। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में अयोध्या व बालिका वर्ग में अमेठी टीम चैम्पियन रही। मंडलीय क्रीड़ा सचिव धर्मेन्द्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय के साथ प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया।

मंडलीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालिका अंडर-19 वर्ग में बाराबंकी ने सुल्तानपुर को 22-20 से हराया। अमेठी ने सुल्तानपुर को 27-2 से और अंबेडकरनगर ने अयोध्या को 20-15 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में अंबेडकरनगर को 29-19 से पराजित कर अमेठी ने खिताब जीत लिया। अंडर-17 वर्ग में सुल्तानपुर ने बाराबंकी को 16-11 से हराया। अमेठी ने सुल्तानपुर को 15-13 से व अयोध्या ने अंबेडकरनगर को 28-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संघर्षपूर्ण फाइनल में अमेठी ने 15-14 से अयोध्या टीम पर खिताबी जीत दर्ज की। बालक अंडर-19 वर्ग में बाराबंकी ने अमेठी को 19-15 से हराया। सुल्तानपुर ने अंबेडकरनगर को 19-16 से व अयोध्या ने सुल्तानपुर को 19-13 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में अयोध्या ने बाराबंकी को 15-8 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। अंडर-17 वर्ग में सुल्तानपुर ने अंबेडकरनगर को 26-3 से हराया। बाराबंकी ने अमेठी को 20-14 से व अयोध्या ने सुल्तानपुर को 23-9 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया। फाइनल में अयोध्या ने बाराबंकी पर 16-12 से खिताबी जीत हासिल की। इस मौके पर जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अभिषेक सिंह, जयेन्द्र पाठक, विजेन्द्र सिंह, नितिन यादव, नीतू, बिन्दु, लाल शुक्ला मौजूद रहे।



मंडलीय विद्यालयीय कबड्डी प्रतियोगिता के बालक वर्ग के रोमांचक मुकाबले का दृश्य।



जिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते जेबी अकादमी के प्रधानाचार्य वीके जोशी। अमृत विचार

## एनएफसी टीम ने जीती जिला ओपन फुटबॉल ट्रॉफी

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** जेबी अकादमी व पक्का लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय जिला ओपन फुटबॉल प्रतियोगिता में एनएफसी टीम ने ट्रॉफी जीत ली। एएनडी कृषि विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार सिंह व संयोजक जेबी अकादमी के प्रधानाचार्य वीके जोशी ने विजेता टीम को ट्रॉफी व खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में एनएफसी की टीम ने एक्स-जेबीए को पराजित कर चैंपियनशिप अपने नाम कर ली। टूर्नामेंट का संचालन शारीरिक शिक्षा के शिक्षक रवि कुमार के मार्गदर्शन में हुआ। प्रधानाचार्य जोशी ने कहा कि यह आयोजन न केवल उभरते फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए मंच सिद्ध हुआ, बल्कि इसने टीम भावना, अनुशासन व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को भी प्रोत्साहित किया है। इस अवसर पर शिक्षक, छात्र-छात्राएं, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# बालिकाओं की शिक्षा और सम्मान सर्वोपरि : डीएम

- डीएम ने प्राथमिक विद्यालय का किया निरीक्षण, अध्यापकों से ली जानकारी

जिला संवाददात, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर मिशन शक्ति अभियान के तहत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पशियापारा अकबरपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में विधि-विधान के साथ कन्या पूजन सम्पन्न किया गया।

जिलाधिकारी ने उपस्थित बालिकाओं का तिलक लगाकर, पुष्पमाला और चुनरी पहनाई तथा उन्हें भोजन कराकर सम्मानपूर्वक पूजन किया। उन्होंने कहा कि नवरात्रि पर्व भारतीय संस्कृति और आस्था का जीवंत प्रतीक है। अष्टमी और नवमी पर कन्या पूजन मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा और सम्मान का प्रतिरूप है। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य भी बालिकाओं और महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान सुनिश्चित करना है। अतः कन्या पूजन इसी सोच को और सशक्त करता है। इस अवसर पर बालिकाओं को उपहार भी वितरित किए गए। कन्या पूजन कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय की विभिन्न कक्षाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों के शैक्षिक स्तर का अवलोकन करते हुए अध्यापकों से पाठ्य योजना एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों द्वारा किए गए होमवर्क को देखा। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित विद्यालय परिवार और स्थानी लोग उपस्थित रहे।



प्राथमिक विद्यालय पशियापारा में छात्रों से बात करते डीएम अनुपम शुक्ला।

### डीएम ने की भोजन गुणवत्ता की जांच

जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला विद्यालय के रसोईघर में पहुंचे और मिड-डे-मील के अंतर्गत तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने रसोई में उपयोग किए जा रहे खाद्य पदार्थों जैसे तेलए दालए चावलए नमक एवं मसालों की गुणवत्ता का परीक्षण किया और प्रधानाध्यापक एवं रसोईया को निर्देश दिए कि भोजन सदैव निर्धारित मेन्यू के अनुरूपए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्र भवन की दीवारों पर आ रही सीलन एवं वॉल पेंटिंग को देखते हुए अधिशासी अधिकारीए नगर पालिका परिषद अकबरपुर को आवश्यक मरम्मत व सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।

## प्रेमी ने ही की थी छात्रा की हत्या

- पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- पुलिस सभी पहलुओं पर कर रही है जांच

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** जनपद में मालीपुर थाना क्षेत्र के भस्मा चितौना गांव में नाबालिग छात्रा की हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। जांच में सामने आया कि वारदात को अंजाम किसी बाहरी ने नहीं बल्कि छात्रा के ही प्रेमी सनी कुमार ने दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला जनपद के मालीपुर थाना क्षेत्र के भस्मा चितौना गांव का है। जहां 27 सितंबर को एक नाबालिग दलित जो 12वीं की छात्रा थी उसका शव गन्ने के खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। छात्रा की हत्या के बाद गांव में राजनीतिक दलों के लोगों का भी जमावड़ा रहा। परिजनों और ग्रामीणों ने आर्थिक मदद और परिवार के एक सदस्य को नौकरी की मांग की थी। आईजी रेंज अयोध्या प्रवीण कुमार भी गांव पहुंचे थे। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि नही हुई है। पुलिस की गहन जांच में सामने आया कि इस हत्या को मृतका के प्रेमी ने अंजाम दिया, जो मृतका का दूर का रिश्तेदार भी है, जिसका छात्रा से लगभग एक वर्ष से सम्बन्ध था। मृतका अपने प्रेमी पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, जबकि प्रेमी दूसरी लडक़ी से भी बातचीत करने लगा था, इसलिए उसने शादी से बचने के लिए हत्या की साजिश रच डाली। साजिश के तहत उसने हत्या से एक रात पहले वीडियो कॉल के जरिए छात्रा को विश्वास में लिया और उसे अगले दिन मिलने के लिए बुलाया। छात्रा अपने प्रेमी से मिलने के लिए स्कूल जाने के बहाने घर से निकली और गन्ने के खेत में पहुंची। वहां दोनो में बात चीत हुई और प्रेमी ने धोखे से उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक अभिजित आर शंकर ने बताया कि आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया गया है। उसने हत्या की बात स्वीकार की है। पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

## राजस्व निरीक्षक के खाते से ड्राइवर ने पार किए चार लाख रुपये

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** तहसील जलालपुर में तैनात राजस्व निरीक्षक गजेंद्र पाल सिंह का भरोसा उनके ही ड्राइवर ने तोड़ दिया। आरोपी ड्राइवर उमाकांत उर्फ मोनू ने राजस्व निरीक्षक का सिम कार्ड निकालकर अपने मोबाइल में डाल लिया और गूगल-पे के माध्यम से अलग-अलग तिथियों में करीब पांच लाख रुपए निकाल लिए। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पीडित के अनुसार आरोपी ने चार लाख रुपए एक-एक लाख करके ट्रांजेक्शन के जरिए निकाले। रविवार को राजस्व निरीक्षक का पुत्र जब एटीएम से रुपए निकालने गया तो खाते में बैलेंस कम मिला। शक होने पर बैंक स्टेटमेंट निकलवाया गया, जिसमें धोखाधड़ी की पूरी सच्चाई सामने आ गई। राजस्व निरीक्षक ने बताया कि इस पूरे खेल में जमालपुर चौराहे पर स्थित जनसेवा केंद्र का संचालक भी शामिल था।







महिला सुरक्षा

छात्राओं को त्वरित सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों से भी कराया अवगत

# छात्राओं को हिंसा से बचाव के बारे में किया जागरूक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार :** शासन की मंशा के अनुरूप मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला के निर्देशन में 30 सितम्बर को जनपद के विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता और संवादात्मक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आयोजन रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज, नूरे हक गर्ल्स इंटर कॉलेज टांडा, श्याम बिहारी सिंह इंटर कॉलेज सिगवन पुरुषोत्तम पट्टी, राजकीय हाईस्कूल बड़ेपुर चाचिकपुर, बाबू दयाराम आदर्श इंटर कॉलेज सुरजू जमीनपुर, राजकीय हाईस्कूल बसिया तथा श्री शंकर जी इंटर कॉलेज मठिया सहित अन्य विद्यालयों में किया गया। कार्यक्रमों में छात्राओं को सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यातायात नियमों के पालन, महिला सुरक्षा और महिला हिंसा के विरुद्ध कानूनी प्रावधानों पर छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने छात्राओं को आवश्यकतानुसार त्वरित सहायता के लिए उपलब्ध हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया।



छात्राओं को उनके हक के बारे में जानकारी देते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### छात्राओं को किया गया सम्मानित

शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर रामलाल रामफेर इंटर कॉलेज सेवागंज सहित कई विद्यालयों में विधिवत कन्या-पूजन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। छात्राओं का पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया तथा मिशन शक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। मिशन शक्ति 5 .0 के अंतर्गत आयोजित इन कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को आत्मनिर्भर, सजग और सशक्त बनाना है, ताकि वह समाज में अपने अधिकारों और दायित्वों के प्रति पूर्णत: जागरूक होकर अपनी भूमिका निभा सकें।

न्यूज ब्रीफ

### रामलीला का मंचन 11 अक्टूबर से

**लंभुआ, सुलतानपुर अमृत विचार :** श्री जय बजरंग रामलीला समिति दूल्हापुर भगीरथ पट्टी द्वारा आयोजित सात दिवसीय रामलीला मंचन का शुभारंभ 11 अक्टूबर से होगा, जो 17 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यक्रम आयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष कैलाश चंद्र दूबे ने बताया कि मंचन गांव के प्राथमिक विद्यालय के निकट किया जाएगा। इसी दिन मेले का भी आयोजन होगा। समिति के अध्यक्ष रवींद्र बहादुर सिंह ने बताया कि यह रामलीला पिछले 42 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है।

### 4 अक्टूबर को होगा प्रतिमा का अनावरण

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोरोना काल में सेवा देते हुए मृतक हुए डॉ. लक्ष्मीकान्त साहू की स्मृति में उनके पिता ने स्वयं की भूमि पर डॉ. लक्ष्मीकान्त वाटिका बनाकर प्रतिमा स्थापित की है। छोटे भाई आईआरएस रजनीकांत साहू ने बताया कि प्रतिमा का अनावरण 4 अक्टूबर को दोपहर 11 बजे दियरा रोड स्थित वाटिका में होगा।

### ट्रेन से कटा डिलीवरी बॉय का पैर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दरियापुर निवासी अधेड़ डिलीवरी बॉय मो. रज्जब की ट्रेन से कटने से पैर गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा सुलतानपुर जंक्शन की रेलवे लाइन पर शंटिंग इंजन से हुआ। स्टेशन अधीक्षक एल.एल. मीना ने बताया कि दुर्घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। घायल को तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया।

# पॉक्सो के आरोपी ने किया सरेंडर

## अंतरिम जमानत के दुरुपयोग पर पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश ने भेजा जेल



विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** अंतरिम जमानत के दुरुपयोग पर पॉक्सो एक्ट विशेष न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव की अदालत में पॉक्सो एक्ट के आरोपी सौरभ जायसवाल की अंतरिम जमानत खारिज कर जेल भेज दिया। आरोपी ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर नियमित जमानत की मांग की थी।आरोपी की नियमित जमानत पर सुनवाई चार अक्टूबर को होगी।

मोतिगरपुर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने बीते वर्ष थाना मोतिगरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी सौरभ जायसवाल उसकी पुत्री को तीन वर्ष से परेशान कर रहा है। आरोप है कि वह पीड़िता का पीछा करता, अश्लील इशारे करता और गंदे कमेंट पास करता था। इतना ही नहीं, उसने लड़की की फोटो वायरल कर ब्लैकमेल किया और होटल-रेस्टोरेंट में ले जाकर गलत हरकतें करने का भी आरोप लगा है। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने अदालत में कहा कि आरोपी ने अंतरिम जमानत का दुरुपयोग किया और वादी के दरवाजे पर जाकर धमकी दी, जिस पर नया मुकदमा भी दर्ज हुआ है। बचाव पक्ष ने जमानत की दलील दी, मगर अदालत ने गंभीर आरोपों और आपराधिक इतिहास को देखते हुए अंतरिम जमानत प्रार्थना पत्र निरस्त कर जेल भेजने का आदेश दिया।

### डॉक्टर हत्याकांड: बचाव पक्ष की अर्जी खारिज

● मामले में 6 अक्टूबर को दर्ज होंगे बयान

**संवाददाता, सुलतानपुर :** शास्त्रीनगर मोहल्ले में बीते साल हुए संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या से जुड़ा मामला मंगलवार को अदालत में विचारण हेतु प्रस्तुत हुआ। कार्यवाही के दौरान आरोपी अजय नारायण सिंह के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने अभियोजन गवाह स्टेट मेडिको लीगल सेल के डॉक्टर जी. खान को जिरह हेतु तलब करने की मांग की। वहीं आरोपी दीपक सिंह के वकील अयूब उल्ला खान ने 24 व 25 सितंबर 2023 की जीडी तलब करने की अर्जी दाखिल की। वादिनी निशा तिवारी के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने इन मांगों का विरोध करते हुए इन्हें मामले को लंबित करने की कोशिश करार दिया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद बचाव पक्ष की अर्जी खारिज कर दी और आरोपियों के बयान दर्ज करने के लिए 6 अक्टूबर की तारीख नियत की। वादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि इस प्रकरण में मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह, उसके पिता जगदीश नारायण सिंह और ड्राइवर दीपक सिंह पर हत्या, षड्यंत्र और दहशत फैलाने जैसे गंभीर आरोप तय हो चुके हैं। विचारण के दौरान ही आरोपी जगदीश नारायण सिंह की मृत्यु हो चुकी है। एडीजीसी पवन दूबे के मुताबिक, 23 सितंबर 2023 को शास्त्रीनगर में घटी यह सनसनीखेज हत्या पूरे इलाके में दहशत का कारण बनी थी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

### ऋषिकेश हत्याकांड में फैसला 14 को

फास्ट ट्रैक कोर्ट विशेष न्यायाधीश राकेश की अदालत में 15 वर्ष पुराने ऋषिकेश हत्याकांड मामले की सुनवाई मंगलवार को हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष ने बहस की। कोर्ट ने सुनवाई पूरी कर फैसले के लिए 14 अक्टूबर की तारीख तय की है। गौरतलब है कि 9 फरवरी 2008 को कोतवाली नगर क्षेत्र के नया नगर सिरवारा रोड निवासी ऋषिकेश सिंह और पिंटू की हत्या कर दी गई थी। इस घटना में मृतक के बड़े भाई राकेश सिंह की तहरीर पर लोलेपुर निवासी इरफान उर्फ जानी, मन्नान, आजाद, शहजाद, बाबुल और जयसिंहपुर के सौरभ मिश्र के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया था।

### ठगी करने वाले की जमानत अर्जी खारिज

आईएएस की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोपी प्रणव द्विवेदी की जमानत अर्जी अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम संतोष कुमार की अदालत ने खारिज कर दी। एडीजीसी पवन दूबे के मुताबिक आरोपी के विरुद्ध कोतवाली नगर थाना क्षेत्र में 16 जुलाई को मुकदमा दर्ज किया गया था।

### सोनू सिंह के केस में फैसला 4 को

पुलिस पर हमले के मामले में पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू व अन्य के खिलाफ चल रहे केस में मंगलवार को विशेष कोर्ट एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने फैसले के लिए चार अक्टूबर की तारीख नियत की है। कूरेभार थाने में तत्कालीन थाना प्रभारी जेएल सरोज ने पूर्व विधायक व उनके समर्थकों के खिलाफ पुलिस टीम पर हमले व अन्य आरोपों में 24 अगस्त 2006 को मुकदमा दर्ज कराया था।

### जानलेवा हमले के आरोपी को मिली जमानत

**संवाददाता, सुलतानपुर :** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत ने ग्राम अलीपुर सारावा थाना कादीपुर निवासी आरोपी ऋषभ शुक्ल को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। बचाव पक्ष के वकील अंकुर पांडेय के मुताबिक वादी राकेश कुमार वर्मा ने आरोप लगाया था कि बीती 11 मई की रात करीब साढ़े नौ बजे आरोपी ऋषभ शुक्ल ने कुल्हाड़ी से सिर पर प्रहार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गये। साथ ही अन्य सह-अभियुक्तों ने भी लाठी-डंडों व लोहे की रॉड से हमला कर वादी व उसके परिजनों को चोटें पहुंचायीं।

### पूर्व विधायक के केस में बहस 17 को

आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में पूर्व विधायक संतोष पांडेय समेत 11 आरोपियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे की सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया अब 17 अक्टूबर को बहस होगी। मामला 24 फरवरी 2022 का है, जब विधानसभा चुनाव के दौरान बिना अनुमति जनसभाएं करने पर दो एफआईआर दर्ज की गई थीं। कोर्ट में सभी आरोपियों के बंधपत्र पहले ही दाखिल हो चुके हैं।

## नशीला पदार्थ खिला बनाया अश्लील वीडियो

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची शिवगढ़ थाना क्षेत्र की एक अनुसूचित जाति की महिला ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। विवाहिता का आरोप है कि उसके पति परदेश रहते हैं। परिवार के ही विपक्षी तीन लोगों ने उसे नशीला पदार्थ खिला उसका अश्लील वीडियो बना लिए है। अब उक्त लोगों इस वीडियो को वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोगों ने गांव के ही उच्च बिरादरी के एक लोग को साथ लेकर उसे धमकाने के साथ बेइज्जत किया। इसकी शिकायत उसने स्थानीय थाने पर की, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# गांव के दबंगों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा, केस

● दूसरे पक्ष ने भी युवक समेत चार पर दर्ज कराया मुकदमा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** दबंगों ने गांव में ही चाय पीकर घर जा रहे दलित युवक को रास्ते में रोक कर जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। पुलिस ने युवक का मेडिकल करा कर आरोपियों पर दलित उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू की। उधर, पुलिस में दूसरे पक्ष की तरफ से भी दलित युवक समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के गोपाल रायपुर निवासी दलित राम प्रताप ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह सुबह गांव की ही चाय की दुकान पर चाय पीकर अपने घर जा रहा था। तभी गांव के ही कुछ दबंगों ने मां-बहन एवं जाति सूचक गालियां देते हुए लाठी डंडे एवं लात-घूसों से मारने लगे और बोले कि तुमने दिनेश तिवारी से पेड़ क्यों खरीदा। सूचना के बाद घटनास्थल पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही उक्त लोग फरार हो गए। कोतवाली इंचार्ज ने बताया कि दलित युवक की तहरीर पर सुनील वर्मा एवं अनिल वर्मा तथा एक अज्ञात के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, दूसरे पक्ष की तहरीर पर दलित युवक समेत चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस ने कसी कमर

संवाददाता, सुलतानपुर



हस्ताक्षर अभियान के दौरान कांग्रेस में शामिल हुए लोग। ● अमृत विचार

● ब्लॉकवार बैठक कर हस्ताक्षर अभियान को दी जा रही धार

**अमृत विचार:** कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान को तेज करते हुए मंगलवार को भदैंया व दूबेपुर ब्लॉक में बैठकें आयोजित की गईं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बैठक में कहा कि यह अभियान लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि गांव-गांव और प्रत्येक बूथ तक अभियान पहुंचाना उनकी जिम्मेदारी है। राणा ने चेतावनी दी कि चुनाव आयोग और भाजपा का गठजोड़ लोकतंत्र और संविधान के लिए बड़ा खतरा है। उन्होंने निर्देश दिया कि वोट चोरी की वास्तविक जानकारी जनता तक पहुंचाई जाए, ताकि निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

बैठक में वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, सुरेश चंद्र मिश्रा, अतिउल्लाह अंसारी, जमीदार यादव, शीतला प्रसाद तिवारी, रामचंद्र कोरी, फजल रिजवी, हृदय राम चौहान सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी को ब्लॉक और गांव स्तर पर हस्ताक्षर अभियान को मजबूत बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, राहुल गांधी के विचारों से प्रभावित होकर उस्मान खान ने कांग्रेस का दाम थाम लिया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने उन्हें पार्टी का फटका पहनाकर स्वागत किया।

## घर में घुसकर जेवरात व नकदी ले गए चोर

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** बल्दीराय थाना क्षेत्र के ग्राम सघई मजरे ऐंजर में बीती रात अज्ञात चोरों ने प्रदीप पुत्र अशोक के घर के पीछे की दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया और बक्से में रखे जेवरात व 60 हजार रुपये नकद चोरी कर फरार हो गए। घटना के समय घर की महिलाएं अंदर थीं और उन्होंने चोरों को पकड़ने के लिए गुहार लगाई, लेकिन जब तक ग्रामीण इकट्ठा हुए, चोर वहां से भाग चुके थे। गृह स्वामी ने तुरंत डायल 112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास की छानबीन की, लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका। कोतवाल ने बताया कि तहरीर मिल चुकी है और मामले की जांच की जा रही है।

# अष्टमी के हवन से सुगंधित हुआ वातावरण, भक्तों ने रखा व्रत

बल्दीराय, सुलतानपुर



गायत्री ज्ञान मंदिर रसूलपुर में नवरात्र की अष्टमी पर हवन-पूजन करते श्रद्धालु।

● दुर्गा पूजा पंडालों में पूजा-पाठ का दौर जारी

**अमृत विचार:** नवरात्र अष्टमी पर श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम जिले भर में देखने को मिला। जिले भर में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर मां दुर्गा की स्तुति की। बल्दीराय तहसील के रसूलपुर स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ से गूंज उठा। मंत्रोच्चारण और वैदिक विधियों के बीच आयोजित भव्य हवन ने पूरे वातावरण को सुगंधित कर दिया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की और माता रानी से सुख-समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

यज्ञ स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था और प्रसाद व जलपान की विशेष व्यवस्था की गई थी। जय माता दी के उद्घोष और भजनों की गूंज ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। आयोजकों ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस बार भी अष्टमी पर विशेष पूजा एवं हवन का आयोजन किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने सराहनीय बताया। उनका कहना था कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल आस्था को प्रबल करते हैं, बल्कि समाज को संस्कृति और परंपरा से भी जोड़े रखते हैं। मंदिर परिसर में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया।

### कौने फूलवा पे लुभइलू अइहो दुर्गे मइया...

● पटेल नगर में भव्य देवी जागरण, भजन गायक दीनबंधु सिंह ने किया मंत्रमुग्ध

**कादीपुर, सुलतानपुर :** कस्बे के पटेल नगर मोहल्ले में मंगलवार को भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया, जिसमें कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक दीनबंधु सिंह के देवी पचरा मोरे अंगनवा मैया मोरे अंगनवा जगदम्बा मैया... ने श्रोताओं को भाव-विह्वल कर दिया। वहीं मां विंध्यवासिनी जागरण मंच के कलाकार अरुण कुमार श्रीवास्तव का गीत कौने फूलवा पे लुभइलू अइहो दुर्गे मैया... सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। इसके अलावा अमित श्रीवास्तव ने मैया कहवा लगईलू बड़ी देर, पंकज दूबे ने गेंहुआ की बलिया मैया सुगना झुठैले, तथा इंद्र प्रकाश दूबे और प्रवेश ने भी देवी गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम से पूर्व आयोजक विनय कुमार श्रीवास्तव ने मां दुर्गा का पूजन-अर्चन एवं आरती उतारी।

### बीटीसी सहित अन्य पाठ्यक्रम के छात्रों को तोहफा, फिर से भर सकेंगे छात्र वृत्ति फार्म

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** परीक्षा परिणाम देर से आने के चलते बीटीसी सहित अन्य पाठ्यक्रम के हजारों छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ा था। एक बार फिर से महकमे द्वारा उन्हें छात्र वृत्ति फार्म के लिए आवेदन का मौका दिया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक पांच अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। बताते चलें कि वर्ष 2023- 24 में बी टी सी सहित अन्य कुछ पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम देर से आया था। परीक्षा परिणाम जुलाई में आने के चलते उनका डाटा भेजा नहीं गया था। शासन के आदेश से छात्रवृत्ति से वंचित छात्र छात्राओं में खुशी की लहर है।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें



जनसुनवाई करतीं छात्रा माही सिंह। ● अमृत विचार

### मिशन शक्ति: एक दिन की सीओ बनी माही सिंह

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मिशन शक्ति अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे की छात्रा माही सिंह को एक दिन के लिए लंभुआ का सीओ बनाया गया। कार्यभार संभालते ही उन्होंने दो प्रकरणों की जांच कर तत्काल कार्रवाई के आदेश दिए। माही सिंह ने सबसे पहले सीओ कार्यालय का निरीक्षण किया और कार्यालय की कार्यप्रणाली को समझा। इसके बाद लंभुआ कस्बे में जाम की समस्या को लेकर चौराहे पर पहुंचीं और ऑटो व टैक्सी चालकों को सख्त निर्देश दिए कि वे सड़क पर अनावश्यक अतिक्रमण और अव्यवस्थित खड़ा करने से बचें। एक दिन की सीओ बनी माही सिंह की इस पहल से लोगों ने मिशन शक्ति अभियान को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह बेटियों को आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाने की दिशा में मजबूत कदम है।

## डॉ. नरेंद्र बने सपा महाराष्ट्र के प्रदेश महासचिव

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष अबु आसिम आजमी ने डॉ. नरेंद्र शर्मा को पार्टी का प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है। डॉ. शर्मा मूल रूप से लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर, के निवासी हैं और बीते 20 वर्षों से मुंबई के मीरा रोड पर रह रहे हैं। वे कॉरपोरेट जगत में सीनियर पद पर कार्यरत हैं और कई सामाजिक संगठनों से जुड़े हुए हैं। सामाजिक कार्यों और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। उनके मनोनयन पर पूर्व विधायक संतोष पांडेय सहित कई नेताओं और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया।

# बिना सत्यापन 1.41 खातों में जाएगी पेंशन

● महकमा करा रहा था सत्यापन, 45 हजार वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों का ही हो पाया है सत्यापन

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** जिला समाज कल्याण विभाग ने वृद्धा पेंशन के लाभार्थियों की सूची विकास खंडों पर भेज सत्यापन के लिए कहा था। वहीं नगर क्षेत्र की सूची तहसील सदर को भेजी गई थी।

बताते चलें कि वृद्धावस्था पेंशन के जिले में एक लाख 41 हजार लाभार्थी हैं जिनका सत्यापन कराया जाना था। सितम्बर माह के पहले ही सप्ताह में सत्यापन के लिए सूची भेजी गई थी। अभी तक मात्र 45 हजार लोगों का सत्यापन हो पाया है। गौरतलब हो कि अप्रैल, मई व जून की पेंशन जुलाई में भेजी गई थी। वही जुलाई, अगस्त व सितम्बर की पेंशन अक्टूबर माह में जानी है। महकमा बिना सत्यापन कराये ही पेंशन भेजने का काम कर रहा है। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि सत्यापन चलता रहेगा लाभार्थियों के खाते में पेंशन भेजी जा रही है।

### 180 मत्स्य पालकों का विभाग से बनवाया गया केसीसी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मत्स्य विभाग को शासन से मत्स्य पालकों का ऋण दिला उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए केसीसी बनवाए जाने की बात कही गई है। शासन से जारी गाइडलाइन के मुताबिक एक हेक्टेयर पर एक लाख का ऋण दिया जाना है। इसी क्रम में मत्स्य विभाग द्वारा आफिस में कैंप लगा मत्स्य पालकों के दस्तावेज लेकर केसीसी बनवाए जाने की कवायद चल रही थी। मिली जानकारी के मुताबिक शासन से महकमे को एक वित्तीय वर्ष में 400 मत्स्य पालकों के केसीसी बनवाये जाने का लक्ष्य मिला था। जिला मत्स्य अधिकारी रमाकांत पांडेय ने बताया कि सितम्बर माह में उन्हें 160 केसीसी का लक्ष्य मिला था, 180 लोगों के केसीसी के दस्तावेज संबंधित बैंक को भेजे गए हैं।

**सूचना**

पहले मेरा नाम TAHREER JAHAN था अब बदलकर MAHASAR JAHAN हो गया है अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये अन्य कोई नाम नही है। **MAHASAR JAHAN W/o- ABRAR KHAN ग्राम-राजापुर, पोस्ट -बुलबुल नेवाज, जनपद-बहराइच - 271882**

**सूचना**

पहले मेरा नाम सिकन्दर था अब बदलकर SHIKANDAR KHAN हो गया है मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये अन्य कोई नाम नही है। **SHIKANDAR KHAN S/O- आविद खान ग्राम-राजापुर पोस्ट -बुलबुल नेवाज जनपद- बहराइच - 271882**

**सूचना**

मैं निशान्त मिश्रा जानकीपुरम लखनऊ निवासी हूँ। मेरे लड़के की बीमा पालिसी संख्या 277233739 में रूद्रांश मिश्रा नाम दर्ज है। जो कि घरेलू नाम है। जिसके आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में सही नाम अथर्व मिश्रा जो सही नाम है।

**सूचना**

मैं Lubna Aziz Ansari, निवासी 474/113A, Brahma Nagar, Sitapur Road, Lucknow - 226020, Uttar Pradesh, India, यह घोषित करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम गलत रूप से Abul Aziz Ansari दर्ज है, सही नाम Abdul Aziz है। मेरी माता का नाम गलत रूप से Anis Mariyam दर्ज है, सही नाम Anees Mariyam है। कृपया भविष्य में पासपोर्ट रिकॉर्ड में इन्हीं को सही माना जाए।

**NOTICE**

IN my daughter Nandini Singh school records, due to an error, my name has been entered as Nagendra Singh & my wife's name as Mrs. Sheelu Singh. My correct name is Nagendra Singh Tomar & my wife's correct name is Mrs. Sheelu Devi. Nagendra Singh Tomar S/O Man Singh Tomar R/O- 101 Sadanand Nagar, Ahirwan, Kanpur Aff. Dtd 26/09/2025 kanpur Court.

**NOTICE**

I hereby declare that in school records of my ward ABDUL KALAM studying in Stella Maris Convent School Narayanpur in class V-A his Mother's name and date of birth is incorrectly mentioned as SAMA KHAN and Date of birth 28-12-2014 which should be read and written as SAMA and date of birth 28-12-2013 respectively. **MR. AJMAL KHAN S/o LATE AJIT KHAN. R/O VILL. AND POST PAKARPUR, TAHSIL KADIPUR, DIS. SULTANPUR Uttar Pradesh 228161.**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी दोनों पुत्रियां क्रमशः बड़ी पुत्री कृष्णा पत्नी गुड्डू व छोटी पुत्री राजकुमारी पत्नी बाबूलाल के कृत्यों से परेशान होकर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। वह जीवन में इनसे मेरा कोई भी सरोकार नहीं रहेगा। **शत्रोहन पुत्र दुक्खी निवासी ग्राम व पोस्ट फूला, ब्लॉक सिंहपुर, तहसील तिलोई, जिला अमेठी।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री दीपिका पत्नी अखिलेश निवासी शिशुपाल नगर पोस्ट जरियनपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य की मैं उत्तरदाई नहीं होऊंगी। **श्रीमती जमुना देवी पत्नी स्वर्गीय बालक राम निवासी नगला हुसैन पोस्ट कूड़ी थाना पचदेवरा जिला हरदोई।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पुत्र के विद्यालय में प्रवेश के समय उसका नाम LARAIB HUSAIN दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि उसका सही नाम LARAIB HUSSAIN है। जो उसके आधार कार्ड व पैन कार्ड पर दर्ज है। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में उसे LARAIB HUSSAIN के नाम से जाना जाये। **अजफार हुसैन पुत्र असमार हुसैन नि0- 117 मिर्दही टोला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र आदेश सिंह को उसके द्वारा किये गये कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल -अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, तथा संबंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्यों अथवा लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **संजय सिंह ग्रा0- मोहारी कला, पो0- मोहारी खुर्द, गोसाईगंज, लखनऊ।**

हीलाहवाली

अभी भी चार परियोजनाओं पर खाली है सीडीपीओ की कुर्सी, प्रभारी के सहारे ही चलेगी परियोजना

# 69 मुख्य सेविकाएं तैनात, आवंटित हुईं परियोजनाएं

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शासन से बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को 69 नवनियुक्त मुख्य सेविका मिली थी। मुख्य सेविकाओं ने महकमे में अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत की। सभी मुख्य सेविकाओं की योगदान आख्या आ जाने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा उन्हें परियोजनावार तैनाती दे दी है।

लंभुआ परियोजना में एक मुख्य सेविका कार्यरत थी वहां पांच मुख सेविकाओं की तैनाती गई है। इसी तरह कादीपुर परियोजना को सात, प्रतापपुर कमैचा को दो, दोस्तपुर को पांच, बल्दीराय को पांच, अखण्ड नगर को छह, धनपतगंज परियोजना पांच, जयसिंहपुर को छह, कूरेभार को छह, कुड़वार को छह, दूबेपुर को छह, भदैया को दो तो नगर क्षेत्र में चार मुख्य सेविकाओं को तैनाती दी गई है। बताते चलें कि पहले बाल विकास विभाग के पास 85 मुख्य सेविकाओं के सापेक्ष 16 ही कार्यरत थी। वहीं अन्य पद रिक्त चल रहे थे। जिसके चलते विभाग के कार्यों के संचालन में दिक्कत आ रही थी।

### दीक्षांत समारोह में सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को राज्यपाल देंगी किट

आगामी पांच अक्टूबर को डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल होंगी। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा सौ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किट दिया जाना है। जिसके लिए बल्दीराय परियोजना की 50 तो धनपतगंज परियोजना से 50 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शामिल होंगी। जिसकी सूची महकमे द्वारा विश्वविद्यालय को भेज दी गई है। परियोजना पर एकत्रित हुई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सीडीपीओ अजीत कुमार व राजेंद्र प्रसाद लेकर उन्हें विश्व विद्यालय ले जाएंगे। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी भी शामिल होंगे।

### चार परियोजना अभी भी हैं प्रभारी के सहारे

जिले के 14 परियोजनाओं के लिए 14 सीडीपीओ के सापेक्ष महकमे के पास आठ सीडीपीओ हैं। मौजूदा समय में कादीपुर सीडीपीओ के पास दोस्तपुर का अतिरिक्त प्रभार है। वही नगर क्षेत्र की सीडीपीओ ममता नायक के पास दूबेपुर का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं प्रतापपुर कमैचा, अखण्ड नगर, कूरेभार व मोतिगरपुर परियोजना पर सीडीपीओ का प्रभार मुख्य सेविका के पास है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य सेविकाओं की कमी दूर हो गई, संचालन में दिक्कत नहीं होगी। खाली पड़े सीडीपीओ के पद के लिए निदेशालय को पत्र लिखा गया है।

## शोहदों से परेशान हैं सर्वोदय की छात्राएं

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार:** लंभुआ क्षेत्र में स्थित सर्वोदय इंटर कॉलेज की छात्राएं ई-रिक्शा चालकों एवं अराजक तत्वों से परेशान हैं। उनके साथ आए दिन छेड़खानी की घटनाएं हो रही हैं। छात्राएं अपने आप को बहुत ही असहज महसूस करती हैं। उक्त बातें जब प्रधानाचार्य डॉ. गुलाब सिंह को पता चलीं तो उन्होंने सीओ को एक पत्र भेजकर तत्काल इन शोहदों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की। सीओ रमेश ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, मौके पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। आगे से छात्राओं के साथ ऐसी घटनाएं नहीं होगी।

# मिशन शक्ति : 1100 कन्याओं का पूजन कर भोज कराया, दिए उपहार

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति 0.05 अभियान के तहत नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मंगलवार को जिला प्रशासन ने कन्या पूजन महोत्सव का आयोजन किया। मेडिकल कालेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में 1100 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया तथा उपहार दिए गए। कार्यक्रम के तहत 350 छात्राओं को टैबलेट का वितरण किया गया तथा महिलाओं को नौ देवी का सम्मान से सम्मानित किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम भी हुआ।

कन्या पूजन कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा, तरबगंज विधायक प्रेम नरायन पांडेय, सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन ने पहले हवन पूजन किया। इसके बाद कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ। भोज के लिए परिषदीय स्कूलों की छात्राओं को बुलाया गया था। सदर विधायक प्रतीक भूषण ने छात्राओं को भोजन परोसा। वहीं प्रशासन की तरफ से सभी छात्राओं को उपहार दिए गए। नारी सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महिला महाविद्यालय, रघुकुल महिला डिग्री कॉलेज तथा गुरु वशिष्ठ के 350 छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए। टैबलेट वितरित करते हुए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि इससे डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा और बेटियां तकनीकी रूप से सशक्त बन सकेंगी। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम आयोजित कर पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता का संदेश दिया गया।



छात्रा को सम्मानित करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार



भोज करतीं कन्याएं। अमृत विचार

- **350 छात्राओं को वितरित किया गया टैबलेट**

कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित कर उन्हें समाज के प्रति उनके योगदान के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पंचायती राज विभाग तथा पुलिस विभाग की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम में विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह उर्फ मंजू सिंह, आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील, पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक, पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, एसडीएम सदर अशोक कुमार गुप्ता, डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीपीआरओ लालजी दुबे, डीसी एनआरएलएम जेएन राव, जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय उपाध्याय, एडीएसटीओ अरुण कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

### इन्हें मिला नौ देवी सम्मान

मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना मनकापुर की महिला उप निरीक्षक महिमा तिवारी, कंचन सोनी न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, पूनम बाल्मीकि सफाई कर्मचारी, आरती श्रीवास्तव आंगनबाड़ी कार्यकत्री, वंदना मिश्रा सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय पथवलिया दीक्षा श्रीवास्तव स्टेनो जनपद न्यायाधीश, शिम्पी मौर्य माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा ताइक्वांडो खिलाड़ी पलक तिवारी को नौ देवी सम्मान से सम्मानित किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**इटियाथोक।** निपुण भारत मिशन के अंतर्गत प्राथमिक संवर्ग के शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के लिए छह बैचों में कुल 530 शिक्षकों को पांच दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मे शिक्षकों को कक्षा तीन मे लागू की गई। एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित नवीन पाठ्य पुस्तक वीणा, गणित मेला, अंग्रेजी की पाठ्यपुस्तक संतूर तथा कक्षा 4 व 5 की उपचारात्मक और पुनर्वृत्यात्मक शिक्षण योजना के बारे मे बताया गया। सन्दर्भदाता के रूप में राधे रमन यादव, मनोज दीक्षित, दीपक नामदेव, चंद्रशेखर तिवारी, दुर्गा प्रसाद रहे।

### सीएचसी पर लोगों ने किया रक्तदान

**बालपुर, गोंडा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि हलधरमऊ वैभव सिंह उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वैभव सिंह ने रक्तदान किया। अवधेश तिवारी ने भी रक्तदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के दौरान गला, नाक, कान और हड्डी के मरीजों की जांच सम्बंधित डॉक्टरों ने किया। इस दौरान स्वास्थ्य अधीक्षक संत प्रताप वर्मा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष अनंत राम वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### भूमि विवाद में 16 लोगों पर एफआईआर दर्ज

**धानेपुर :** नगर पंचायत धानेपुर के मोहल्ला कालीकुंड के रहने वाले अब्दुल कलाम ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी भूमि नगर पंचायत धानेपुर में होने के कारण काफी कीमती है। इस पर कुछ लोगों की ओर से कूटरचित दस्तावेज के सहारे हड़पना चाहते हैं। इसमें 16 लोग शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि एसपी के आदेश पर धानेपुर के महेंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, कोतवाली नगर महराजगंज के अनिल कुमार, अजीत कुमार, अमित कुमार व अरुण कुमार, कोड़री गांव के सत्यप्रकाश, पिपरा भिटौरा के रामतेज, हरिश्चंद्र व सियाराम, तेंदुआ मोहिनी के सुनील कुमार, आवास विकास कालोनी रामतेज, रिक्खीराम, राजेन्द्र उर्फ हरिश्चंद्र व अमनदीप, शिव प्रताप निवासी अज्ञात कुल मिलाकर 16 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। विवेचना प्रचलित है।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**मनकापुर :** मसकनवा-गोंडा रेलमार्ग पर स्थित लखपत नगर रेलवे स्टेशन के डाउन ट्रैक पर सोमवार सुबह 31 वर्षीय युवक का शव क्षत-विक्षत हालत में पाया गया। स्टेशन मास्टर ने ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की जेब से आधार कार्ड बरामद किया, जिससे उसकी शिनाख्त बलरामपुर जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिसई बेलहा निवासी मनोज कुमार यादव (31) पुत्र दयाराम के रूप में हुई। मृतक की जेब से मुम्बई से गोंडा तक का रेलवे टिकट भी बरामद हुआ। पुलिस का अनुमान है कि युवक नींद में गोंडा स्टेशन पर उतर नहीं पाया और लखपत नगर में हड़बड़ी में ट्रेन से गिर गया। प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों को सूचना भेज दी गई है।

### दो शोहदे गिरफ्तार

**नवाबगंज।** मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण के तहत पुलिस की एंटी रोमियो टीम लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। मंगलवार को महिला उपनिरीक्षक अंतिमा सिंह के नेतृत्व में दो शोहदों को सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं और युवतियों को देखकर छींटाकशी करने और अश्लील गाने गाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना चौराहे से त्रिभुवन यादव और कटरा शिवदयाल गंज के टिकरी मोड़ से शिवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### सौतन की हत्या करने वाली महिला गिरफ्तार

**कटरा बाजार।** चौदहा मेटुकहा गांव में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत मामले में पुलिस ने मृतका के जेठ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर उसकी सौतन को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। बताते चलें कि शनिवार दोपहर गांव गुलाम पुरवा मौजा चौदहा मेटुकहा में गांव के बाहर झाड़ी में गांव की ही महिला राजकुमारी का शव मिला था। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। रविवार को आयी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई थी। राजकुमारी के जेठ गंगाराम की तहरीर पर पुलिस ने उसकी सौतन चंचल के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। मंगलवार को कटरा बाजार पुलिस ने उक्त मामले का खुलासा किया है जिसमें हत्या की आरोपी सौतन चंचल उर्फ आंचल को सुक्खन पुरवा मोड़ करनैलगंज मार्ग से गिरफ्तार किया है।

# तुलसीपुर माझा में पति ने बेरहमी से पीट कर की पत्नी की हत्या

## पहले डंडों से पीटा, फिर साड़ी से गला दबाया, खून से लथपथ मिली लाश

संवाददाता, नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** रिश्तों को कलंकित करने वाली वारदात ने मंगलवार को पूरे इलाके को दहला दिया। नवाबगंज के तुलसीपुर माझा गांव में पति-पत्नी का विवाद इतना बढ़ा कि पति राजू पांडे ने अपनी पत्नी पूनम पांडे उर्फ कान्ती (32) को डंडों से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया और फिर साड़ी से गला कसकर मौत के घाट उतार दिया।

सुबह ग्रामीणों ने मृतका का शव घर से करीब 500 मीटर दूर खून से लथपथ हालत में देखा तो दंग रह गए। चेहरे पर नुकीली वस्तु से वार, सिर पर गहरे घाव और गला दबाने के निशान साफ दिखाई दे रहे थे। इस खौफनाक दृश्य को देखकर गांव में मातम छा गया। मृतका के भाई का आरोप है कि उनके बहनोई और उसके चाचा ने हत्या की है।



पूनम पांडेय (फाइल फोटो)।

अयोध्या के केला लाल खां गांव निवासी ज्वाला प्रसाद मिश्रा पुत्र भगवत ने थाने पर दी गई तहरीर में अपने बहनोई पर हत्या का सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी बहन को उसका पति पहले भी तरह-तरह से प्रताड़ित करता था। सोमवार रात राजू पांडे और उसके चाचा अलखराम ने लाठी-डंडे से पीटकर उसकी जान ले ली। करीब 13 वर्ष पूर्व राजू और पूनम का विवाह हुआ था। पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा किया है। थाना प्रभारी अभय सिंह ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला पति-पत्नी के विवाद का लग रहा है। मृतका को डंडे से पीटने के बाद गला दबाकर हत्या की गई। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं।

### बिखर गया पूरा परिवार

मृतका के बेटे अमर (9) और समर (7) मां की दर्दनाक मौत से स्तब्ध हैं। वहीं सास सरोज पांडे का कहना है पूनम कुछ दिन पहले जेवर लेकर घर से भाग गई थी। वह पति को फोन कर थाने बुला रही थी। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और मामला हत्या तक पहुंच गया। गुजरात के सूरत से करीब 15 दिन पहले लौटा राजू पांडे अब गांव का सबसे बेरहम इंसान कहलाने लगा है। उसकी बेरहमी ने न केवल दो मासूम बच्चों से मां की ममता छीन ली, बल्कि पूरे गांव को हिलाकर रख दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट ही इस सनसनीखेज हत्या की असली कड़ी साबित होगी।

## ट्रेन से टकराई महिला इंजन में फंस कर घिसटता रहा शव

**करनैलगंज :** मंगलवार को जहांगिरवा रेलवे क्रासिंग पर एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जब मथुरा से छपरा जा रही 15110 मथुरा छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से टकराकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गई। हादसा गेट संख्या 288, गोंडा-लखनऊ मार्ग पर जहांगिरवा रेलवे क्रॉसिंग के पास हुआ। अचानक ट्रेन के सामने आ जाने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद महिला का शव ट्रेन के इंजन में फंस गया और करीब 8 किलोमीटर तक रेलवे ट्रैक पर घिसटता हुआ करनैलगंज स्टेशन तक पहुंच गया। करनैलगंज स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद आरपीएफ दीवान संजय सिंह, प्वाइंट मैन और अन्य कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर शव को इंजन से बाहर निकाला और इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी।

## मंडलीय कारागार में निरुद्ध बंदी ने पेड़ से लटक कर दी जान

**गोंडा, अमृत विचार:** मंडलीय कारागार में निरुद्ध एक बन्दी ने अमरूद के पेड़ से लटक कर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

दहेज हत्या के मामले में मंडलीय कारागार में निरुद्ध 26 वर्षीय रमजान नाम के बन्दी ने अमरूद के पेड़ से लटक कर जान दे दी। बताया जाता है कि सोमवार शाम को न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी जेल का निरीक्षण कर रहे थे उसी के कुछ समय के बाद की घटना है। घटना से जेल में हड़कंप मच गया। बताया जाता है जेल अस्पताल के पीछे अमरूद का पेड़ लगा हुआ था उसी पेड़ से लटक कर जान दी गई है। मृतक रमजान के भाई, पिता और माता भी जेल में निरुद्ध हैं जिनको बुलाकर पंचनामा कराया गया।

- **दहेज हत्या के मामले में जेल मं बंद था युवक**

परसपुर के दुरौनी गांव का रहने वाला रमजान दहेज हत्या के मामले में जेल में बंद था। उसके माता-पिता वह भाई भी बंद हैं। एक दिन पहले ही जेल प्रशासन ने परिजनों से मुलाकात भी कराई थी। रमजान की पत्नी भी मिलने आई थी। जेल प्रशासन के मुताबिक रमजान पत्नी के साथ परिवार से अलग रहता था, इसके बावजूद दहेज हत्या में उसे आरोपी बना दिया गया था, जिसको लेकर वह काफी परेशान रहता था। पिता बरकतुल्लाह ने बताया कि रमजान की पत्नी व चार बच्चे घर पर हैं। जेल प्रशासन बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। वहीं नगर कोतवाली पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**पूर्व प्रधान को भेजा अभद्र मैसेज : धानेपुर :** ग्राम पंचायत धानेपुर के पूर्व प्रधान अब नगर पंचायत धानेपुर निवासी मिट्ठू लाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है एक इंस्टाग्राम आईडी से उनके मोबाइल नंबर पर गंदा फोटो भेजा जाता है। इस पर जब उन्होंने उस इंस्टाग्राम पर मैसेज किया इस तरह का मैसेज मत करो किया तो उधर से जवाब आया कि जो कुछ करना हो कर लो। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बताया की अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## चोरों की अफवाह से बाजारों में मंदी

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ड्रोन की अफवाह थम चुकी है, मगर अब चोरों की अफवाह ने बाजार में मंदी ला दी है। इसका असर दुर्गा पूजा और रामलीला पर भी पड़ा है। शाम होते ही करनैलगंज, भंभुआ, चकरौत, चौरी चौराहा और पहाड़ापुर बाजार में सन्नाटा पसर जाता है। रात नौ बजे तक गुलजार रहने वाले बाजार अब जल्दी बंद होने लगे हैं।

व्यापारी महेश मिश्र पिंटू, राहुल सिंह, अशोक सिंघानिया, उमेश मिश्र आदि का कहना है कि अफवाहों से व्यापार ठप हो गया है। थोक व्यापारी रमनदीप सिंह के मुताबिक बड़े ताले, टॉर्च, एलईडी हेलोजन, गुलेल, सीटी, लाठी और हाकी की बिक्री बढ़ गई है। ग्रामीण इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। दुर्गा पूजा पंडालों और रामलीला मैदानों में बीते वर्षों जैसी भीड़ नहीं दिख रही। अफवाह के चलते शहरी क्षेत्र के लोग ही सीमित संख्या में शामिल हो रहे हैं। चोरों की अफवाह के बीच पंचायत चुनाव की सरगर्मियां भी तेज हो गई हैं। चुनावी तैयारी में जुटे लोग ग्रामीणों संग रातभर पहरा दे रहे हैं।

## चोरी समझकर युवक को पेड़ से बांधा, की पिटाई

**खरगूपुर :** चोर समझकर संदिग्ध युवक को ग्रामीणों ने पकड़ कर पेड़ से बांध दिया और पिटाई की। जिसका वीडियो सोशल मीडिया वायरल है। सूचना पर पुलिस उसे थाने ले आई। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेंदुआ चौखड़िया के मजरा तेंदुआ में सोमवार की रात एक संदिग्ध युवक को घूमते देखा। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि पकड़े गए युवक ने अपना नाम श्रवण वर्मा निवासी मोहल्ला पूरे हरवाहन खरगूपुर बाजार बताया। तहरीर मिलने पर आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।



पेड़ से बंधा युवक।

# धान के खेत के पास बाघ! वीडियो वायरल

**नवाबगंज, अमृत विचार:** मंगलवार की शाम जलालपुर गांव और आसपास के क्षेत्रों में एक हिंसक जंगली जानवर के दिखने से ग्रामीण दहशत में हैं। ग्रामीणों का दावा है कि यह जानवर बाघ या तेंदुआ हो सकता है। घटना के समय धान के खेत में मौजूद मोहित और विवाहिता बिंदू पत्नी सूरज ने जानवर का वीडियो और फोटो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो की प्रमाणिकता की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है।

मोहित ने बताया कि मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे मैंने धान के खेत के पास बाघ को देखा और खेत से थोड़ी दूर स्थित अपने घर से वीडियो बना लिया। बाघ हमारी आहट पाकर धान के खेत में घुस गया। बिंदू ने कहा कि मैंने देखा कि खेत के पास एक बड़ी बिल्ली जैसा जानवर घूम रहा था। यह सामान्य बिल्ली से बड़ा था। मैंने डरते-डरते उसका वीडियो बना लिया। ग्रामीणों का कहना है कि जानवर बाघ या तेंदुआ हो सकता है। खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में आग की तरह सनसनी फैल गई। कुछ ही देर में मौके पर पहुंचे सपा नेता महेश सिंह, पूर्व मंत्री पंडित सिंह के पुत्र डा. अभिषेक सिंह और दर्जनों लोग, जिन्होंने धान के खेत में जंगली जानवर की खोज की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

डॉ. अभिषेक सिंह ने कहा कि वन विभाग को घटना के एक घंटे के भीतर सूचना दे दी गई थी, लेकिन मौके पर अभी तक कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो में दिख रहा जानवर बाघ हो सकता है। मौके पर 05 सदस्यीय टीम भेजी गई है। वहां पहुंच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गांव के लोग, शिव प्रसाद, सचिन, झिनकू सिंह, पप्पू सिंह, नागेंद्र सिंह, शिवदीन, वसीम, सूरज, रमापति, सुमन और राहुल सिंह ने कहा कि पहले से ही चोर और ड्रोन से दहशत में थे, अब बाघ के आने की खबर से स्थिति और भयावह हो गई है। बगल के गांव बल्लीपुर के सपा नेता सूरज सिंह ने बाघ का वीडियो अपने फेसबुक वॉल पर पोस्ट करते हुए प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की। जानकारी मिलते ही लौव्वाबीरपुर, मौहारी, बल्लीपुर, खरगुपुर, भोपतपुर, महंगूपुर सहित आधा दर्जन गांवों के लोग सकते में हैं।



धान के खेत के पास बाघ। अमृत विचार

**आस्था** | बड़ी संख्या में श्रद्धालु दुर्गा माता के दर्शन के साथ रामलीला देखने पहुंच रहे

# दशमी व एकादशी को होगा प्रतिमाओं का विसर्जन

संवाददाता, खरगूपुर, गोंडा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में 116 स्थानों पर दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। जहां देर रात तक श्रद्धालुओं की भीड़ जुट रही। वहीं छह स्थानों पर रामलीला का मंचन हो रहा है।

पुलिस चौकी जानकीनगर व पिपरा बाजार क्षेत्र की 24 प्रतिमाओं का विसर्जन दशमी को व खरगूपुर थाना के 91 प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्व परम्परा के अनुसार दूसरे दिन एकादशी को किया जाएगा। स्थानीय नगर पंचायत सहित अलग-अलग स्थानों पर दुर्गा पूजा के अलावा रामलीला मंचन कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। लोग बड़ी संख्या में दुर्गा माता के दर्शन व पूजन-अर्चन के साथ ही रामलीला देखने पहुंच रहे हैं। पुलिस ने दुर्गा पूजा पर्व को भक्तिमय एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ ही पुलिस सक्रिय है। क्षेत्र में पूर्व परंपरा के अनुसार दूसरे दिन 91 दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन अलग-अलग स्थानों पर होगा।

थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि विसर्जन स्थल पृथ्वीनाथ मंदिर स्थित सरोवर सहित अन्य जगहों का भ्रमण कर सुरक्षा के साथ ही व्यवस्था का जायजा लिया जा चुका है। मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए स्थानीय पुलिस के अतिरिक्त मुख्यालय से सुरक्षा बल की मांग की गई है।




खरगूपुर में स्थापित देवी की प्रतिमा। अमृत विचार

## सिटी डायरी

### त्योहारों के दृष्टिगत असामाजिक लोगों पर प्रशासन की नजर

**करनैलगंज, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन और शुक्रवार की नमाज एक साथ पड़ने पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने रणनीति तैयार की है। अब तक करीब 1700 लोगों को किया जा चुका पाबंद एसडीएम नेहा मिश्रा ने मंगलवार को बताया कि करनैलगंज तहसील क्षेत्र में दशहरे के दूसरे दिन प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाता है। उस दिन शुक्रवार की नमाज का भी समय रहेगा। इस स्थिति में तहसील के चारों थानों कटरा बाजार, कौड़िया, परसपुर, करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिसमें कहा गया है कि प्रतिमा विसर्जन की शोभायात्रा में किसी प्रकार की उत्तेजक नारेबाजी, असलहों का प्रदर्शन न हो। जहां जहां शोभायात्रा या जुलूस धार्मिक स्थलों के सामने से निकलता हो वहां सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि करनैलगंज, परसपुर व कटरा बाजार नगर क्षेत्र को अलग अलग जोन में बांट कर वहां पुलिस, पीएसी के साथ मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है। उसके पहले पुलिस सभी धार्मिक स्थलों पर निगरानी के साथ आसपास के मकानों की छतों पर ड्यूटी लगाई जाए, नमाज और विसर्जन का समय अलग अलग होने के बावजूद एहतियातन पुलिस, पीएसी को धार्मिक स्थलों पर तैनात किया जाएगा। तीनों नगर क्षेत्रों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। एसडीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव निकट होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिमा को राजनीतिक रंग न दिया जाए इसके लिए बीट के सभी पुलिस कर्मियों को खाका तैयार कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखने व उन्हें शांति व्यवस्था के तहत पाबंद करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि अब तक करीब 1700 लोगों को पाबंद किया जा चुका है।

### फायरिंग की सूचना से मचा हड़कंप, घंटों हलकान रही पुलिस

**धानेपुर :** सोमवार की शाम को नगर पंचायत धानेपुर के लाली पोखरा गांव की रहने वाली महिला सरिता सिंह ने डायल 112 पुलिस को कुछ लोगों की ओर से घर पर आकर फायरिंग की सूचना देकर खलबली मचा दी। सूचना मिलते ही महकमे में खलबली मच गई। डायल 112 पुलिस के अलावा स्थानीय पुलिस के साथ प्रभारी निरीक्षक भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घंटों तक छानबीन कर जानकारी हासिल की, लेकिन फायरिंग की सूचना देने वाली महिला की कहानी पुलिस के गले नहीं उतरी। सीओ सदर विनय कुमार सिंह ने भी रात में ही घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस घटना को संदिग्ध मान रही है। सीओ सदर विनय कुमार सिंह ने बताया कि गोली चलने की सूचना देने वाली महिला सरिता सिंह और उसके जेठ नारायण सिंह के बीच प्रापर्टी को लेकर विवाद चल रहा है। सरिता सिंह के बेटे ने वर्ष 2022 में विपक्षी पर गोली चलाया था यह मामला विचाराधीन है और ट्रायल पर संभवत: इसी मामले को लेकर महिला सरिता सिंह की ओर फायरिंग की झूठी कहानी गढ़ी जा रही है। ताकि वह भी जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराने में कामयाब हो सके। निरीक्षक अरविंद सिंह ने बताया कि महिला की ओर से अभी लिखित तहरीर नहीं दी गई है, लेकिन महिला की ओर से जिस पर फायरिंग का आरोप लगाया गया है उसे हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है।



देवी जागरण में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार।

### काली माता मंदिर पर हुआ जागरण

**नवाबगंज :** लौव्वाबीरपुर गांव के काली माता मंदिर में सोमवार की रात भव्य जागरण का आयोजन किया गया, जिसने ग्रामीणों के हृदय में भक्ति और आस्था की गहरी लहरें उत्पन्न कर दी। जागरण की शुरुआत समाजसेवी गिरजेश त्रिपाठी लल्लू ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर की। पूरी रात भगवान राम, शिव, विष्णु और हनुमान जी की भव्य झांकियों के माध्यम से भक्तों का मन आनंद और श्रद्धा में लीन रहा। इस भक्ति और आस्था की रात में उदय राजू, ईश्वरदीन, परशुराम, बृजेश तिवारी, पवन यादव, राजाराम, घोलर यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, भक्तिमय वातावरण का हिस्सा बनीं।

### मेघनाथ पराक्रम, लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध की लीला का मंचन



शक्ति बाण लगने पर मूर्छित लक्ष्मण और रामदल के सैनिक। अमृत विचार

**करनैलगंज :** रामलीला के 19वें दिन मेघनाथ पराक्रम, लक्ष्मण शक्ति एवं कुंभकरण वध की लीला का सजीव मंचन किया गया। लीला में दिखाया गया कि मायावी रथ पर सवार मेघनाथ ने रामादल पर धावा बोल दिया। हनुमान, सुग्रीव, जामवंत और श्रीराम से युद्ध के बाद मेघनाथ और लक्ष्मण में भयंकर संग्राम छिड़ा। मेघनाथ ने शक्ति बाण से लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया। मंचन के दौरान अध्यक्ष मोहित पाण्डेय, पंडित रामचरित्र मिश्र, श्रीनाथ रस्तोगी, अंकित आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घाघरा नदी में डूबा बुजुर्ग, तलाश जारी

**बहराइच, अमृत विचार :** थाना मोतीपुर अंतर्गत गिरगिट्टी गांव निवासी मानिकचंद (65) पैर फिसलने से घाघरा नदी में गिरकर डूब गया। लेखपाल मुकेश यादव ने बताया कि मंगलवार की सुबह वृद्ध तेज आंधी एवं पानी के दौरान घर लौट रहा था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह घाघरा नदी में डूब गया। घटनास्थल पर गोताखोरों द्वारा बुजुर्ग की तलाश की जा रही है। राजस्व एवं पुलिस टीम भी मौके पर मौजूद है।

### विसर्जन स्थल पर रहे पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था

**बहराइच, अमृत विचार :** अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने थाना जरवल रोड में पूजा समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। एएसपी ने कहा कि सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। उन्होंने निर्देश दिया कि विसर्जन स्थल के रूट पर बिजली के तार या अन्य अवरोध के संबंध में सबंधित अधिकारी से मिलकर उसे दुरुस्त करा लें। विसर्जन स्थल पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था करायें। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के कार्यक्रमों की वीडियो रिकॉर्डिंग अवश्य कराएं। डीजे संचालक ध्वनि मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करें।

### 17वां सामूहिक विवाह समारोह आज

**बहराइच, अमृत विचार :** मां समय दुर्गा समिति गायत्री नगर काजी कटरा द्वारा निर्धन कन्याओं का 17 वां सामूहिक विवाह समारोह एक अक्टूबर को आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि सिद्धनाथ पीठाधीश्वर , महामंडलेश्वर श्री श्री रवि गिरि महाराज तथा विशिष्ट अतिथि डीएम अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह होंगे।

# दंपति की मौत से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

## आदमखोर भेड़ियों ने किया था हमला, वन विभाग की कार्य प्रणाली से लोगों में रोष

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** कैसरगंज के भेड़िया प्रभावित मझारा तौकली मंझारा तौकली गांव के प्यारेपुरवा में भेड़ियों के हमले से वृद्ध दंपति की मौत के बाद ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। सूचना मिलन के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों को उन्होंने दौड़ा लिया और एसडीओ के वाहन में तोड़फोड़ की।

पूर्व मंत्री पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर शांत कराया। शनिवार को दौरा करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया था कि वह ग्रामीणों को भेड़िए के आतंक से मुक्ति दिलाने का हर संभव प्रयास करें। इस घटना पर जब डीएफओ से बात करने की कोशिश की गयी तो कई बार रिंग जाने के बाद भी फोन रिसीव नहीं किया गया।



पथराव में टूटा वाहन का शीशा।



पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा।



नारेबाजी करते आक्रोशित ग्रामीण ● अमृत विचार

### भेड़ियों के हमले में पहली बार हुईं दो मौतें

ग्रामीणों का आरोप है कि एक भेड़िया को मारने के बाद वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी गश्त नहीं कर रहे थे। भेड़ियों के हमले ने अब तक की सबसे बड़ी घटना को अंजाम दिया। ग्रामीण भी इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि हमला किसी एक भेड़िए ने नहीं किया है बल्कि भेड़ियों के झुंड ने बदले की भावना से गांव में हमला किया है। खेत की रखवाली करने गए दंपति को अपना निवाला बना लिया।

## मामूली विवाद में युवक पर चाकू से हमला

**बहराइच, अमृत विचार :** मां दुर्गा पूजा पंडाल में चल रहे जागरण में मोहल्ले का एक युवक बाइक से पहुंचा। बाइक खड़ी करने को लेकर वहां मौजूद दूसरे युवक से विवाद हो गया। जिस पर उसने चाकू से उस पर हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने उसे इलाज के लिए बहराइच मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे लखनऊ मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया।

घटना कोतवाली बिहार थाना क्षेत्र के सरस्वती नगर की है। सोमवार की रात कल्लू पूजा में शामिल होने गया था। पुलिस ने बताया कि उसने अपनी बाइक पंडाल के पास में ही खड़ी कर दी जिसको लेकर हर्षित श्रीवास्तव ने नाराजगी जताई और दोनों में विवाद हो गया। हर्षित ने उस पर चाकू से कई हमले कर दिये।

# सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो की मौत

**रफ्तार की मार**

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामगांव पुलिस के अनुसार, शिवराज पुत्र मोतीलाल निषाद निवासी गडरियन पुरवा दाखिला दीवान मटेरा थाना खैरीघाट स्कूटी से जा रहे थे। बौडी थाना क्षेत्र में फतेउल्लापुर मोड पर ट्रक से आमने सामने टक्कर हो गयी, जिससे स्कूटी के पीछे बैठी पिंकी देवी पत्नी लाल बहादुर नीचे गिर गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। दूसरे घटना रानीपुर थाना क्षेत्र की है। फूलचन्द (54) निवासी कुट्टी बाजार जिगनिया महिपाल सिंह थाना रानीपुर अपने घर से लक्ष्मण घाट जा रहे थे। तभी रास्तें में अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर चालक और वाहन की तलाश कर रही है।

# बिजली की स्पार्किंग से दुकान में लगी आग

**बहराइच, अमृत विचार :** हरदी थाना क्षेत्र के राजी चौराहा पर स्थित एक दुकान में सुबह बिजली के तार से उठी चिंगारी के चलते आग लग गई। आग ने धीरे-धीरे विकराल रूप धारण कर लिया। कई दुकानें चपेट में आ गई। दुकानदारों ने आग पर काबू पाने की कोशिश की। लेकिन कामयाबी नहीं मिली। जिसके बाद दुकानदारों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। हरदी पुलिस को फोन किया गया। लेकिन फोन नहीं उठाया गया।

राजी चौराहा पर कई दुकानें हैं। सुबह अचानक विद्युत लाइन में स्पार्किंग होने लगी। जिसकी चिंगारी से एक दुकान में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और एक-एक कर कई दुकानें चपेट में आ गई। दुकानदारों ने घटना की सूचना पुलिस को दी इसके बाद फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। हरदी पुलिस और राजी चौराहे चौकी पुलिस ने बताया कि राजी चौराहा पर सुनीता पत्नी मनीष कुमार की राजी चौराहे पर स्थित इलेक्ट्रानिक की दुकान में आग लग गई थी, सूचना पर थाना हरदी पुलिस चौकी प्रभारी ब्लॉक मय पुलिस बल व फायर सर्विस द्वारा आग पर काबू पा लिया गया।

## दुर्गा मंदिर में कन्या भोज का आयोजन

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** प्राचीन दुर्गा मंदिर परिसर में अष्टमी पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने बढ़-चढ़कर कन्या भोज में सहयोग किया। वहीं जगदंबा धर्मार्थ दुर्गा पूजा समिति तूफानी चौराहा जरवल रोड परिसर में हवन पूजन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर सुरेश चंद्र गुप्ता, वीरेंद्र आर्य, राजू बाबू सिंह, संतोष सोनी, श्रीकांत यादव, पिंटू गुप्ता, रामू शुक्ला, शिवनारायण सोनी, निर्मल सोनी, नीरज अग्रवाल, राम रामबख्श सिंह, गिरीशचंद्र शर्मा, विक्की सिंह, भूपेंद्र सिंह, प्रिंस यादव, अमर सिंह, अवधेश सिंह, डॉ. गोपी, राहुल सोनी, गुलजारी गुप्ता, नमन गुप्ता, गुंजन पोरवाल आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगों को दें योजनाओं का लाभ : सांसद

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा पर विकास भवन परिसर में दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द गोंड थे।

उन्होंने विधायक सदर अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि शिवम जायसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, पार्टी पदाधिकारी परशुराम कुशवाहा के साथ दिव्यांगजनों को 10 व्हील चेयर, 05 श्रवण यंत्र (कान मशीन) व 19 स्मार्ट केन/ब्रेल किट इत्यादि का वितरण किया। इसके अलावा नवीन दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र का वितरण भी उन्होंने किया।



दिव्यांग बच्चे को उपकरण प्रदान करते सांसद डॉ. आनंद गोंड। ● अमृत विचार

मुख्य अतिथि सांसद डॉ. गोंड ने कहा कि दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के पीछे सरकार की यही मंशा है कि हाथ, दिव्यांग व्यक्तियों की पेंशन, कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण के माध्यम से सहयोग प्रदान कर उनके जीवन में खुशहाली लायी जाये। सांसद डॉ. गोंड ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों को सरकार द्वारा संचालित अन्य योजनाओं से भी लाभान्वित कराया जाय। ताकि दिव्यांगजन भी अपने जीवन में किसी प्रकार की कमी महसूस न करते हुए दूसरे सामान्य लोगों की तरह अपना जीवन जी सकें। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विकास अधिकारी राजकुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# राम-केवट संवाद सुन दर्शक मंत्रमुग्ध

**संवाददाता, पयागपुर, बहराइच**

**अमृत विचार :** रामलीला महोत्सव में राम और केंवट का संवाद सुन दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। भूपगंज बाजार स्थित रामलीला मैदान पर चल रहे रामलीला महोत्सव में राम केवट संवाद की लीला का मंचन किया गया।

श्री राम, अनुज लक्ष्मण सहित सीता जी के साथ जब गंगा तट पर पहुंचते हैं तो उनके बार-बार कहने पर भी केवट नाव किनारे नहीं लाते है। अंततः केवट की शर्तों को मानकर भगवान नाव पर सवार होकर नदी को पार करते है। इस अवसर पर राम और केवट के संवाद को सुन दर्शक भाव विभोर हो उठते है। रामलीला समिति अध्यक्ष मनोज सोनी, समिति के महामंत्री रोहित शुक्ला, विनय मिश्रा, दानेंद्र शर्मा, राहुल सोनी, दुखहरन शर्मा, उमेश तिवारी, सूरज शर्मा और राजकुमार वैश्य व अन्य पदाधिकारी सहयोग में जुटे रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

# दुष्कर्म पीड़ित बच्चियों के परिजनों को सपा ने दी सहायता राशि

**बहराइच, अमृत विचार :** सुजौली थाना क्षेत्र के विभिन्न मजरों में मध्य जून से 02 जुलाई तक 18 दिनों में एक युवक द्वारा कई बच्चियों का अपहरण कर दुष्कर्म किया गया था। पीड़ित बालिकाओं के परिजनों को समाजवादी पार्टी ने सहायता राशि उपलब्ध कराई।

सपा के जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने प्रकरण की जानकारी अखिलेश यादव को दी थी। उन्होंने प्रत्येक पीड़ित परिवार के लिए 50- 50 हजार रुपए का चेक आर्थिक सहायता के रूप में भेजा जिसे मंगलवार को पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री याशर शाह के नेतृत्व में पीड़ित परिवारों को सौंपा। जिलाध्यक्ष यादव ने बताया कि पूर्व मंत्री और वह स्वयं तथा प्रदेश सचिव महेंद्र चौहान, विधायक गौरव रावत, विधायक आनंद यादव, पूर्व विधायक रमेश गौतम द्वारा ये चेक पीड़ित परिवारों को प्रदान किए गए। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष डा. आशिक अली, उपाध्यक्ष अनिल यादव, उपाध्यक्ष रामजी यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुंदर लाल बाजपेई, महिला नेत्री रेखा राव, महामंत्री सुनील निषाद, युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेश सिंह शैलू, पेशकार राव आदि मौजूद थे।

# तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज ने मारी बाजी

**बैंड प्रतियोगिता**

**संवाददाता, बहराइच**

**अमृत विचार :** जिलास्तरीय बैंड प्रतियोगिता महाराज सिंह इंटर कॉलेज में आयोजित की गई। इसमं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज की बालिका वर्ग की टीम ने प्रतिभाग किया। बालक संवर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच की टीम ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके मुख्य अतिथि महाराज इंटर कॉलेज के प्रबन्धक श्यामकरण टेकड़ीवाल ने किया।



बैण्ड प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि श्याम करण टेकड़ीवाल का स्वागत करते शिक्षक।

प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य महाराज सिंह इंटर कॉलेज व प्रभारी डीआईओएस एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज के संरक्षण में हुआ। निर्णायक मंडल में अरविंद कुमार, अमरेश कुमार एवं शिवांगी राज शामिल थे। तारा गर्ल्स इंटर कॉलेज प्रथम, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज द्वितीय व आर्य कन्या इंटर कॉलेज तृतीय रहा। बालक वर्ग में राजकीय इंटर कॉलेज बहराइच प्रथम रहा।

## भाकियू ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** भाकियू कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ मोहित दूबे को सौंपा। इसमें भाथर चौराहा-नेटहवा बरगदवा मार्ग व कुइया-जैतापुर अयोध्या-चंदनपुर सड़क की खराब स्थिति सुधारने की मांग की गई। ज्ञापन में पचपेड़वा को तहसील घोषित करने की पुरानी मांग दोहराई गई, ताकि लोगों को तुलसीपुर तहसील के लिए 30 किलोमीटर न जाना पड़े। साथ ही राशन कार्ड केवाईसी न होने से गरीब परिवारों के नाम सूची से कटने की समस्या उठाई गई। ज्ञापन सौंपने में घनश्याम भारती, सद्दाम कुरैशी, मोहम्मद आलम, राधेश्याम समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**बढ़ा विवाद**

● पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा

**संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा तुरकोलिया के मजरा खजुरिया में सोमवार की रात दुर्गा पूजा पंडाल में डीजे पर गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। मामला बढ़ते ही दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस घटना में राम भरोसे यादव (50) और मंशाराम यादव (30) गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायल राम भरोसे यादव की हालत नाजुक होने पर परिजन उन्हें सीएचसी पचपेड़वा ले गए, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल और बाद में बहराइच होते हुए लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। प्रभारी निरीक्षक ओपी चौहान ने बताया कि घायल के पुत्र ब्रह्मानंद की तहरीर पर गांव के चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

## बिजली गिरने से युवक की मौत

**बलरामपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर खैराहनिया के मजरे लसोरा में मंगलवार सुबह दिल दहला देने वाली घटना हुई। श्रावस्ती जनपद के नवीन मॉर्डन थाना क्षेत्र के फत्तूपुर तनाज डिगुराजोत निवासी अमरनाथ यादव (40) सुबह करीब नौ बजे पशुओं के लिए चारा काटने गुड्डू गौतम के धान के खेत में पहुंचे थे। तभी अचानक आकाशीय बिजली गिरी और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। अमरनाथ की मौत की खबर मिलते ही परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के भाई हरिप्रसाद ने पुलिस को घटना की सूचना दी। चौकी प्रभारी मथुरा प्रतीक पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पुलिस ने मनचलों पर कसा शिकंजा

**संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत उतरौला पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र में व्यापक चेकिंग अभियान चलाकर मनचलों व ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा कसा। अभियान का नेतृत्व महिला शक्ति केंद्र के अधिकारियों, प्रभारी निरीक्षक उतरौला व मुख्य क्षेत्राधिकारी ने किया।

पुलिस टीम ने जगह-जगह वाहनों की जांच कर मोडिफाइड साइलेंसर, काली फिल्म लगे चारपहिया वाहन, बिना हेलमेट दोपहिया चालक और तीन सवारी बैठाकर चलने वालों के खिलाफ एमवी एक्ट में चालान किया। कार्रवाई से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। इसी दौरान शोहदों व असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके डोजियर भरे गए और कड़ी चेतावनी दी गई।



मिशन शक्ति के तहत युवक से पूछताछ करते पुलिस अधिकारी। ● अमृत विचार

अभियान में सिर्फ सख्ती ही नहीं, बल्कि महिलाओं और बच्चियों के बीच जाकर मिशन शक्ति व अन्य सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि महिलाओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा और नियम तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## रेल ट्रैक के किनारे मिला वृद्धा का शव

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** रामनगर और बिशनपुर टनटनवा के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे सोमवार को एक वृद्धा का शव मिला। शव की पहचान 70 वर्षीया श्याम कली पत्नी शिवदीन, निवासी बिशुनपुर टनटनवा के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार, श्यामकली दो दिन पहले शाम करीब तीन बजे घर से निकली थीं और उसके बाद लौटी नहीं। परिजन तलाश कर रहे थे। सोमवार को उसका शव गांव से लगभग एक किमी दूर रेलवे ट्रैक किनारे मिला। बताया जाता है कि डेढ़ माह पूर्व श्यामकली के बेटे किशन (28) की हादसे में मौत हो गई थी। उसी घटना के बाद से वह मानसिक रूप से बेहद परेशान रहती थी।

# आलिफजोत में कूड़े का अंबार दुर्गंध व बीमारी से जूझ रहे लोग

**संवाददाता, उतरौला बलरामपुर**

**अमृत विचार :** उतरौला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम आलिफ जोत में बीते छह माह से कूड़े का अंबार जमा है। गांव के बीचोंबीच फैली गंदगी से दुर्गंध उठ रही है और ग्रामीण बीमारी व संक्रमण के खतरे के साये में जीने को मजबूर हैं। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बावजूद प्रधान और बीडीओ कार्रवाई नहीं कर रहे। सफाई के लिए महीनों तक सिफारिश करनी पड़ती है, लेकिन हालात जस के तस बने रहते हैं। मास्टर आसिम, अब्दुर्रहमान, अबुल काज़िम व जहीर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि साल भर गंदगी का साम्राज्य कायम रहता है। बदबू और बरसात में कीचड़ की वजह से लोगों का जीना दूभर हो चुका है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है।



गांव में लगा कूड़े का अंबार।

**कार्यक्रम** वात्सल्य संस्था ने सामुदायिक आयोजन से एचआईवी/एड्स जागरूकता बढ़ाई

# कार्यक्रमों से संक्रामक रोगों से बचने का दिया संदेश

**संवाददाता, बलरामपुर**

**अमृत विचार :** वात्सल्य लक्षित हस्तक्षेप योजना के तहत सोमवार को व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें स्थानीय लोगों ने उत्साह से भाग लिया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों द्वारा एचआईवी/एड्स व अन्य संक्रामक रोगों के प्रति संदेश दिया।

कार्यक्रम में जिला क्षयरोग एवं एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉ. अजय कुमार शुक्ला, मुख्य बाल संरक्षण अधिकारी जितेंद्र चौहान, जिला मिशन प्रबंधक प्रशांत श्रीवास्तव, जिला परियोजना समन्वयक अविनाश प्रताप सिंह तथा परामर्शदाता व उपचार केंद्र के कर्मचारी मौजूद रहे।




प्रतिभागी को सम्मानित करते आयोजकगण। ● अमृत विचार

परियोजना प्रभारी जगदीश चौधरी ने प्रतिभागियों को एचआईवी, एड्स, उपदंश, यौन संचारित रोग, हेपेटाइटिस बी और सी जैसी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। मुख्य अतिथियों ने कहा कि संक्रमण से बचने के लिए सुरक्षित आचरण और समय पर जांच आवश्यक है।

अंत में प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और समाज से अपील की गई कि एचआईवी/एड्स प्रभावित व्यक्तियों के साथ भेदभाव न करें, बल्कि सहयोग और सम्मान दें।

कार्यक्रम की सफलता में राकेश तिवारी, पुनम कुमारी, जाबाज़, ओमप्रकाश, निक्की देवी, कौशलेंद्र और प्रदीप का योगदान सराहनीय रहा। इस आयोजन ने समाज में स्वास्थ्य जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया।



पूर्व सांसद के जन्मदिन पर मरीजों को फल वितरित करते लोग। ● अमृत विचार

### सेवा दिवस के रूप में मना पूर्व सांसद का जन्मदिन

**बलरामपुर, अमृत विचार, अमृत विचार :** पूर्व सांसद दद्दन मिश्र का जन्म दिवस पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने सेवा दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया। कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में पूजा कर उनके दीर्घायु होने की कामना की। वहीं जिला मेमोरियल अस्पताल और तुलसीपुर सीएचसी सहित विभिन्न अस्पतालों में भर्ती मरीजों को फल और मिठाई वितरित किए गए। भाजपा नेता विनय प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि दद्दन मिश्र ने हमेशा बिना भेदभाव जनता के हितों की लड़ाई लड़ी है। जिला महामंत्री बरुण सिंह मोनू ने बलरामपुर और श्रावस्ती के विकास के लिए उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मिश्र, विधायक पलटू राम, शांति भूषण शुक्ल, सरदार संप्रीत सिंह, प्रदीप सिंह, सुजीत शुक्ला, अतुल तिवारी, शिवम पांडेय, चंद्र प्रकाश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### नागरिक कल्याण योजना के तहत बांटा कृषि यन्त्र

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** एसएसबी वा पुलिस की संयुक्त नागरिक कल्याण वा मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। सोमवार को शहीद आजम भगत सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बजहा कैम्पस में नागरिक कल्याण, मिशन शक्ति के तहत क्षेत्र के किसानों में कृषि यन्त्र वितरित कर कृषि खेती करने में सहायक प्रदान हो सकें। प्रभारी कमाण्डेण्ट एल आशा कुमार ने किसानो में फावड़ा, खुरपा, सब्बल, हंसुआ, सुइला सहित चालीस लोगों में वितरित किया। मिशन शक्ति के तहत कोतवाली की महिला सिपाही मनीषा शर्मा ने कार्यक्रम में आई महिलाओं को जागरूक करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार की सुरक्षा नीतियों के बारे में जानकारी दी। 1090,1076,181,1098 आदि नम्बरों पर सूचना देकर पुलिस से सुरक्षा सम्बधित मदद प्राप्त कर सकती है।

### नकली दवा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनवा एवं पुलिस के संयुक्त दल के जवानों ने नशीली दवाओं के साथ एक व्यक्ति नेपाली को पकड़ा। सूचना के आधार पर सीमा स्तंभ संख्या 556/1 के समीप से नशीली दवाओं की तस्करी होने वाली है। समवाय कमांडर के उपस्थिति में उस व्यक्ति की तलाशी ली गई जिसमें उसके पास से 118 नग नशीली दवा बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम गाऊवर(20) सिहोखोर,कपिलवस्तु नेपाल बताया। संयुक्त नाका दल द्वारा सभी दवाओं को जब्त कर तस्कर सहित पुलिस थाना शोहरतगढ़ को सुपुर्द कर दिया गया।

### 14 वें दिन भी रेलवे ने चलाया स्वच्छता अभियान

**गोरखपुर, अमृत विचार :** रेल यात्रियों को स्वच्छ एवं साफ सुथरा वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2025 तक स्वच्छता ही सेवा अभियान के चौदहवें दिन 30 सितम्बर को पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ, वाराणसी, इज्जतनगर मंडलों के प्रमुख स्टेशनों पर एवं रेलवे कालोनियों में स्वच्छता सम्बन्धी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अन्तर्गत स्टेशनों पर प्लेटफॉर्, प्रतीक्षालय एवं कार्यालयों तथा रेलवे ट्रैक के किनारों की सफाई की गई। 30 सितम्बर को लखनऊ मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत अनुबंध के आधार पर कार्यरत कर्मचारियों एव रेलकर्मियों द्वारा रेल परिसर, प्लेटफार्मो, वाटर बूथ, प्रतीक्षालयों, कार्यालयों तथा ट्रैक के दोनों किनारों की सफाई की गईं। गोंडा के रेलवे कालोनियों में सफाई अभियान चलाकर वृहद सफाई की गई। निरीक्षकों द्वारा प्रमुख स्टेशनों के वाटर बूथ पर पानी की शुद्धता की जाँच की गई। यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं टेनों में प्लास्टिक के उपयोग को कम करने एवं स्वच्छता को बनाये रखने हेतु जागरूक किया गया।

# लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र कुशीनगर की कुलकुला देवी

## दुर्गा सप्तशती में है कुलकुला देवी का वर्णन, दो संप्रदाय से जुड़ी है देवी की पिंडी

उपेंद्र तिवारी, कुशीनगर

**अमृत विचार :** वैसे तो देश और दुनिया में मां दुर्गा के अनेकों शक्तिपीठ है लेकिन कुशीनगर के कुलकुला देवी का स्थान युगों से आस्था का केंद्र बना हुआ है। नवरात्र में दूर-दराज के श्रद्धालु मां कुलकुला देवी के दर्शन को पहुंचते हैं। देवी मां की महिमा की बात यहां आने वाला हर भक्त करता है। दिलीप नगर स्टेट कुलकुला देवी का वर्णन दुर्गा सप्तशती में मिलता है। प्रथम अध्याय में माता दुर्गा को गुजरात प्रांत के राजा सूरत के जरिए पूजे जाने का भी उल्लेख इसकी प्राचीनता और ऐतिहासिकता को प्रमाणित करता है।

कुलकुला में माता की दो पिंडियां हैं। एक का संबंध शैव संप्रदाय से है तो दूसरी पिंडी का संबंध वैष्णव संप्रदाय से माना जाता है। शैव संप्रदाय से जुड़ी पिंडी जंगल के बीचों बीच है जिसे शैव संपद्राय का माना जाता है। इसी पिंडी का संबंध दुर्गा सप्तशती में वर्णित राजा सूरत की कहानी से है। विदेशी आक्रांताओं से हारने के बाद राजा सूरत के गुरु ने इस स्थान (कुकुत्था) की चर्चा की। तीन नदियों (हिरण्यवती, कामावती, रमावती) के संगम तट पहुंचकर शक्ति की आराधना की सलाह दी थी। बेंतों से घिरे इस जंगल में स्थित माता की पिंडी के सामने आराधना कर शक्ति प्राप्त करने के बाद राजा सूरत ने अपने खोए राज्य को पुनः प्राप्त किया था।



पिंडी के रूप में मां कुलकुला देवी। विचार

### अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने किया था पूजन

जनश्रुतियों के मुताबिक दूसरी पिंडी का संबंध महाभारतकालीन पांडवों से है। अज्ञातवास के दौरान पांडवों ने यहां कुछ दिन बिताए थे। भगवान कृष्ण ने पांडवों को इस स्थान में बारे में बताया था। हिरण्यवती, कामावती और रमावती नदियों के संगम (वर्तमान में तिरमुहानी घाट) पर निवास करते हुए शक्ति की आराधना करने को कहा था। फिर पांडवों ने यहां आने का बाद माता दुर्गा की एक पिंडी स्थापित की। उनके पूजन-अर्चन में अपना समय बिताया। माता से विजयीभव : का आशीर्वाद प्राप्त किया। तंत्र साधना का उपयुक्त स्थान शैव सम्प्रदाय से जुड़ी पिंडी तंत्र साधकों के लिए उपयुक्त स्थान माना जाता है। चैत्र रामनवमी में यहां कोलकाता, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात आदि स्थानों से तांत्रिक आते हैं और नौ दिनों तक रहकर तंत्र साधना में विलीन रहते हैं।

### किंवदंतियों और वन्यजीवों का संगम

यह किंवदंती के अनुसार कुलकुला स्थान पर देवी के अवतरित होने का श्रेय रहसू गुरु को भी दिया जाता है। मान्यता है कि देवी ने यहां मदनपुर जाने के पूर्व क्षण भर विश्राम किया था। माता दुर्गा ने हिरण्यवती नदी के तट पर जल ग्रहण किया था। वैष्णव सम्प्रदाय से जुड़ा देवी पीठ एक चहारदीवारी से घिरा है। उपर छत डालने का कोई भी प्रयास सफल नहीं हुआ। दिन भर में छत का काम होता था और रात में यह गिर जाता था। किंवदंती है कि छत बनाने का प्रयास जिन भक्तों ने किया, उन्हें नुकसान उठाना पड़ा। चैत्र नवरात्रि में तो यहां पशुओं का बहुत बड़ा मेला लगता था। यह पशु मेला यूपी और बिहार में मशहूर था। देवी स्थान के चार वर्ग किमी क्षेत्र में फैले घने जंगल को वन विभाग ने संजय वन घोषित कर रखा है। यहां सैकड़ों की संख्या में विचरते लंगूर और मोरों का बसेरा है। यहां स्वच्छंद तरीके से विचरण करने वाले अजगर,हिरन और नीलगाय लोगों के कौतूहल के विषय हैं। सच्चे मन से जो भक्त मत्था टेकता है उसकी हर मनोकामना मां पूरी करती हैं यहां से कोई निराश नहीं जाता।



पंडाल में मां दुर्गा का पूजन-अर्चन करते हैं श्रद्धालु। अमृत विचार

# दुर्गा प्रतिमाओं के पट खुले

संवाददाता, कुशीनगर

- जय माता दी के जयकारों से गूंजा क्षेत्र, उमड़ी भक्तों की भीड़

**अमृत विचार :** जिले के विभिन्न इलाकों में बने पूजा पंडालों में दुर्गा प्रतिमाओं के पट खुलते ही जय माता दी के जयघोष से पंडाल गूंज उठे। व्रती महिलाओं व पुरुषों ने मां दुर्गा की आराधना कर व्रती महिलाओं ने मां दुर्गा को लाल चुनरी और नारियल चढ़ाया।

आरती के समय पंडालों में काफी भीड़ देखी गई। शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना व उपासना के लिए जिले की देवी मंदिरों में दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लोग कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। मंदिरों के बाहर मेले जैसा माहौल रहा। फल,फूल प्रसाद नारियल एवं चुनरी की दुकानें सजी रहीं। चारो तरफ शंखनाद एवं श्रद्धालुओं के जयघोष से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय रहा। हाटा क्षेत्र के सिद्ध पीठ करमहा मंदीर, हाटा काली मंदिर, बन्चरा देवी, मंझंरिया देवी,चेड़ा देवी, सोनमती देवी मंदिर, कसया के कुलकुला देवी मंदिर, खन्हवार देवी मंदिर, मदनपुर देवी,खिरकियां देवी मंदिर, सहित अन्य देवी मंदीरों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। वही जनपद के विभिन्न नगरों सहित ग्रामीण इलाकों में देर रात तक चहल-पहल रही, पंडालों में भजनों की वर्षा होती रही और श्रद्धालु मां के दर्शन को उमड़े रहे। बच्चों संग बड़ों ने मेले का लुत्फ लिया। प्रशासन की ओर से मेले में गड़बड़ी फैलाने वालों व अराजक तत्त्वों पर रोक लगाने की चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी।

# भाजपा नेता श्याम जायसवाल ने बढ़नी में किया अष्टमी पूजन

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** विधानसभा शोहरतगढ़ के वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी श्याम जायसवाल नवरात्र के अष्टमी के दिन नगर पंचायत बढ़नी में माता रानी के विभिन्न पण्डालों में पहुंचकर मां भगवती का पूजन अर्चनकर आशीर्वाद लिया। वहीं पंडाल कमेटी के सभी सदस्य को अंग वस्त्र देकर उनका आभार व्यक्त किया। वरिष्ठ भाजपा नेता व समाजसेवी श्याम जायसवाल ने कहा आज हम सब नवरात्र के इस पावन अवसर पर एकत्र हुए हैं, जो पूरे भारतवर्ष में बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह नौ दिनों का उत्सव देवी दुर्गा के नव रूपों की आराधना को समर्पित है और यह हम सभी को आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से जोड़ता है। यह त्योहार केवल देवी दुर्गा की पूजा का ही नहीं, बल्कि नारी शक्ति को सम्मान देने का प्रतीक है।



इस पावन अवसर पर माता रानी से क्षेत्र के सभी परिवारों के सुख, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना किया। इस शुभ अवसर पर बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि, समाजसेवी ध्रुव चतुर्वेदी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थनगर विनीत कमलापुरी, आदित्य कुमार, सोनू कश्यप, अमित उपाध्याय, मनोज यादव, संजय कुमार, सन्तोष कुमार, गंगा सिंघानिया, त्रियुगी अग्रहरि, राजेन्द्र कुमार, आकाश कुमार, हिमांशु कुमार, विमल अग्रहरि, सन्तोष त्रिपाठी, दीनदयाल जायसवाल, सन्तोष साहू, राजू अग्रहरि, शिवमंगल गुप्ता, राम दूबे, सुनील गुप्ता, विकास कुमार, शुभम वर्मा, पिन्टू कुमार, निखिल गुप्ता, अमरनाथ सोनी, हरिओम अग्रहरि, दुर्गानन्द उपाध्याय, रामधनी, निखिल वर्मा, मुकेश कुमार सहित अन्य तमाम सम्मानित जनता जनार्दन उपस्थित रहे।

# श्रीराम जानकी मंदिर में सम्पन्न हुआ दुर्गा पूजा फलाहार कार्यक्रम

संवाददाता,शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार :** नवरात्र के पावन अवसर पर सोमवार को शोहरतगढ़ स्थित श्री राम जानकी मंदिर में दुर्गा पूजा के अन्तर्गत फलहार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत इस आयोजन में नगर सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि डुमरियागंज के पूर्व विधायक राघवेन्द्र सिंह ने मां दुर्गा की विधिवत आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दुर्गा पूजा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि शक्ति, भक्ति और सामाजिक सौहार्द का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से मां दुर्गा की स्तुति की, भजन-कीर्तन में भाग लिया और फलाहार ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था की बेहतर तैयारी देखने को मिली। मंदिर समिति की ओर से मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया गया। समिति सदस्यों ने बताया कि हर वर्ष यह आयोजन श्रद्धालुओं की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए पूरी श्रद्धा और व्यवस्था के साथ किया जाता है, जिससे धार्मिक मूल्यों को और बल मिले। इस अवसर पर रामदेव कसौधन, राधेश्याम पटवा, जवाहरलाल, प्रदीप मद्धेशिया, अनिल गुप्ता, वीरेन्द्र कसौधन, चिन्कू अग्रहरि, विकास तिवारी, सन्तोष अग्रहरि, अनिल जायसवाल, शिवा, भोला पाण्डेय, श्याम सलोने यादव, संकटा प्रसाद, हरिशंकर प्रजापति, सरवन चौहान, रवि तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष पद पर विवाद

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में दुर्गा पूजा संचालन समिति अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी निर्वहन करने को लेकर मंगलवार की सुबह श्रीराम जानकी मंदिर शोहरतगढ़ में शोभायात्रा में शामिल होने वाले श्रीराम दरबार रथ की रंगाई पुताई को लेकर दोनों पक्षों में तकरार और वाद विवाद होने लगा। इस पर अभय प्रताप सिंह ने कहा कि सुभाष गुप्ता अपने आगे किसी को भी दुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष नहीं बनने देते थे, उन्होंने कहा था कि नगर पंचायत अध्यक्ष शोहरतगढ़ ही संचालन की जिम्मेदारी संभालेगा। अपने बड़ों का सम्मान करना समाज के हित में है। इस पर कटाक्ष करते हुए सौरभ गुप्ता ने कहा कि प्रशासन की देख-रेख में अध्यक्ष पद चुना जाना मैं स्वीकार नहीं करता हूं। प्रशासन कौन होता हैं, जिनना संचालन समिति का अध्यक्ष चुनना है। नगरवासियों ने दुर्गा पूजा संचालन समिति का अध्यक्ष मुझे चुना है और मैं ही संचालन करुंगा देखते हैं, प्रशासन कैसे रोकते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रवि अग्रवाल व जयप्रकाश वर्मा ने कहा कि प्रशासन की देख-रेख में लाटरी पद्धति से अध्यक्ष का चुनाव हो चुका है, वहीं मान्य होगा और उन्होंने कहा कि दुर्गा पण्डाल समितियों ने ही कहा कि अध्यक्ष पद का दायित्व सतीश मित्तल ही करेंगे।

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी इटियाथोक, गोण्डा।**

पत्रांक 6096/लेखा/मनरेगा/वाहन/2025-26 दिनांक 29.09.2025

**अल्पकालीन निविदा**

महात्मा गाँधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो के स्थलीय सत्यापन/शासकीय कार्यो हेतु विकास खण्ड स्तर पर सरकारी वाहन की अनुपलब्धता होने की दशा में किराये पर एक अदद युटिलिटी वेहिकिल का आवश्यकता है जिसकी वैधता तिथि 01 वर्ष होगी जिसके लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा दिनांक 30.01.2025 से 05.10. 2025 तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 05.10.2025 को शाम 04.00 बजे निविदा समिति के समक्ष विकास खण्ड कार्यालय में खोली जायेगी।

**नियम एवं शर्ते :-**

1- आर0टी0ओ0 के द्वारा प्रदत्त टैक्सी परमिट।

2- वाहन का इन्श्योरेंश व चालक का ड्राइबरिंग लाइसेंस आदि होना अनिवार्य है।

खण्ड विकास अधिकारी
इटियाथोक-गोण्डा।

# व्यापारियों के साथ पूर्व विधायक ने साझा किए जीएसटी सुधारों के लाभ



**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा बीते 22 सितंबर से लागू किए गए जीएसटी सुधारों के बाद भाजपा ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत व्यवसायी संपर्क अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में मंगलवार को पूर्व विधायक डुमरियागंज राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कस्बे के दुकानदारों व व्यापारियों से मुलाकात कर जीएसटी के नए प्रावधानों से होने वाले लाभों पर चर्चा की। इस दौरान व्यापारियों ने जीएसटी में हुए सुधारों को लेकर मिष्ठान वितरित किया और घटी जीएसटी मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार ... के नारे भी लगाए। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी समाप्त कर दिया है, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिली है।

# दरभंगा-मदार अमृत भारत ट्रेन 3 अक्टूबर से नियमित चलेगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे की पहली 'अमृत भारत एक्सप्रेस' ट्रेन का नियमित संचालन शुक्रवार 3 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। 29 सितम्बर को 05587 दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत उद्घाटन विशेष गाड़ी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ किया गया था।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि अब इस गाड़ी का नियमित संचलन 3 अक्टूबर, 2025 से प्रत्येक शुक्रवार को मदार से 19623 मदार-दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस एवं 05 अक्टूबर, 2025 से प्रत्येक रविवार को दरभंगा से 19624 दरभंगा-मदार साप्ताहिक एक्सप्रेसके रूप में किया जाएगा। ये ट्रेनें गैर-वातानुकूलित श्रेणी की प्रीमियम ट्रेनें हैं।19623 मदार-दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 03 अक्टूबर से प्रत्येक शुक्रवार को मदार से 21.25 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे जयपुर (23.20), कानपुर सेंट्रल (08.25), लखनऊ के ऐशबाग (10.10) और बादशाहनगर (10.33) होते हुए गोरखपुर जं. पर 16.00 बजे पहुंचेगी। यह कप्तानगंज, रक्सौल, सीतामढ़ी होते हुए तीसरे दिन दरभंगा 00.45 बजे पहुचेगी।

19624 दरभंगा-मदार साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 05 अक्टूबर से प्रत्येक रविवार को दरभंगा से 04.15 बजे प्रस्थान कर सीतामढ़ी, रक्सौल होते हुए गोरखपुर जं. पर 15.00 बजेपहुंचेगी। यह गोंडा, कानपुर सेंट्रल (22.10) और जयपुर (10.35) होते हुए दूसरे दिन मदार 13.20 बजे पहुंचेगी। इस अमृत भारत एक्सप्रेस में सामान्य द्वितीय श्रेणी के 11, शयनयान श्रेणी के 08, पैंट्रीकार के 01 तथा एल.एस.एल.आर. डी. के 02 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाए जाएंगे।

यात्रियों की सुविधा के लिए कोचों में कई आधुनिक फीचर जोड़े गए हैं, जिनमें फोल्डेबल स्नैक्स टेबल, मोबाइल होल्डर, बॉटल होल्डर, रेडियम फ्लोर स्ट्रिप्स, आरामदायक सीटें और बेहतर बर्थ शामिल हैं। सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए, हर शौचालय में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक फ्लशिंग प्रणाली, ऑटोमैटिक सोप डिस्पेंसर और फायर सप्रेशन सिस्टम जैसी सुविधाएं दी गई हैं। ट्रेन में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय, हर यात्री के लिए फास्ट चार्जिंग पोर्ट और पेन्ट्री कार जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जो यात्रा को सुखद बनाएंगी।

# पूर्वोत्तर रेलवे में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग पर दिया जोर

संवाददाता,गोरखपुर

**अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे में सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास जारी है। यह बात अपर महाप्रबन्धक विनोद कुमार शुक्ल ने 30 सितम्बर 2025 को महाप्रबन्धक सभा कक्ष, गोरखपुर में आयोजित क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे का यह क्षेत्र हिन्दी के प्रयोग-प्रसार में अग्रणी है। हिन्दी दिवस और अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के अवसर पर 15 सितम्बर को गांधीनगर, गुजरात में गोरखपुर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति को हिन्दी के सर्वाधिक प्रयोग के लिए 'प्रशंसनीय पुरस्कार' प्रदान किया गया है, जो हर्ष का विषय है। बैठक में यांत्रिक कारखाना/इज्जतनगर एवं ईएनएचएम विंग द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों मंडलों के अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी, कारखानों एवं उत्पादन इकाइयों के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं उनके प्रतिनिधि तथा वरिष्ठ पर्यवेक्षक उपस्थित थे। अपर महाप्रबन्धक ने राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की अच्छी स्थिति पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे समय-समय पर साहित्यकारों की जयन्तियाँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर राजभाषा के प्रयोग-प्रसार में वृद्धि कर रहा है। उन्होंने जोर दिया कि रेलवे से संबंधित प्रमुख विषयों पर



विनोद कुमार शुक्ला, अपर महाप्रबन्धक,पूर्वोत्तर रेलवे।

हिन्दी में चर्चा होनी चाहिए, जिससे सही मायने में राजभाषा हिन्दी का विकास होगा। उन्होंने सभी रेलकर्मियों से विभागों में सरल व बोलचाल की हिन्दी में कार्य करने का आग्रह किया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर संजय सिंहल ने समिति की पिछली बैठक 30 जून को संपन्न होने की जानकारी दी और कहा कि महाप्रबन्धक के निर्देश के अनुपालन में आज की बैठक में यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर द्वारा प्रस्तुति दी जा रही है। श्री सिंहल ने बताया कि 14 सितम्बर हिन्दी दिवस के उपलक्ष में रेल मुख्यालय में 18 से 23 सितम्बर तक राजभाषा सप्ताह समारोह के दौरान विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी मोहम्मद याकूब शेख ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आज यांत्रिक कारखाना, इज्जतनगर के द्वारा बहुत ही उपयोगी जानकारी दी गई। उन्होंने सामूहिक प्रयासों से राजभाषा को लागू करने का मार्ग प्रशस्त होने की बात कही और सभी से आग्रह किया।

# डीआईजी ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**गोरखपुर, अमृत विचार :** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र, गोरखपुर एस. चन्नप्पा ने मंगलवार को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सभागार में छात्र-छात्राओं को संबोधित किया। डीआईजी ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण, साइबर अपराध से बचाव और आत्मरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए हर छात्रा को सतर्क रहना होगा। सोशल मीडिया पर अनजान लिंक, फर्जी प्रोफाइल और ठगी से बचने की सलाह दी गई। इस दौरान उन्होंने पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी। इनमें 1090 महिला शक्ति हेल्पलाइन, 112 आपातकालीन सेवा), 1098 (बाल हेल्पलाइन) और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या या अपराध की स्थिति में इन नंबरों का तुरंत उपयोग किया जाए।

**कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स 145, रीडगंज, अयोध्या मण्डल, अयोध्या**

पत्रांक- 2610/आई 41808/अयोध्या/ दिनांक 30.09.2025

**संस्था राम लघु माध्यमिक विद्यालय समिति ग्राम व पोस्ट-गुन्धौर तहसील-बीकापुर जिला-अयोध्या।** के वैध साधारण सभा की वर्ष 2025-26 की सूची प्रकाशित है। यदि किसी सदस्य की आपत्ति हो तो वे सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अन्दर सम्बन्धित कार्यालय में आपत्ति साक्ष्य सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

**साधारण सभा की सूची वर्ष 2025-2026**

| क्र0 | नाम पिता/पति | पता |
|---|---|---|
| 1 | श्री हरेन्द्र कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 2 | श्री रण बहादुर सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 3 | श्री सुग्रीव वर्मा | ग्रा0 पातूपुर, दोहरी, पो0 वल्लीपुर, अयोध्या |
| 4 | श्री विजय पाल सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 5 | श्री फतेह बहादुर सिंह | नथनपुर, खपडैला बाजार, जिला अयोध्या |
| 6 | श्री संजय कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 7 | श्री नरसिंह नारायण सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 8 | श्री दुर्गेश सिंह | ग्रा0 पकड़ी दुर्गादासपुर, पो0 सूल्हेपुर, जिला अयोध्या |
| 9 | श्री लाल बहादुर वर्मा | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 10 | श्री ब्रजेश प्रताप सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 11 | श्री दयाराम | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 12 | श्री जितेन्द्र बहादुर सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 13 | श्री रवीन्द्र बहादुर सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 14 | श्री वीरेन्द्र बहादुर सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 15 | श्री राजाराम पाल | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 16 | श्री राम बरन पाल | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 17 | श्री कृष्ण कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 18 | श्री विजय कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 19 | श्री शिव कृष्ण सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 20 | श्री नरेन्द्र देव सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 21 | श्री सतीश कुमार पाण्डेय | ग्रा व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 22 | श्रीमती प्रेमलली सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 23 | श्री रामजी मिश्र | ग्रा0 व पो0 नेतवारी चतुरपुर जिला अयोध्या |
| 24 | श्री राजेन्द्र कुमार वर्मा | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 25 | श्री सुधीर कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 26 | श्री शिव सागर वर्मा | ग्रा0 पकड़ी दुर्गादासपुर, पो0 सूल्हेपुर, जिला अयोध्या |
| 27 | श्री नजीर अहमद | ग्रा0 सोनखरी, पो0 सूल्हेपुर, जिला अयोध्या |
| 28 | श्री ओपेन्द्र कुमार सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 29 | श्री हरिश्चन्द्र सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 30 | श्री आशुवेन्द्र सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 31 | श्री वंशीधर शुक्ल | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर व तह, जिला अयोध्या |
| 32 | श्री शिव शक्ति सिंह | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 33 | श्री नवीन आनन्द सिंह | बभनगांव, कूरेभार, जिला सुलतानपुर |
| 34 | श्री देवेन्द्र कुमार (पंकज) | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |
| 35 | श्री निर्मल कुमार पाण्डेय | पकड़ी दुर्गादासपुर, सूल्हेपुर, जिला अयोध्या |
| 36 | श्री महेश कुमार तिवारी | ग्रा0 व पो0 गुन्धौर, तह0 बीकापुर, जिला अयोध्या |

# बुराई के पुतले जलाते चलो प्रेम की दुनिया बसाते चलो





रावण के पुतले का दहन न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि यह समाज के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक घटना भी है जो अच्छाई की बुराई पर विजय, व्यक्तिगत विकास और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देती है। यह पर्व यह सिखाता है कि हमें अपने जीवन में अच्छाई का पालन करना चाहिए और बुराई से दूर रहना चाहिए। दशहरा भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है जो हर साल नवरात्रि के समापन पर मनाया जाता है। इस दिन रावण के पुतले का दहन एक महत्वपूर्ण परंपरा है । अगर हम इस प्रतीक और संकेत को समझें तो रावण को एक दुष्ट और अहंकारी राजा के रूप में चित्रित किया गया है, और उसका वध आत्मज्ञान और अहंकार के विनाश का प्रतीक है। रावण दहन धार्मिक दृष्टि से बेहद महत्व रखता है। यह भगवान राम के धर्म के प्रति अडिग रहने और न्याय की स्थापना के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। यह दिन श्रद्धालुओं को धर्म और कर्तव्यों के पालन की याद भी दिलाता है। दशहरा का मुख्य धार्मिक अर्थ भगवान राम द्वारा रावण का वध करना है। रावण ने माता सीता का अपहरण किया था और भगवान राम ने अपने भाई लक्ष्मण और वानर सेना की मदद से उसे हराया। साथ ही दशहरा को देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय के साथ भी जोड़ा जाता है। इस दिन देवी दुर्गा ने महिषासुर का वध किया, जो बुराई का प्रतीक था।

## तेजी से बनाए जा रहे पुतले

- रावण, कुंभकरण, मेघनाद के पुतलों को आकार देने का काम कारीगर तेजी से कर रहे हैं। कई रामलीलाओं में कुंभकरण और मेघनाद के पुतलों का दहन भी हो चुका है। बाजार में पांच सौ रुपये से लेकर पांच हजार तक के पुतलों को आकार दिया गया है। कानपुर, प्रयागराज, लखनऊ, कन्नौज, इटावा, उन्नाव समेत कई शहरों में दूसरे प्रांतों से आए कारीगर सड़कों के किनारे पुतले बनाकर बेच रहे हैं तो रामलीलाओं में भी पुतलों को आकार दिया जा रहा है। बांस और कागज से बने ये पुतले जलने के साथ ही यह संदेश देते हैं कि बुराई के मार्ग पर चलने के बजाय सत्य के मार्ग पर चलें अन्यथा अंत बुरा होगा।







वैदिक विभूषण ज्योतिषाचार्य पं. मनोज कुमार द्विवेदी

## रांची में कपड़े से बने रावण के पुतले का दहन

- ऐसा माना जाता है कि रावण के पुतले का दहन सबसे पहले रांची शहर में हुआ था जोकि पहले बिहार का हिस्सा था और अब झारखंड राज्य की राजधानी है। यहां 1948 में रावण के पुतले का दहन किया गया था। बंटवारे के बाद साल 1948 में पाकिस्तान से भारत आए कुछ शरणार्थी परिवारों ने रावण के पुतले का दहन करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया था। यहां पर शुरुआत में यह कार्यक्रम बहुत छोटे स्तर पर किया गया लेकिन बाद में इसे और ज्यादा भव्य रूप में किया जाने लगा। राजधानी दिल्ली के रामलीला मैदान में पुतला दहन कार्यक्रम 17 अक्टूबर 1953 को किया गया था। इस रावण के पुतले को कागज या लकड़ी के बजाय कपड़ों की मदद से तैयार किया गया था।

## विजयदशमी पर क्या हैं परम्परा

### विजय का सूचक है पान



- दशहरा के दिन रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों का दहन करने के पश्चात पान का बीणा खाना सत्य की जीत की ख़ुशी को व्यक्त करता है। इस दिन हनुमानजी को बूंदी का भोग लगाने बाद उन्हें पान अर्पित करने की परंपरा है।

### नीलकंठ के दर्शन



- मान्यता है कि लंकापति रावण पर विजय पाने की कामना से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने पहले नीलकंठ पक्षी के दर्शन किए थे। नीलकंठ पक्षी को भगवान शिव का प्रतिनिधि माना गया है। दशहरा के दिन नीलकंठ के दर्शन और भगवान शिव से शुभफल की कामना की जाती है।

### शमी वृक्ष का दर्शन और पूजन



- दशहरा के दिन शमी वृक्ष का दर्शन व पूजन करना शुभ माना जाता है, जिससे शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है, धन-समृद्धि की प्राप्ति होती है । शनि दोष, साढ़े साती और ढैय्या से मुक्ति मिलती है।



### कानपुर और दशहरा

- कानपुर में रावण का एक ऐसा अनोखा मंदिर मौजूद है जिसके कपाट साल में एक बार खुलते हैं। विजय दशमी के दिन रावण की प्रतिमा का जलाभिषेक, श्रृंगार और पूजन होता है। साल 1868 में बने इस मंदिर में इस दिन भारी भीड़ होती है। विजय दशमी के दिन रावण के वध और दहन की परंपरा के बीच कानपुर में एक तरफ अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन होता है तो शहर के इस प्रसिद्ध रावण के मंदिर में पूजा और श्रृंगार होता है। अंग्रेज लेखक विलियम हावर्ड रसेल ने वर्ष 1858-59 का समय भारत में बिताया था। इस दौरान उन्होंने कानपुर की भी यात्रा की। भारत में अपनी यात्रा के वृतांत पर उन्होंने डायरी तैयार की। वर्ष 1860 में इसको माई डायरी इन इंडिया के नाम से लंदन में रूटलेज, वार्ने एंड रूटलेज ने प्रकाशित किया। इस पुस्तक में लेखक ने कानपुर की रामलीला व रावण के पुतला दहन का भी वर्णन किया है। उस समय होने वाली भीड़, विशालकाय रावण व भव्य सजावट, संगीत आदि का जिक्र है।

# ताम्रपत्र पर उकेरते तस्वीर, अब पद्मश्री के लिए प्रस्तावित किया नाम




हाथों से ताम्रपत्र पर तस्वीर उकेरने वाले कानपुर के शिवाला निवासी रणजीत सिंह का नाम जिलाधिकारी ने पद्मश्री सम्मान के लिए भेजा है। रणजीत सिंह अकेले शख्स हैं जो ताम्रपत्र पर हाथों से तस्वीर उकेरते हैं। हस्तशिल्पकारी उनको विरासत में मिली है। तांबा और जस्ता पर तस्वीर उकेरने का कार्य करने के शौकीन रणजीत सिंह के परिवार में पीढ़ियों से यह कार्य हो रहा है। उन्हें उम्मीद है कि पद्श्री सम्मान उन्हें जरूर मिलेगा। जब पता चला कि प्रशासन ने उनका नाम इस अवार्ड के लिए भेजा है तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। समाचार मिलते ही आंखें नम हो गई। उनका सपना है कि ताम्रपत्र की कला जिंदा रहे। इसके लिए वे निरंतर प्रयास भी कर रहे हैं। इसीलिए वह 82 साल की उम्र में भी युवाओं को हाथों से बनाई जाने वाली इस कला को सिखाते हैं।

### कई ऐतिहासिक इमारतों की तस्वीर भी बनाई

रणजीत सिंह बचपन में परिवार में आभूषण बनाने का कार्य देखते थे तो उन्हें भी तांबा, जस्ता पर तस्वीर बनाने की जिज्ञासा हुई। इस सपने को साकार करने में वे जुट गए और हाथों से तांबा और जस्ता पर तस्वीर उकेरने का काम सीखने में जुट गए। धीरे- धीरे वह इस कला में पारंगत हो गए। रणजीत सिंह को हिंदी के साथ पंजाबी, राजस्थानी व अंग्रेजी भाषा का भी ज्ञान है। शौक में ही अपनी कला को जीवित रखने के लिए वह तांबे और जस्ता पर अपने हाथों से कई ऐतिहासिक तस्वीरें वे उकेर चुके हैं। रणजीत सिंह ने ताम्रपत्र पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम , लखनऊ स्थित रूमी दरवाजा, उत्तर प्रदेश विधानसभा भवन, संसद भवन, आगरा के ताजमहल, कानपुर की ऐतिहासिक लाल इमली, बिठूर के ऐतिहासिक घाटों की तस्वीर भी बना चुके हैं। ग्रीन पार्क स्टेडियम में बनाई गई विजिटर गैलरी में लगी 24 क्रिकेटरों की तस्वीर, राष्ट्रपति महात्मा गांधी की दांडी यात्रा से जुड़ी तस्वीर भी ताम्रपत्र पर उकेर चुके हैं।

### पूर्व प्रधानमंत्रियों को भेंट कर चुके तस्वीर

वे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई, मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा की तस्वीर बनाने के साथ ही उन्हें भेंट भी कर चुके हैं। तत्कालीन रामनाथ कोविंद व प्रतिभा पाटिल को भी उनकी तस्वीरें भेंट कर चुके हैं। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर समेत कई खिलाड़ियों की तस्वीरें बनाई और उनसे मिलकर उन्हें दिया भी। इस कार्य के लिए उन्हें कई बड़े पुरस्कार भी मिल चुके हैं। वे चाहते हैं कि उनके द्वारा ताम्रपत्र पर बनाई गई श्रीराम मंदिर की तस्वीर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खुद ही भेंट करें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वे कानपुर में आयोजित एक सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर भेंट कर चुके हैं। वह मांग के अनुसार विभिन्न खेलों में विजेता के लिए मेडल भी बनाते हैं। मर्चेंट्स चैंबर, जीएसवीएम मेडिकल कालेज के स्वर्ण जयंती पर भी उन्होंने मेडल तैयार किए। आइआइटी कानपुर के दीक्षांत समारोह के लिए भी मेडल बना चुके हैं।



संत मिश्रा
व्यापारी नेता

### आसान नहीं होता चित्र बनाना

- रणजीत सिंह का कहना है कि यह कार्य बहुत आसान नहीं है। चित्र तैयार करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ दिमाग भी लगाना पड़ता है। केमिकल की एक भी बूंद कम अथवा ज्यादा नहीं होनी चाहिए। अगर इसका संतुलन बिगड़ा तो पूरा ताम्रपत्र खराब हो जाएगा। एक तस्वीर बनाने में सात से आठ दिन का वक्त लगता है और 15000 हजार रुपये खर्च होता है। आगरा में रानी एलिजाबेथ उनके पिता स्व.बालकृष्ण ने उन्हें 3 इंच लंबा, 2.5 इंच चौड़ा शीशा दिया था। इस पर मीना कारीगरी की गई थी।. शीशे के चारों ओर किनारे खुदाई करके उसमें हीरे लगाए गए थे।

### ये सम्मान मिले

- पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने उन्हें हिन्दी साहित्य सम्मेलन में सम्मानित किया।
- उप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन की ओर से तत्कालीन राज्यपाल मोतीलाल वोरा ने उन्हें सम्मानित किया।
- अखिल भारतीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग 1989 धरशास्त्री ने सम्मान दिया।
- हिन्दी सेवा निधि के कार्यक्रम में सम्मानित किए जा चुके हैं।
- 2003 में यूपी कॉन रजत जयन्ती वर्ष पर उन्हें सेवा सम्मान दिया गया था।
- पूर्व विधानसभा अध्यक्ष केसरीनाथ त्रिपाठी ने उन्हें 2005 राष्ट्रीय भाषा हिन्दी सेवा सम्मान दिया।

# जैन धर्मावलंबियों का प्रमुख तीर्थस्थल सोनागिरि

जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में से एक सोनागिरि सौ से अधिक भव्य जैन मंदिरों से सुशोभित है। यहां पर्यटक आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ अद्भुत स्थापत्य कला और शांत वातावरण का अनुभव कर सकते हैं। मध्य प्रदेश के दतिया जिले में स्थित यह स्थल स्वर्ण पर्वत या गोल्डन पीक के नाम से प्रसिद्ध है। यह स्थान उन जैन धर्मावलंबियों के लिए के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है जो शांतिपूर्ण वातावरण में आत्म-अनुशासन और मोक्ष प्राप्त करने की यात्रा करना चाहते हैं। यह हर दिन बड़े पैमाने पर श्रद्धालु आते हैं और दर्शन- पूजन करते हैं। जैन धर्म ही नहीं बल्कि हिंदू, सिख धर्म के लोग भी यहां भ्रमण करने के लिए आते हैं। सोनागिरि भौगोलिक रूप से बहुत बड़ा गांव नहीं है, पर जैन धर्म के पवित्र तीर्थस्थल की वजह से यह भारत ही नहीं पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। पहाड़ी पर बने मंदिरों का विशाल समूह न सिर्फ आध्यात्मिक, बल्कि पर्यटन के नजरिए से भी लोगों के लिए काफी अहम है। जैन धर्म के प्रमुख तीर्थस्थलों में सोनागिरी मंदिर का नाम आता है।



### चंद्रप्रभु प्रभु 17 बार यहां आए

सोनागिरी की मनोहारी पहाड़ी का प्राचीन नाम श्रवणगिरि या स्वर्णगिरि बताया जाता है। सोनागिरी पहाड़ी पर बने मंदिरों का निर्माणकाल नौवीं और दसवीं सदी का है। जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु यहां 17 बार आए थे। जैन अनुयायियों के अनुसार राजा नग और अनंग कुमार इसी पहाड़ी पर जीवन और मृत्यु के चक्र से मुक्त हुए थे। उन्होंने यहां मोक्ष की प्राप्ति होने की वजह से ही जैन धर्म के संत और अनुयायी मोक्ष और निर्वाण की तलाश में यहां आते हैं। यहां पहाड़ी पर 43 फीट ऊंचा एक महास्तम्भ स्थापित है। यहां नंदीश्वर द्वीप जिनायल भी है। इसका निर्माण आचार्य ज्ञानसागर महाराज की प्रेरणा से किया गया था।

### 132 एकड़ में बने हैं मंदिर

- सोनागिरी की प्राकृतिक छटा अद्भुत इसलिए दिखती है क्योंकि यहां जैन धर्म के भव्य मंदिरों की श्रृंखला है। यहां के मनोरम दृश्यों को देखने के बाद पर्यटक यहां घंटों नहीं बल्कि कई दिन तक रुकना चाहते हैं और यहां की वादियों को निहारना चाहते हैं। सुंदर मंदिरों का नजारा हर किसी का मन मोह लेता है। यहां स्थापित मंदिर 132 एकड़ क्षेत्रफल में फैले हुए हैं। यहां 57 नंबर वाले मंदिर को को ही मुख्य मंदिर माना जाता है। कहते हैं कि आचार्य शुभ चंद्र और भर्तृहरि ने यहां कठिन तपस्या की थी। इस मंदिर में आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्र प्रभु की मूलनायक प्रतिमा है। यह प्रतिमा 17 फीट ऊंची है। गर्भ गृह की छत पर शीशे की बेहतरीन नक्काशी की गई है। यह नक्काशी जब लोग देखते हैं तो अपलक निहारते रह जाते हैं। सभा कक्ष में तीर्थंकरों के नाम दीवार पर अंकित हैं।

### होली पर होता मेले का आयोजन

- इस पवित्र तीर्थ स्थल पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान कई रथ यात्रायें निकाली जाती हैं। मंदिरों को सजाया जाता है। मेले में बड़ी संख्या में जैन धर्म के अनुयायी आते हैं। इस मंदिर के गर्भगृह में दो लेख देवनागरी लिपि में अंकित हैं। एक शिलालेख पर 1233 विक्रमी संवत अंकित है। सोनागिरी पहाड़ी की तलहटी में स्थित गांव भी मंदिर बने हुए हैं। मंदिरों के आसपास भी कई सुंदर कलाकृतियां हैं, जो आपका मन मोह लेंगी। पहाड़ी पर बने सभी मंदिर बहुत ही मनोरम हैं।



संजीव जैन
उद्यमी हैं एवं विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,267.62 | 24,611.10 |
| गिरावट | 97.32 | 23.80 |
| प्रतिशत में | 0.12 | 0.097 |

सोना : 1,19,500 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,50,500 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### रेलवे तय समय में माल पहुंचाने वाली ट्रेन चलाएगा

**नई दिल्ली।** रेलवे तय समय में माल पहुंचाने की गारंटी के साथ कंटेनर ट्रेन का परिचालन शुरू करने जा रहा है। दिल्ली-कोलकाता के बीच पहली पायलट कंटेनर ट्रेन एक अक्टूबर को रवाना होगी। रेल अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि यह ट्रेन दिल्ली के तुगलकाबाद से चलेगी और आगरा एवं कानपुर के रास्ते कोलकाता पहुंचेगी। रेलवे ने इस ट्रेन के 120 घंटे में गंतव्य तक पहुंचने की गारंटी दी है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह सेवा कॉनकॉर द्वारा चलाई जाएगी।

### पीपीएफ समेत लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार ने मंगलवार को एक अक्टूबर, 2025 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए पीपीएफ और राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र सहित विभिन्न लघु बचत योजनाओं की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया। यह लगातार सातवीं तिमाही है जब लघु बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (एक अक्टूबर, 2025 से 31 दिसंबर, 2025) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई, 2025 से 30 सितंबर, 2025) के लिए अधिसूचित दरों पर बनी रहेंगी।

### भारत का विदेशी कर्ज जून अंत में बढ़कर 747.2 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** भारत का विदेशी कर्ज जून 2025 के अंत में 747.2 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो मार्च 2025 के अंत के मुकाबले 11.2 अरब डॉलर अधिक है। जीडीपी के संदर्भ में बाहरी कर्ज का अनुपात जून अंत में 18.9 प्रतिशत हो गया जो मार्च अंत के 19.1 प्रतिशत से कम है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया और अन्य प्रमुख मुद्राओं जैसे येन, यूरो और एसडीआर की कीमतों में आई गिरावट के कारण मूल्यांकन में 5.1 अरब डॉलर की कमी आई। अगर मुद्रा विनिमय के प्रभाव को अलग रखें तो मार्च से जून तक भारत का बाहरी कर्ज 6.2 अरब डॉलर बढ़ा होता, जबकि असल में यह वृद्धि 11.2 अरब डॉलर दिखी।

# भारत, ईएफटीए व्यापार समझौता आज से लागू

## समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली, सीमा शुल्क 10 वर्ष में चरणबद्ध होगा समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता बुधवार से लागू होगा। इसके तहत भारत को इस समूह से 15 साल में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता मिली है। इसके अलावा स्विटजरलैंड की घड़ियों, चॉकलेट और कटे एवं पॉलिश किए गए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विटजरलैंड हैं। इस समझौते पर 10 मार्च 2024 को हस्ताक्षर किए गए थे। घरेलू ग्राहकों को घड़ियां, चॉकलेट, बिस्कुट और घड़ियां जैसे उच्च-गुणवत्ता वाले स्विटजरलैंड के उत्पाद कम कीमतों पर उपलब्ध होंगे क्योंकि भारत इस व्यापार समझौते के तहत इन वस्तुओं पर सीमा शुल्क को 10 वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर देगा। संघ ने 100 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्ष के भीतर 50 अरब अमेरिकी डॉलर तथा अगले पांच वर्ष में 50 अरब अमेरिकी डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता है जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। यह भारत द्वारा अब तक हस्ताक्षरित किसी भी व्यापार समझौते में सहमत अपनी तरह की पहली प्रतिबद्धता है। इस समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार एवं आर्थिक भागीदारी समझौता (टीईपीए) कहा जाता है। इसमें यह प्रावधान है कि यदि प्रस्तावित निवेश किसी कारणों से नहीं आता है तो भारत चारों देशों को दी जाने वाली शुल्क रियायतों को पुनः संतुलित या निलंबित कर सकता है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को दोहराया था कि टीईपीए एक अक्टूबर से लागू होगा। ईएफटीए देश यूरोपीय संघ (ईयू) का हिस्सा नहीं हैं। यह मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने और उसे तेज करने के लिए एक अंतर-सरकारी संगठन है। इसकी स्थापना उन देशों के लिए एक विकल्प के रूप में की गई थी जो यूरोपीय समुदाय में शामिल नहीं होना चाहते थे।



### चीन के कारखानों की गतिविधि में छठे महीने भी गिरावट

हांगकांग, 30 सितंबर (एपी) चीन के कारखानों की गतिविधि में सितंबर में लगातार छठे महीने गिरावट दर्ज की गई। आधिकारिक विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) अगस्त के 49.4 से बढ़कर सितंबर में 49.8 हो गया। हालांकि यह 0 से 100 के पैमाने पर संकुचन और विस्तार के बीच 50 के स्तर से नीचे बना रहा। पीएमआई के आंकड़ा 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा संकुचन को दर्शाता है। क्रेडिट रिसर्च और रेटिंग स्टार्टअप रेटिंगडॉग द्वारा निजी क्षेत्र के पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार समग्र पीएमआई अगस्त के 50.5 से बढ़कर सितंबर में 51.2 हो गया। मिश्रित विनिर्माण आंकड़े लगातार सुस्त घरेलू मांग और अमेरिका के साथ व्यापार तनाव को लेकर अनिश्चितताओं को दर्शाते हैं।

### दिल्ली में सोना, चांदी के भाव नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, सोना 500 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1.20 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोने का भाव सोमवार को 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था। स्थानीय सर्राफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और यह 500 रुपये की तेजी के साथ 1,19,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले बाजार सत्र में इसकी कीमत 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। इसके अलावा मंगलवार को चांदी की कीमत 500 रुपये बढ़कर 1,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के नए शिखर पर पहुंच गई। सोमवार को यह 7,000 रुपये चढ़कर रिकॉर्ड 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी। वैश्विक स्तर पर, निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर मुनाफावसूली के कारण सोने व चांदी की कीमतें रिकॉर्ड स्तर से नीचे आईं। सोने का हाजिर भाव 0.55 प्रतिशत फिसलकर 3,813.14 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। दिन के कारोबार में यह 3,871.72 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा था। विदेशी बाजारों में चांदी का हाजिर भाव 1.51 प्रतिशत की गिरावट के साथ 46.22 डॉलर प्रति औंस रहा। मिराए एसेट शेयरखान के जिंस और मुद्रा मामलों के प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा, पीली धातु 3,871 डॉलर प्रति औंस के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। वर्तमान में यह कुछ नुकसान के साथ 3,818 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। इसका कारण कारोबारियों का ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली है।

# बाजार में आठवें दिन भी गिरावट, मौद्रिक समीक्षा से पहले निवेशक सतर्क

मुंबई, एजेंसी



विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक के फैसले से पहले निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार आठवें दिन भी गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 97 अंक और निफ्टी में 24 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स शुरुआती बढ़त गंवाकर 97.32 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,267.62 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान इसने 80,677.82 के ऊपरी और 80,201.15 के निचले स्तर को भी छुआ। यह लगातार आठवां कारोबारी सत्र रहा जिसमें सेंसेक्स नुकसान के साथ बंद हुआ। इन आठ दिनों में सेंसेक्स कुल 2,746.34 अंक यानी 3.30 प्रतिशत टूट चुका है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 23.80 अंक यानी 0.10 प्रतिशत गिरकर 24,611.10 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच मौद्रिक समीक्षा के फैसले से पहले घरेलू बाजार में सतर्क धारणा हावी रही। इसके अलावा वायदा अनुबंधों की मासिक समाप्ति का दिन भी होने से कारोबार सीमित रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक इस समय चल रही है। इस बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी बुधवार को दी जाएगी। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से आईटीसी, भारती एयरटेल, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई।

# निर्यात उत्पादों पर शुल्क, करों की वापसी योजना मार्च तक बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने मंगलवार को 'निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की वापसी' (आरओडीटीईपी) योजना को छह महीने के लिए बढ़ाकर 31 मार्च, 2026 तक कर दिया। निर्यातकों को राहत देने के लिए लाई गई यह योजना 30 सितंबर, 2025 को समाप्त होने वाली थी।

जनवरी, 2021 में शुरू हुई आरओडीटीईपी योजना के तहत निर्यातकों को उन करों, शुल्कों और उपकरों को वापस कर दिया जाता है जो विनिर्माण एवं वितरण प्रक्रिया के दौरान लगते हैं और केंद्र, राज्य




या स्थानीय स्तर पर अन्य किसी व्यवस्था से उनकी वापसी नहीं होती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि घरेलू सीमा-शुल्क क्षेत्र के अलावा अग्रिम प्राधिकार धारकों, विशेष आर्थिक क्षेत्रों (एसईजेड) और निर्यात-उन्मुख इकाइयों (ईओयू) को भी मार्च 2026 तक योजना का लाभ मिलता रहेगा।

## रिजर्व बैंक ने 6 सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का किया गठन

**मुंबई।** आरबीआई ने मंगलवार को देश में भुगतान प्रणालियों के कामकाज की निगरानी के लिए छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड का गठन किया। इसमें केंद्र सरकार के तीन नामित सदस्य शामिल हैं। भुगतान नियामक बोर्ड (पीआरबी), भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय बोर्ड की एक समिति, भुगतान और निपटान प्रणाली विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड (बीपीएसएस) का स्थान लेगा। इस बोर्ड के प्रमुख गवर्नर हैं। पांच सदस्यीय बीपीएसएस का नेतृत्व भी रिजर्व बैंक के गवर्नर करते थे, लेकिन इसमें कोई सरकारी नामित सदस्य शामिल नहीं है।

# वित्त वर्ष में 6.5% की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली, एजेंसी

- एडीबी की रिपोर्ट, भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा

एडीबी ने मंगलवार को कहा कि पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है क्योंकि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क का प्रभाव विशेष रूप से दूसरी छमाही की संभावनाओं को कम करेगा।

उल्लेखनीय है कि अप्रैल में जारी एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के एशियाई विकास परिदृश्य (एडीओ) में सात प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर का अनुमान लगाया गया था। इसे भारत से आने वाले माल पर अमेरिका के 50




प्रतिशत शुल्क लगाए जाने की चिंता के कारण जुलाई की रिपोर्ट में घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया गया था। एडीओ सितंबर 2025 ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में बेहतर खपत और सरकारी व्यय के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई है, लेकिन भारतीय निर्यात पर अतिरिक्त अमेरिकी शुल्क से वृद्धि में कमी आएगी..खासकर वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही और वित्त वर्ष 2026-27 में.., हालांकि लचीली घरेलू मांग और सेवा निर्यात प्रभाव को कम कर देंगे। रिपोर्ट के अनुसार, शुल्क लागू होने के कारण निर्यात में कमी का असर वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 दोनों में भारत के जीडीपी पर पड़ेगा। इसके परिणामस्वरूप शुद्ध निर्यात अप्रैल में पहले के अनुमान से अधिक तेजी से घटेगा। कहा कि कर राजस्व वृद्धि में कमी के कारण राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत के बजट अनुमान से अधिक रहने की संभावना है। इसका आंशिक कारण जीएसटी में कटौती है जिसे मूल बजट में शामिल नहीं किया गया था जबकि व्यय के स्तर को बनाए रखने का अनुमान है जिससे घाटा बढ़ेगा। फिर भी घाटा वित्त वर्ष 2024-25 में दर्ज सकल घरेलू उत्पाद के 4.7 प्रतिशत से कम रहने का अनुमान है।



# तीनों सेनाओं का एकीकरण नीतिगत मामला नहीं

## रक्षा मंत्री बोले- अस्तित्व के लिए भी यह अहम, सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देना जीवंत उदाहरण

नई दिल्ली, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान प्रदर्शित एकीकृत, तत्क्षण अभियानगत समन्वय के साथ तीनों सेनाओं का तालमेल निर्णायक परिणाम देने का एक जीवंत उदाहरण है, और इसे भविष्य की सभी सैन्य कार्रवाइयों के लिए मानक बनना चाहिए।

एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि किस प्रकार भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली ने सेना की आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली और भारतीय नौसेना की त्रिगुण के साथ मिलकर काम किया और यह भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई तक चले संघर्ष के दौरान संयुक्त अभियान की रीढ़ बना। तीनों सेनाओं के बीच तालमेल के महत्व को रेखांकित करते हुए रक्षा



मंत्री ने कहा कि एकजुटता का मार्ग संवाद, समझ और परंपराओं के प्रति सम्मान में निहित है। उन्होंने कहा कि सेनाओं को एक-दूसरे की चुनौतियों का सम्मान करते हुए एक साथ मिलकर नई प्रणालियां बनानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सरकार का मकसद तीनों सेनाओं के एकीकरण को और बढ़ावा देना है और यह न केवल नीतिगत मामला है, बल्कि तेजी से बदलते सुरक्षा माहौल में अस्तित्व का मामला भी है। सिंह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, तीनों सेनाओं के तालमेल ने एक एकीकृत, तत्क्षण संचालन की तस्वीर तैयार की। इसने कमांडरों को समय पर निर्णय लेने, स्थितिजन्य जागरूकता बढ़ाने और अपने नुकसान के जोखिम को कम करने में सक्षम बनाया। यह निर्णायक परिणाम देने वाली एकजुटता का जीवंत उदाहरण है और यह सफलता भविष्य के सभी अभियानों के लिए एक मानक बननी चाहिए। सिंह भारतीय वायु सेना (आईएएफ) द्वारा आयोजित एक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युद्ध के बदलते स्वरूप और पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक खतरों के जटिल अंतर्संबंध के कारण, संयुक्तता एक विकल्प के बजाय एक प्रमुख अभियानगत आवश्यकता बन गई है। रक्षा मंत्री ने कहा, आज संयुक्तता हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और अभियानगत प्रभावशीलता के लिए एक मूलभूत आवश्यकता बन गई है।

### सेना कमांडर ने लद्दाख में सैनिकों की अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की

**लेह।** उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के विभिन्न अग्रिम इलाकों का दौरा कर अभियानगत तैयारियों का जायजा लिया। सेना ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा 27 सितंबर को लेह पहुंचे थे उन्होंने वहां तैनात सैनिकों के ऊंचे मनोबल और दृढ़ प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। सेना की उत्तरी कमान ने सोमवार देर रात एक पोस्ट में कहा, लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने सियाचिन ब्रिगेड, पूर्वी लद्दाख में तैनात इकाईयों और कारकोरम दर्रे का दौरा किया और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी सैन्यकर्मियों के ऊंचे मनोबल और दृढ़ प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। सेना ने कहा कि शर्मा ने सियाचिन बेस कैंप में राष्ट्रीय ध्वज प्रश्नोत्तरी विजेताओं से बातचीत की और उनकी राष्ट्रीय भावना और समर्पण की सराहना की। उन्होंने सियाचिन बेस कैंप में 7000 मीटर से अधिक ऊंची एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण चोटी के लिए पर्वतारोहण अभियान को भी हरी झंडी दिखाई और उनकी अदम्य भावना तथा पर्वतारोहण में एक नया मानदंड स्थापित करने के लिए उनकी सराहना की। लेफ्टिनेंट जनरल शर्मा ने 27 सितंबर को लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता से मुलाकात की और हिंसा प्रभावित लेह शहर की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की।

## राज्य के दर्जे के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति कर रही नेकां: भाजपा

**श्रीनगर।** भाजपा की जम्मू-कश्मीर इकाई ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला पर राज्य के मुद्दे पर विभाजनकारी राजनीति को फिर से हवा देने का आरोप लगाया और कहा कि नेशनल कॉन्फ्रेंस अब खोखले नारे और पुरानी बातों से लोगों को भड़का नहीं सकती। भाजपा ने कहा कि देश के नेतृत्व ने जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है और सही समय पर इसे पूरा किया जाएगा। यह बयान सोमवार को गांदरबल में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की उस टिप्पणी के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि लोग राज्य का दर्जा बहाल करने की अपनी मांग को लेकर धैर्य बनाए हुए हैं, लेकिन इसका फायदा नहीं उठाया जाना चाहिए। भाजपा नेता अल्ताफ ठाकुर ने एक बयान में कहा, जम्मू-कश्मीर न तो बांग्लादेश है और न ही नेपाल और उसे खोखले नारों और पुराने ढर्रे की बातों के आधार पर भड़काया नहीं जा सकता।

# मोदी ने दुर्गा पूजा पंडाल में देवी की अराधना की



दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल में प्रार्थना करते प्रधानमंत्री मोदी।

नई दिल्ली, एजेंसी

- महाअष्टमी के अवसर पर दिल्ली के सीआर पार्क पंडाल में पहुंचे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को महाअष्टमी के अवसर पर दक्षिणी दिल्ली के सीआर पार्क में दुर्गा पूजा पंडाल का दौरा किया और मंत्रोच्चार के बीच देवी की अराधना की।

प्रधानमंत्री ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित काली बाड़ी में आरती भी की और पारंपरिक बंगाली संस्कृति के अनुसार आयोजित समारोह में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के मद्देनजर दक्षिण दिल्ली के इलाकों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी और कई मार्गों को लेकर यातयात परामर्श जारी किये गए थे।

## आरएसएस के शताब्दी समारोह में सिक्का व डाक टिकट जारी करेंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे और इस मौके पर विशेष रूप से डिजाइन किया गया एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे, जिसमें राष्ट्र के प्रति संगठन के योगदान को दर्शाया जाएगा।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे और मौजूद लोगों को संबोधित करेंगे। इसके मुताबिक वर्ष 1925 में नागपुर में केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवक-आधारित संगठन के रूप में की गई थी, जिसका उद्देश्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देना था।

# सुनवाई से मना करने वाले जज से सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- आपराधिक मामले में अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर नहीं की थी सुनवाई
- संबंधित जिला न्यायाधीश को निर्देश सुनवाई अदालत से स्पष्टीकरण मांगें

शीर्ष कोर्ट ने निचली अदालत के एक न्यायाधीश के प्रति नाराजगी जताई है, जिन्होंने एक आपराधिक मामले में इस आधार पर अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर सुनवाई से इनकार किया कि शीर्ष अदालत द्वारा मामले के निपटारे के लिए निर्धारित समय बीत चुका था।

न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि 18 जनवरी, 2024 को शीर्ष अदालत ने एक आपराधिक अपील का निपटारा करते हुए पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के अलीपुर में एक न्यायिक मजिस्ट्रेट को चार सप्ताह के भीतर मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया था। हालांकि, सुनवाई अदालत के न्यायाधीश ने 19 मार्च, 2024 को पारित आदेश में निर्धारित अवधि के भीतर मामले का निपटारा करने में असमर्थता जताते हुए इसे



अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर का मामला बताया। पीठ ने न्यायाधीश के फैसले पर अपनी नाराजगी व्यक्त की और कहा, हमें यह देखकर दुख हुआ है कि न्यायाधीश ने किस तरह से आदेश पारित किया। यदि किसी कारण से न्यायाधीश इस अदालत द्वारा निर्धारित समय अवधि के भीतर मामले का निपटारा करने में सक्षम नहीं थे, तो उनके पास समय बढ़ाने का आग्रह करने का मौका था, लेकिन वह यह नहीं कह सकते कि उनका अधिकार क्षेत्र खत्म हो गया है क्योंकि दी गई समय सीमा बीत चुकी है। शीर्ष अदालत ने संबंधित जिला न्यायाधीश को निर्देश दिया कि वह सुनवाई अदालत के न्यायाधीश से स्पष्टीकरण मांगें और एक महीने के भीतर इस बारे में रिपोर्ट दें। पीठ ने अपने हालिया आदेश में कहा, उन्हें (न्यायिक मजिस्ट्रेट को) यह बताना होगा कि क्यों और किन परिस्थितियों में उन्होंने रिपोर्ट दी है कि इस मामले पर उनका अधिकार क्षेत्र खत्म हो गया और वह इस मामले में आगे कोई कार्यवाही नहीं करेंगे।

### जमानत आदेशों में गंभीर खामियों पर जजों को प्रशिक्षण के निर्देश

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने एक दुर्लभ आदेश में 1.9 करोड़ के धोखाधड़ी मामले में जमानत आदेशों में गंभीर खामियों को रेखांकित करने के बाद दो न्यायिक अधिकारियों को दिल्ली न्यायिक अकादमी में सात दिन के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण प्राप्त करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने आरोपी दंपति शिक्षा राठौर और उनके पति के पक्ष में दिए गए जमानत आदेशों के खिलाफ मेसर्स नेटसिटी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड की अपील को स्वीकार करते हुए अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) और सत्र न्यायाधीश को अकादमी में प्रशिक्षण दिए जाने का आदेश पारित किया। एसीएमएम द्वारा दी गई जमानत को रद्द करते हुए पीठ ने 25 सितंबर के अपने फैसले में आरोपी को दो सप्ताह के भीतर निचली अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने को कहा। बाद में सत्र न्यायालय और दिल्ली हाईकोर्ट ने भी जमानत खारिज करने के फैसले को बरकरार रखा था। फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति अमानुल्लाह ने कहा, हम अपने कर्तव्य में विफल होंगे यदि आंखें मूंद लें कि एसीएमएम ने किस तरह से आरोपियों को जमानत दी व सत्र न्यायाधीश ने हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

## सरकार ने रैली के दौरान नियमों की अनदेखी के वीडियो किए जारी

**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने अभिनय से राजनीति में आए विजय की करूर रैली में नियमों का उल्लंघन दर्शाने वाले वीडियो मंगलवार को जारी किए। राज्य सरकार ने दावा किया कि रैली में अनुमानित भीड़ से दोगुनी संख्या में लोग एकत्र हुए जिससे काफी कठिनाइयां हुईं।

आधिकारिक प्रवक्ता और आईएएस के वरिष्ठ अधिकारी पी अमुथा, स्वास्थ्य सचिव सेंथिल कुमार, एडीजीपी कानून और व्यवस्था एस डेविडसन देवसिरवथम के नेतृत्व में एक टीम ने सचिवालय में राज्य सरकार के रुख के समर्थन में वीडियो और तस्वीरों की एक श्रृंखला जारी की। इन वीडियो में तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) कार्यकर्ताओं द्वारा मानदंडों का उल्लंघन दिखाया गया है, जो नमक्कल और करूर में छतों पर चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं।

# मानसून के बाद सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना : आईएमडी

नई दिल्ली, एजेंसी

- देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई

उत्तर-पश्चिम के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकांश भागों में अक्टूबर से दिसंबर के मानसून-पश्चात मौसम के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। यह जानकारी भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने मंगलवार को दी। चार महीने का दक्षिण-पश्चिम मानसून मौसम मंगलवार को समाप्त हो गया, जिसमें देश में सामान्य से आठ प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई।

आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की उम्मीद है, जबकि उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से लेकर सामान्य से कम वर्षा हो सकती है। उन्होंने कहा कि जून-सितंबर के दौरान हुई भरपूर बारिश के बाद, अक्टूबर में वर्षा सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक होने की उम्मीद है। महापात्र ने कहा, अक्टूबर में उत्तरी मैदानी इलाकों, मध्य और प्रायद्वीपीय भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और गुजरात के सौराष्ट्र एवं कच्छ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।'' भारत में इस मानसून के दौरान 868.6 मिलीमीटर की सामान्य बारिश की तुलना में 937.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो आठ प्रतिशत अधिक है। पूर्वी और उत्तरपूर्व भारत में 1089.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य बारिश 1367.3 मिमी से 20 प्रतिशत कम है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ब्रिटेन : गांधी प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की जांच

**लंदन।** ब्रिटेन की मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मंगलवार को कहा कि उसने लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को पहुंचाई गई क्षति की जांच शुरू कर दी है और पुलिस इसे नस्लीय विद्वेष से जुड़ा अपराध मान रही है। पुलिस ने कहा कि उसे रविवार शाम को प्रतिष्ठित प्रतिमा के पास बुलाया गया था, क्योंकि ऐसी खबरें आई थीं कि प्रतिमा के चबूतरे पर विचलित करने वाले भित्तिचित्रों से उसे विरुपित किया गया है, जिसकी लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग ने हिंसक हमला करार देते हुए निंदा की है। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक बयान में कहा गया है, हमने टैविस्टॉक स्क्वायर गार्डन में महात्मा गांधी की प्रतिमा को क्षति पहुंचाने की रिपोर्ट की जांच शुरू कर दी है।

### पाकिस्तान ने किया क्रूज मिसाइल का परीक्षण

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने मंगलवार को देश में ही विकसित क्रूज मिसाइल 'फतह-4' का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। यह मिसाइल 750 किलोमीटर तक के लक्ष्य को भेद सकती है। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि 750 किलोमीटर की दूरी तक मार करने वाली मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया है। अत्याधुनिक उपकरणों से लैस यह हथियार प्रणाली, दुश्मन की मिसाइल रक्षा प्रणाली को चकमा देने और उच्च परिशुद्धता के साथ लक्ष्य पर निशाना साधने में सक्षम है।

### निकोल और कीथ अर्बन 19 साल बाद हुए अलग

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड अभिनेत्री निकोल किडमैन और उनके पति गायक कीथ अर्बन ने 19 साल के रिश्ते के बाद अलग होने का फैसला किया है। किडमैन (58) की अर्बन (57) से 25 जून 2006 को शादी हुई थी। एक सूत्र ने बताया, निकोल की बहन (एंटोनिया) बहुत मजबूत रही हैं और पूरा किडमैन परिवार एक-दूसरे का समर्थन करने के लिए एकजुट हुआ है। वह ऐसा नहीं चाहती थीं, वह शादी को बचाने के लिए लड़ रही हैं। टीएमजेड ने पहले ही संभावित 'ब्रेकअप' की खबर दी थी जिसमें सूत्रों के हवाले से कहा गया था कि यह जोड़ा गर्मियों की शुरुआत से ही अलग रह रहा है।

### संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस संपन्न

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र की आम बहस सोमवार को संपन्न हो गई। महासभा की अध्यक्ष एनालेना बैरबॉक ने समापन भाषण में कहा कि आम बहस में संयुक्त राष्ट्र के189 सदस्य देशों ने भाषण दिया जिनमें 124 राष्ट्राध्यक्ष एवं शासनाध्यक्ष थे। उन्होंने कहा, इस सप्ताह के शुरू में हमने संयुक्त राष्ट्र को कूटनीति एवं संवाद का केंद्र कहा था। यह एक ऐसा स्थान है जहां हम चुनौतीपूर्ण समय के दौरान कठिन बातचीत करने के लिए एकत्रित होते हैं।

# नैतिकता अभियान: तालिबान ने पूरे देश में बंद किया इंटरनेट

- सत्ता पर काबिज होने के बाद की अपनी तरह की पहली कार्रवाई

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

अफगानिस्तान में सोमवार को इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गईं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अनैतिकता पर तालिबान की कार्रवाई के मद्देनजर इंटरनेट सेवाओं को संभावित रूप से देशव्यापी स्तर पर बंद कर दिया गया है।

तालिबान के अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज होने के बाद यह पहली बार है जब अफगानिस्तान में इस तरह की बंद की कोई कार्रवाई हुई है। इस महीने की शुरुआत में तालिबान नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनैतिकता को रोकने के लिए इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी करने के बाद कई प्रांतों के 'फाइबर-ऑप्टिक कनेक्शन' बंद हो गए। इंटरनेट के इस्तेमाल, उस तक पहुंच का समर्थन करने वाले संगठन 'नेटब्लॉक्स' ने बताया कि इंटरनेट के इस्तेमाल के संबंध में मौजूदा वास्तविक जानकारी के अनुसार अफगानिस्तान में 'कनेक्टिविटी' सामान्य स्तर के 14 प्रतिशत तक गिर गई और देशभर में टेलीकॉम सेवाओं में लगभग पूर्ण व्यवधान देखा जा रहा है। संगठन ने कहा, यह कार्रवाई बाहरी दुनिया से संपर्क करने की जनता की क्षमता को गंभीर रूप से सीमित कर सकती है।

## लगातार बढ़ती जलवायु चुनौतियों पर
# अमेरिका की गैरजिम्मेदारी

जलवायु परिवर्तन दुनिया की बड़ी चुनौतियों में से एक है। जलवायु परिवर्तन की वजह से ही दुनिया में बाढ़, सूखा, जंगल की आग और समुद्र का जल स्तर बढ़ने जैसी चुनौतिया लगातार बढ़ रही हैं, जिनका प्रमुख कारण ऐसी मानवीय गतिविधियां हैं जिनकी वजह से ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन बढ़ रहा है। इन समस्याओं की वजह से भविष्य में अत्यधिक गर्मी के साथ बीमारियों के फैलने का खतरा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दुनिया भर के देश पेरिस समझौते जैसे समझौतों के जरिए उत्सर्जन कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने के प्रयास कर रहे हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर लिया है। उन्होंने जलवायु खतरों को सबसे बड़ा धोखा करार दिया है। उनका कहना है कि यह अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए नुकसानदायक है।

### प्रमुख जलवायु चुनौतियां

- चरम मौसम : बाढ़, सूखा, अत्यधिक गर्मी जंगल की आग जैसी घटनाओं का बढ़ना।
- ग्लोबल वार्मिंग : पृथ्वी के तापमान के साथ महासागर का तापमान बढ़ रहा है, इससे तूफानों की तीव्रता बढ़ी है।
- समुद्र स्तर वृद्धि : ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र का जलस्तर बढ़ रहा है, तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा।
- खाद्य सुरक्षा संकट : फसलें, पशुधन व मत्स्य पालन प्रभावित, इससे भुखमरी और कुपोषण बढ़ने की आशंका।
- संक्रामक रोग : बदलते मौसम और बढ़ते तापमान से मच्छर जनित मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रसार बढ़ना।

### अनुचित मानवीय गतिविधियां

- कोयला, तेल, गैस जैसे जीवाश्म ईंधन, वन कटान और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से वायुमंडल में तापमान बढ़ना।
- वन और महासागर कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करने वाले प्राकृतिक स्रोत जिनकी क्षमता कम होना।



### भविष्य के अनुमान

- वैज्ञानिकों के मुताबिक उत्सर्जन पर रोक नहीं लगी तो आने वाले वर्षों में पृथ्वी का तापमान काफी बढ़ जाएगा।
- भविष्य में लू, बाढ़ और तूफानों जैसी चरम मौसम की घटनाएं बढ़ने के साथ और अधिक गंभीर हो जाएंगी।
- बढ़ते तापमान और मौसम की विषमताओं के कारण दुनिया में जल और खाद्य संसाधनों की कमी हो सकती है।
- विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान होगा, कुछ जगह मानव अस्तित्व पर भी खतरे की आशंका।

### अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कोशिशें

- पेरिस समझौता : कई देशों ने ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन से लड़ने को साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया है।
- नवीकरणीय ऊर्जा : कई देश सौर और पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम की जा सके।
- कार्बन उत्सर्जन पर नियंत्रण की कोशिश, उत्सर्जन को कम करने और वनों को बचाने जैसे कार्बन पृथक्करण बढ़ाने के लिए देशों में नीतियां बनाई जा रही हैं।
- विकसित देशों की ओर से विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से निपटने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने की हामी भरी गई है।

### अमेरिका के पीछे हटने के नतीजे

- अमेरिका खुद सबसे बड़ा उत्सर्जक, पीछे हटने वैश्विक उत्सर्जन में कमी का लक्ष्य प्राप्त करना कठिन।
- जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर वैश्विक नेतृत्व कमजोर हो जाएगा, अन्य देश भी अनुसरण कर सकते हैं।
- अमेरिका को बढ़ते हरित ऊर्जा बाजार में अवसरों से वंचित होना पड़ सकता है, चीन लाभ उठा सकता है।
- अंतरराष्ट्रीय सहयोग की विश्वसनीयता पर नकारात्मक प्रभाव, अन्य वैश्विक चुनौतियों से निपटने में बाधा संभव।

# गाजा युद्ध खत्म करने के लिए ट्रंप की 20 सूत्री योजना, नेतन्याहू भी सहमत

## हमास के निरस्त्रीकरण और सभी बंधकों की रिहाई योजना के प्रमुख प्रस्ताव

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को वाशिंगटन में गाजा युद्ध को समाप्त करने के लिए 20 सूत्री योजना की घोषणा की। इस योजना में 72 घंटों के भीतर सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के साथ हमास के निरस्त्रीकरण और गाजा पट्टी के लिए एक परिवर्ती शासी निकाय स्थापित करना प्रमुख बिंदु हैं।

दोनों नेताओं ने व्हाइट हाउस में एक साथ खड़े होकर गाजा में 724 दिनों से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से अमेरिकी शांति योजना पर इजराइल की सहमति की घोषणा की। हालांकि कहा जा रहा है कि यह अभी भी अनिश्चित है कि हमास जो वार्ता में शामिल नहीं था, वह इन शर्तों को स्वीकार करेगा या नहीं। ट्रंप ने 20 सूत्री प्रस्ताव रखा जिसे उन्होंने शांति के लिए ऐतिहासिक दिन करार दिया, साथ ही तत्काल युद्ध विराम और इजराइल की औपचारिक स्वीकृति के 72 घंटों के भीतर शेष सभी बंधकों की रिहाई का वादा किया। इस योजना में चरणबद्ध तरीके से इजराइल की वापसी, हमास का निरस्त्रीकरण, सैकड़ों फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई और ट्रंप की अध्यक्षता में गाजा के लिए एक अस्थाई अंतरराष्ट्रीय शासी निकाय की स्थापनाकी बात की गई है जिसमें पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर भी शामिल होंगे।



व्हाइट हाउस में बेंजामिन नेतन्याहू के साथ ट्रंप ने की योजना की घोषणा।

### अमेरिकी राष्ट्रपति की योजना के प्रमुख बिंदु

- गाजा को कट्टरपंथ से मुक्त और आतंकवाद मुक्त क्षेत्र बनाया जाएगा जो अपने पड़ोसियों के लिए खतरा न हो। गाजा का पुनर्निर्माण वहां के नागरिकों के हित में किया जाएगा।
- युद्ध तत्काल समाप्त होगा, इजराइली सेना पीछे हटेगी, 72 घंटे के भीतर जीवित और मृत सभी बंधकों को वापस किया जाएगा। इस दौरान सभी सैन्य गतिविधियां स्थगित रहेंगी।
- इजराइल उम्रकैद की सजा काट रहे 250 कैदियों और 1700 गाजावासियों को रिहा करेगा, जिनमें महिलाएं-बच्चे शामिल होंगे। दोनों ओर से के शव भी लौटाए जाएंगे।
- जो हमास सदस्य शांतिपूर्ण सहअस्तित्व को स्वीकार करेंगे और अपने हथियार त्यागेंगे, उन्हें माफी दी जाएगी। जो सदस्य गाजा छोड़ना चाहेंगे, उन्हें सुरक्षित निकासी दी जाएगी।
- गाजा में तुरंत पूर्ण मानवीय सहायता भेजी जाएगी, जिसका वितरण अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की निगरानी में होगा। इसमें आधारभूत ढांचे का पुनर्निर्माण भी शामिल होगा।
- गाजा का प्रशासन एक अस्थाई, तकनीकी और गैरराजनीतिक फिलिस्तीनी समिति को सौंपा जाएगा, जिसकी निगरानी बोर्ड ऑफ पीस करेगा। निकाय के अध्यक्ष ट्रंप होंगे।
- गाजा के पुनर्निर्माण और आर्थिक विकास के लिए योजना बनाई जाएगी, जिसमें पश्चिम एशिया की आधुनिक शहर परियोजनाओं में योगदान देने वाले विशेषज्ञ शामिल होंगे।
- विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना जिसमें व्यापारिक रियायतें और विशेष शुल्क दरें निर्धारित की जाएंगी। किसी को गाजा छोड़ने या रहने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा।
- हमास और अन्य गुटों को गाजा के शासन में भागीदारी की अनुमति नहीं होगी। पूरे क्षेत्र का पूर्ण निरस्त्रीकरण स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की निगरानी में किया जाएगा।
- अमेरिका अरब देशों और अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ मिलकर गाजा में अंतरराष्ट्रीय स्थिरीकरण बल तैनात करेगा जो स्थानीय फिलिस्तीनी पुलिस बलों को प्रशिक्षित करेगा।
- इजराइल गाजा पर कब्ज़ा नहीं करेगा और न ही उसे अपना हिस्सा बनाएगा। इजराइली रक्षा बल चरणबद्ध रूप से क्षेत्र से हटेंगे, सिर्फ सीमावर्ती इलाके नियंत्रण में रहेंगे।

### हमास ने योजना न मानी तो इजराइल खुद पूरा करेगा काम : नेतन्याहू

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने योजना पर इजराइल के समर्थन की पुष्टि की और इस समझौते को अपनी सरकार के युद्ध उद्देश्यों से जोड़ा। उन्होंने कहा कि योजना हमारे सभी उद्देश्यों को प्राप्त करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि हमास से उसका राजनीतिक नियंत्रण एवं सैन्य क्षमता छीन ली जाएगी। नेतन्याहू ने चेतावनी दी, अगर हमास ट्रंप की योजना को अस्वीकार कर देता है या अगर इसे स्वीकार करने के बाद इसका विरोध करने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं तो इजराइल खुद ही काम पूरा कर लेगा। यह आसान तरीके से किया जा सकता है या कठिन तरीके से लेकिन यह किया जाएगा।

### हमास ने कहा- ट्रंप की योजना पर गौर करने के बाद जवाब देंगे

**यरूशलम।** हमास ने मंगलवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू पहले ही योजना का समर्थन कर चुके हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि हमास इस योजना पर सहमत होगा या नहीं। इस बीच इजराइल के विदेश मंत्री गिडियन सार ने कहा है कि उनके देश ने ट्रंप की योजना को स्वीकार कर लिया है और अब हमास को अपना रुख बताना है। सार ने सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में कहा, अब हम यह देखेंगे कि हमास ट्रंप की योजना स्वीकार करता है या नहीं।

# इंडोनेशिया: इस्लामिक स्कूल की इमारत ढही तीन छात्रों की मौत, 100 से ज्यादा हुए घायल

- कई छात्र मलबे में दबे, मृतकों की संख्या और बढ़ने की आशंका

**सिदोअर्जो, एजेंसी**

इंडोनेशिया के सिदोअर्जो में इस्लामिक स्कूल की इमारत ढहने से तीन छात्रों की मौत हो गई और 100 से अधिक छात्र घायल हो गए जबकि कई के मलबे में दबे होने की आशंका है।

अधिकारियों ने बताया कि सिदोअर्जो के ईस्ट जावा कस्बे में इस्लामिक स्कूल 'अल खोजिनी इस्लामिक बोर्डिंग स्कूल' की इमारत ढहने की सूचना मिलने के बाद बचावकर्मी, पुलिस एवं सैन्यकर्मी पूरी रात राहत एवं बचावकार्य में जुटे रहे। स्कूल की इमारत जर्जर हालत में थी। बचावकर्मियों को इस दौरान और शव भी दिखे, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। उन्होंने बताया कि घटना के 12 घंटे से भी अधिक समय बाद भी मंगलवार को छात्रों को बाहर निकालने के प्रयास जारी रहे और बचावकर्मियों ने छात्रों तक ऑक्सीजन एवं पानी पहुंचाया।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में तीन छात्रों की मौत हुई है और 10 से अधिक घायल हो गए तथा कई अन्य के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान सुबह 10 बजकर 15 मिनट पर अस्थायी रूप से रोक दिया गया था क्योंकि ढह चुके ढांचे में अचानक कंपन महसूस हुआ था। लोग तुरंत अपनी जान बचाने के लिए भागे, क्योंकि उन्हें इमारत के मलबे के गिरने की आशंका थी। बचावकर्मियों ने इलाके में मौजूद सभी लोगों से इमारत से दूर रहने की अपील की, जिनमें घटनास्थल के पास खड़ी 12 से अधिक एंबुलेंस भी शामिल थीं। अपराह्न करीब एक बजकर 45 मिनट पर बचाव कार्य फिर से शुरू हुआ। इनमें अधिकतर छात्र सातवीं से ग्यारहवीं कक्षा में पढ़ते हैं और उनकी उम्र 12 से 18 साल के बीच है।



स्कूल की इमारत के मलबे में दबे छात्रों की तलाश करते बचाव दल।

## गाजा युद्धविराम: ट्रंप ने शहबाज और मुनीर को बताया सबसे सक्रिय विश्व नेता

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर गाजा संघर्ष को समाप्त कराने की उनकी योजना का 100 प्रतिशत समर्थन करते हैं। ट्रंप ने शरीफ और मुनीर को इस मुद्दे पर बातचीत में शामिल बेहद सक्रिय विश्व नेताओं में शामिल किया।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, पूरे क्षेत्र में अपने मित्रों और साझेदारों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद मैं शांति के अपने सिद्धांतों को औपचारिक रूप से जारी कर रहा हूं, जिन्हें लोगों ने वाकई पसंद किया है। उन्होंने कहा, ये सभी कार्य उन राष्ट्रों के साथ पूर्ण विचार-विमर्श के बाद किए गए हैं जिनके बारे में हम बात कर रहे हैं। ट्रंप ने उन विश्व नेताओं का भी धन्यवाद किया जिनके साथ उन्होंने गाजा पर बैठकें और बातचीत की, इनमें शहबाज शरीफ और मुनीर को सबसे सक्रिय बताया।

# एच 1 बी वीजा प्रक्रिया में हो सकते हैं कई बदलाव

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी**



- अमेरिकी वाणिज्यमंत्री लुटनिक ने दिए बदलाव के संकेत
- सस्ते तकनीकी सलाहकारों को देश में लाने को बताया गलत

अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा कि फरवरी 2026 में एच1बी वीजा मामले में एक लाख डॉलर का नया शुल्क लागू होने से पहले इस वीजा प्रक्रिया में 'काफी बदलाव' होंगे। उन्होंने 'सस्ते' तकनीकी सलाहकारों के देश में आने और उनके परिवारों को साथ लाने के विचार की बात को पूरी तरह गलत बताया।

ट्रंप प्रशासन ने इस महीने नए एच1बी कामकाजी वीजा के लिए 1,00,000 अमेरिकी डॉलर के एकमुश्त शुल्क की घोषणा की है। यह आदेश अस्थायी वीजा पर अमेरिका में काम करने के इच्छुक भारतीय पेशेवरों को प्रभावित करेगा। एच1बी की घोषणा पर हस्ताक्षर किए जाने के दौरान ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ मौजूद लुटनिक ने कहा था कि 1,00,000 अमेरिकी डॉलर सभी एच1बी वीजा के लिए वार्षिक शुल्क होगा, जिसमें नवीनीकरण और पहली बार आवेदन करने वाले आवेदक भी शामिल हैं।

बड़े पैमाने पर अफरा-तफरी और ऊहापोह के बीच, ट्रंप प्रशासन ने स्पष्ट किया कि एच1बी वीजा के लिए नई शुल्क आवश्यकता मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी और यह एकमुश्त भुगतान है जो केवल नए आवेदनों पर लागू होगा। लुटनिक ने न्यूजनेशन के साथ साक्षात्कार में रविवार को कहा, यह प्रक्रिया फरवरी 2026 में लागू होगी, इसलिए मेरा अनुमान है कि अभी से लेकर 2026 तक इसमें कई बड़े बदलाव होंगे।

# चीन, फ्रांस, रूस समेत कई देशों ने किया ट्रंप की योजना का समर्थन

- योजना को अविलंब लागू करने के साथ पुनर्निर्माण करने की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

गाजा में युद्धविराम के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से पेश किए गए 20 सूत्री फार्मूले का दुनिया के तमाम देशों ने समर्थन किया है। इनमें रूस-चीन और फांस के साथ आठ से ज्यादा अरब और मुस्लिम देश भी शामिल हैं।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, फिलिस्तीन और इजराइल के बीच तनाव कम करने के सभी प्रयासों का चीन स्वागत और समर्थन करता है। ट्रंप के समझौते पर टिप्पणी करते हुए शंघाई इंटरनेशनल स्टडीज यूनिवर्सिटी के मिडल ईस्ट स्टडीज इंस्टीट्यूट के प्रोफेसर लियू झोंगमिन ने बताया कि ट्रंप प्रशासन की 20 सूत्री शांति योजना व्यापक रूपरेखा है जिसे गाजा युद्ध का अंत करीब होने के साथ बातचीत और समझौतों के माध्यम से विकसित किया गया है। रूसी सत्ता प्रतिष्ठान 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, रूस हमेशा ट्रंप के ऐसे किसी भी प्रयास का समर्थन करता है जिसका उद्देश्य वर्तमान त्रासदी को रोकना है। हम चाहते हैं कि इस योजना को लागू किया जाए ताकि यह मध्य पूर्व में घटनाओं को शांतिपूर्ण दिशा में लाने में मदद कर सके।

फ्रांस ने गाजा में संघर्षरत पक्षों से इस योजना को अविलंब लागू करने का आह्वान किया ताकि युद्ध समाप्त किया जा सके और शांति तथा सुरक्षा का मार्ग पुनः खोला जा सके, जिससे फिलिस्तीनियों को आत्मनिर्णय का अधिकार, इजरायलियों को सुरक्षा, स्थिरता एवं क्षेत्रीय एकीकरण के अधिकार की गारंटी मिल सके।

### मोदी ने कहा- ये दीर्घकालिक शांति का सही रास्ता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गाजा संघर्ष समाप्त कराने संबंधी योजना का मंगलवार को स्वागत किया, कहा कि यह फिलिस्तीन और इजराइल के लोगों के साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास का व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। 'एक्स' पर पोस्ट में मोदी ने आशा जताई कि सभी संबंधित पक्ष राष्ट्रपति ट्रंप की पहल के लिए एकजुट होंगे और संघर्ष को समाप्त करने तथा शांति सुनिश्चित करने के इस प्रयास का समर्थन करेंगे।



### हमास कतर और तुर्की के साथ कर रहा चर्चा

**दोहा।** कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजेद अल अंसारी ने बताया कि हमास, कतर और तुर्की के प्रतिनिधियों के साथ ट्रंप की योजना पर चर्चा कर रहा है। अल अंसारी ने कहा, हमास प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा अभी भी जारी है। तुर्की प्रतिनिधिमंडल भी वार्ता में शामिल हो गया है। इजराइल के कतर की संप्रभुता का फिर उल्लंघन न करने के वादे पर अल-अंसारी ने कहा कि दोहा इस प्रतिज्ञा से संतुष्ट है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 अक्टूबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, नवमी 19.01 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- उत्तर, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- पूर्वाषाढ़ा 08.06 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज आप जो भी काम करेंगे लोग, उसमें गलतियां निकालने की कोशिश कर सकते हैं। धार्मिक कर्मों एवं पूजा-पाठ की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। आपके धैर्य और संयम की आज परीक्षा होने वाली है। आपके स्वजन ही आपके प्रति दुर्व्यवहार कर सकते हैं।

**वृष** — आज व्यापार को लेकर आप अत्यंत गंभीर रहेंगे। सभी कार्य योजनाओं के अनुसार होते चले जाएंगे। सहयोगी कर्मचारी आपके प्रति अत्यधिक सत्यनिष्ठ रहेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों में आप भाग लेंगे। प्रेमीजन के लिए कुछ महंगे उपहार खरीद सकते हैं।

**मिथुन** — आज इस समय अपनी योजनाओं को ठीक तरह से क्रियान्वित नहीं कर पा रहे हैं। मन में दूसरों का हित करने की भावना प्रबल रहेगी। आपको किसी विशेष काम को लेकर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी। मानसिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क** — आज लीवर के रोग परेशान कर सकते हैं। शाम को मित्रों के साथ गपशप का आनंद उठाएंगे। अपनी शक्ति एवं अधिकारों का दुरुपयोग न करें। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे आप लोगों के निशाने पर आएं। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**सिंह** — आज पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। कारोबार को लेकर कुछ असमंजस की स्थितियां उत्पन्न होंगी। व्यवसाय में अधिक फेरबदल करने से बचें। आप अनावश्यक कार्यों में समय खराब कर सकते हैं।

**कन्या** — आज समय पूरी तरह से आपके पक्ष का है। प्रेम-संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। लोग आपके व्यक्तित्व से अत्यधिक प्रभावित रहेंगे। नौकरी में महत्वपूर्ण स्थान-परिवर्तन हो सकते हैं। योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिए हितकर सिद्ध होगा।

**तुला** — आज मित्रगण आपके प्रति गलत राय बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। आत्मकेन्द्रित होने से आपको बचना चाहिए।

**वृश्चिक** — आज अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोभाव से पूर्ण करने में लगे रहेंगे। जीवनसाथी आपको किसी बात के लिए मनाने का प्रयास कर सकते हैं। आप अधिकांश समय आराम करने के मूड में रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा।

**धनु** — आज पूर्व में की गई गलती दोबारा दोहरा सकते हैं। इसीलिए सतर्क रहें। शरीर में पित्तवृद्धि के कारण मुख में कड़वापन हो सकता है। कार्यक्षेत्र में अपने प्रदर्शन को लेकर संतुष्ट नहीं रहेंगे। कुछ विचित्र प्रकार की अनुभूतियां आपको हो सकती हैं।

**मकर** — आज अपनी सफलता से आप संतुष्ट रहेंगे। कारोबारी यात्रा सफल होने से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। नए काम को लेकर मन में आशा के भाव अंकुरित होंगे। आप जहां भी रहेंगे वहां का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ** — आज आपके दिमाग में चंचलता हावी रहेगी, लेकिन फिर भी आप अपने काम को लेकर निष्ठावान रहेंगे। अपने व्यावसायिक कार्यों की अच्छी मार्केटिंग करने में सफलता मिलेगी। पैतृक संपत्ति से आपको लाभ होगा।

**मीन** — आज बड़े अधिकारियों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। आय सीमित ही रहेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को कटु आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। अपनी शक्तियों और अधिकारों का पर्याप्त उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं।

## सुडोकू -116

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 7 | 6 | | 5 | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | | 6 | 5 | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 2 | | 8 | |
| 9 | | | | | | | | 7 |
| | 6 | | 4 | | 8 | | | 5 |
| | | 2 | | | 4 | | | |
| | | 3 | | | | | | 2 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | 6 | |

### सुडोकू - 115 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 | 9 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 6 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 4 | 7 | 2 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 2 | 1 | 6 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |



> मुझे दबाव से निपटते हुए टीम को मुश्किल स्थिति से निकालना था। मुझे बस क्रीज पर रह कर अपना खेल खेलना था। मुझे पता था कि तिलक के साथ सोझेदारी में दाएं और बाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बना रहेगा।
> – संजू सैमसन, भारतीय क्रिकेटर

# स्टेडियम

अयोध्या, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाइलाइट

### सिनर फाइनल में, गॉफ क्वार्टर फाइनल में

**चाइना ओपन**

**बीजिंग।** शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने एलेक्स डि मिनौर को हराकर चाइना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। सिनर ने 6-4, 3-6, 6-2 से जीत दर्ज करके हार्डकोर्ट टूर्नामेंट में लगातार नौवें फाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना दानिल मेदवेदेव या लर्नर टियेन से होगा। महिला वर्ग में अमेरिका की कोको गॉफ ने बेलिंडा बेंचिच को 4-6, 7-6, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता गाफ का बेंचिच के खिलाफ कैरियर रिकॉर्ड 4-2 का हो गया है।

### खारी बावली में छतों पर दौड़े उसैन बोल्ट

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने मंगलवार को दिल्ली के खारी बावली की छतों पर जब दौड़ लगाई तो एशिया के सबसे बड़े मसालों की बाजार की पृष्ठभूमि में इतिहास और खेल का ऐसा मिलन हुआ जैसा भारत ने पहले कभी नहीं देखा था। यह पहला मौका था जब अपने मसालों और पतंगबाजी के लिए प्रसिद्ध खारी बावली की विरासत वाली छतें स्प्रिंट ट्रैक में बदल गई। बोल्ट के साथ इस मौके पर पीवी सिंधु, पीआर श्रीजेश और अनिमेष कुजूर जैसे भारतीय ओलंपिक के सितारे भी शामिल थे।

### आईएलटी20 में शारजाह वॉरियर्स से जुड़े कार्तिक

**शारजाह।** भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक मंगलवार को इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी-20) के चौथे सत्र से पहले शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़ गए। कार्तिक ने वॉरियर्स टीम में श्रीलंका के विकेटकीपर बल्लेबाज कुसल मेंडिस की जगह ली। इस टीम के कोच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जेपी डुमिनी हैं। कार्तिक ने कहा कि मैं डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 टूर्नामेंट के लिए शारजाह वॉरियर्स टीम से जुड़कर बहुत उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि वे एक युवा टीम है और जो कुछ खास करने की ख्वाहिश रखते है।

### राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दें आवेदन : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मंगलवार को इस साल के राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी और 28 अक्टूबर को आवेदन करने की आखिरी तारीख है। खेलों में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रपति हर साल ये पुरस्कार देती हैं, लेकिन राष्ट्रपति भवन में होने वाले समारोह की तारीख अब तक नहीं की गई है। डोपिंग उल्लंघन के मामलों में सजा पा चुके खिलाड़ी तभी पुरस्कार के पात्र होंगे जब सजा की अवधि खत्म हो चुकी हो। मंत्रालय ने कहा कि निलंबन या सजा के दौरान की उपलब्धियां नहीं गिनी जायेंगी।

### भारत-आस्ट्रेलिया ए के बीच पहला वन-डे रद्द

**कानपुर।** भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच पहला अनौपचारिक एकदिवसीय मैच मंगलवार को लगातार बारिश के कारण एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया। ग्रीन पार्क स्टेडियम में लगातार बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका, जिससे खिलाड़ी और प्रशंसक निराश हुए। पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ भारत के टेस्ट मैच के दौरान ग्रीन पार्क की जल निकासी व्यवस्था समीक्षा के घेरे में आ गई थी जब कुछ देर की बारिश से पूरे दिन का खेल धुल गया था। 3 मैच की अनौपचारिक वनडे शृंखला का दूसरा मैच शुक्रवार को इसी मैदान पर खेला जाएगा।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी का जवाब कप जीतना था : तिलक

हैदराबाद, एजेंसी

एशिया कप फाइनल में भारत की जीत के सूत्रधार रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा ने कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों की छींटाकशी और आक्रामकता का सर्वश्रेष्ठ जवाब खिताब जीतना ही था और उन्होंने शुरुआत में बने दबाव से सहज पार पा लिया था। तिलक के नाबाद 69 रन की मदद से भारत ने दुबई में रविवार को खेले गए फाइनल में पांच विकेट से जीत दर्ज की।

तिलक ने दुबई से कल रात यहां पहुंचने के बाद कहा कि शुरुआत में कुछ दबाव और तनाव था, लेकिन मैने सबसे ऊपर अपने देश को रखा और मैं देश के लिए जीतना चाहता था। मुझे पता था कि दबाव के आगे घुटने टेक दूंगा तो

- **बोले- आपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तानी खिलाड़ी आक्रामक थे, हमने उन्हें खेलकर जवाब दिया**

अपने आप को और देश के 140 करोड़ लोगों को निराश करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने बेसिक्स पर भरोसा रखा जो मैंने शुरुआती दिनों में अपने कोचों से सीखे थे और उसका अनुसरण किया। उन्हें सबसे सही जवाब यही था कि हम एशिया कप जीत जाएं और हमने वही किया। तिलक ने स्वीकार किया कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने मैच में छींटाकशी की, लेकिन उन्होंने खामोश रहना पसंद किया। उन्होंने कहा कि आपरेशन सिंदूर के बाद वे हमारे खिलाफ काफी आक्रामक थे। हमने उन्हें खेल को जिस तरीके से खेला जाना चाहिए, वैसे ही खेलकर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि हमने तीन विकेट जल्दी गंवा दिए और माहौल काफी गर्म हो गया था। मैं जल्दी बल्लेबाजी करने आ गया, लेकिन मैंने किसी को कुछ नहीं कहा और ना ही कोई खराब शॉट खेलकर टीम और देश को निराश किया। एक बार भारत जीत गया तो उन्होंने पाकिस्तानी खिलाड़ियों को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि मैच के दौरान मेरा फोकस बेसिक्स पर था और मैं उन्हें जवाब नहीं देना चाहता था। मुझे जो कुछ कहना था, वह मैंने मैच के बाद कहा। भारत और पाकिस्तान के मैचों में यह होता है, लेकिन हमारा फोकस मैच जीतने पर था। भारत को आखिरी ओवर में दस रन चाहिए थे और तिलक ने कहा कि वह तब तक दबाव से ऊपर उठ चुके थे।

### दबाव में फाइनल खेलना बहुत अच्छा अहसास रहा

तिलक ने कहा कि मुझ पर आखिरी ओवर में दबाव नहीं था। मैं गेंद दर गेंद रणनीति बना रहा था। मुझे गर्व है कि मैं यह कर सका। तिलक ने इस पारी को अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि मैं इसे सर्वश्रेष्ठ पारियों में से एक कहूंगा। इसके अलावा इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में मैंने नाबाद 72 रन बनाए थे जो बेहतरीन पारी थी। एशिया कप खेलना और पाकिस्तान के खिलाफ दबाव के हालात में फाइनल खेलना बहुत अच्छा अहसास था। मैं इस पारी को अपनी सर्वश्रेष्ठ पारी कहूंगा। भारत इसलिए जीत सका क्योंकि बल्लेबाजी के लिए कठिन पिच पर सभी ने अच्छी साझेदारियां कीं।

### पाकिस्तान का हमसे कोई मुकाबला नहीं

वर्मा ने कहा कि मैं सूर्या भाई से सहमत हूं कि पाकिस्तान का हमसे कोई मुकाबला नहीं है लेकिन यह खेल है और हमें पता था कि फाइनल में वे तैयारी से आएंगे। हमें उसकी अपेक्षा थी और हम उसके लिए तैयार थे। पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं थी, लेकिन हमने अच्छी साझेदारियां करके जीत दर्ज की और हमें इस पर गर्व है। जीत के सूत्रधार तिलक की तुलना विराट कोहली से भी की गई लेकिन 22 वर्ष के इस बल्लेबाज ने कहा कि जब विराट भाई जैसे लीजैंड के साथ मुकाबला लिया जाए तो यह गर्व की बात है, लेकिन मेरा फोकस सिर्फ देश के लिए मैच जीतने पर है। मुझे खुशी है कि भारत को एशिया कप जिता सका। टी20 विश्व कप मेरा अगला लक्ष्य है और विश्व कप जीतने के बाद ही चैन से सो सकूंगा।



तिलक वर्मा

# भारत ने श्रीलंका को 270 रनों का दिया लक्ष्य

## अमनजोत-दीप्ति ने अर्धशतक जड़कर वर्षा प्रभावित मैच में प्रतिकूल परिस्थितियों से उबारा

**आईसीसी महिला वनडे विश्व कप**

गुवाहाटी, एजेंसी

अमनजोत कौर ने अपने पहले महिला वनडे विश्व कप के मैच में दबाव में जज्बे और धैर्य का परिचय दिया, जबकि अनुभवी दीप्ति शर्मा ने भी अर्धशतक जड़ा। दोनों के खेल से भारत ने मंगलवार को वर्षा से प्रभावित 47 ओवर के मैच में श्रीलंका के खिलाफ प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरते हुए आठ विकेट पर 269 रन बनाए।

दो ओवर में चार विकेट गंवाने के बाद भारत की टीम एक समय छह विकेट पर 124 रन बनाकर मुश्किल में थी, लेकिन अमनजोत (57 रन, 56 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) और दीप्ति (53 रन, 53 गेंद, तीन चौके) ने भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी भी की। हरलीन देओल (48 रन, 64 गेंद, छह चौके) ने भी उम्दा पारी खेली। पारी के दौरान कई बार बारिश का खलल पड़ा, जिससे मुकाबला 47 ओवर का कर दिया गया। अमनजोत ने शुरुआत से ही संयम दिखाया और स्ट्राइक रोटेट की। उन्होंने ढीली गेंदों को सबक सिखाने में भी कोई कोताही नहीं बरती। इस बल्लेबाजों को हालांकि 18, 37 और 50 रन के स्कोर पर तीन जीवनदान भी मिले। अमनजोत ने मात्र 45 गेंद में विश्व कप में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया, जिसमें आक्रामकता और नियंत्रण का शानदार मिश्रण था।

अनुभवी बल्लेबाज दीप्ति ने दूसरे छोर पर मोर्चा संभाला और अपना 16वां वनडे अर्धशतक पूरा किया। स्नेह राणा ने भी 15 गेंद पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 28 रन की शानदार पारी खेली और भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। खिताब की प्रबल दावेदार और घरेलू मैदान पर खेल रही भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत बेहद खराब रही।

श्रीलंका की बाएं हाथ के स्पिनर इनोका रणवीरा (46 रन पर चार विकेट) ने भारत का स्कोर छह विकेट पर 124 रन कर दिया। रणवीरा (39 वर्ष) ने अच्छी तरह जम चुकी हरलीन, जेमिमा रोड्रिग्स (0) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (21) को पांच गेंद के भीतर आउट करके भारतीय मध्यक्रम को ध्वस्त किया। श्रीलंकाई कप्तान चमारी अटापट्टू ने ऋचा घोष को आउट करके भारत को एक और झटका दिया जिससे भारतीय टीम ने चार रन पर चार विकेट गंवा दिए। उदेशिका प्रबोधनी ने इससे पहले चौथे ही ओवर में फॉर्म में चल रही स्मृति मंधाना (08) को पवेलियन भेजा।

दसवें ओवर के बाद बारिश के कारण 80 मिनट तक खेल रुका गया और खेल दोबारा शुरू होने पर रणवीरा ने अपने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज प्रतीका रावल (37) को आउट कर दिया जो अच्छी लय में दिख रही थीं लेकिन उन्होंने कई खाली गेंद खेली।



गुवाहाटी के बारसापारा स्थित एसीए स्टेडियम में खेले जा रहे आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान अपने अर्धशतक का जश्न मनातीं भारतीय बल्लेबाज अमनजोत कौर।



अर्धशतक लगाने के बाद दीप्ति शर्मा (दाएं) को बधाई देतीं स्नेह राणा।

### बारिश की बाधा से ओवरों की संख्या घटकर 47 हुई

**गुवाहाटी।** भारत और श्रीलंका के बीच मंगलवार को खेले जा रहे महिला विश्व कप के पहले मैच को बारिश के कारण 47 ओवर का कर दिया गया। भारत ने जब 40 ओवर में छह विकेट पर 210 रन बनाए थे, तब बारिश के कारण दूसरी बार खेल रोकना पड़ा। इससे पहले बारिश के कारण 80 मिनट के पहले विलंब के बाद मैच को 48 ओवर का कर दिया गया था।

**भारत : 269/8 (47 ओवर)**

| | |
|---|---|
| प्रतीका रावल का गुणारत्ने बो रणवीरा | 37 |
| स्मृति मंधाना का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 08 |
| हरलीन देओल का कविशा बो रणवीरा | 48 |
| हरमनप्रीत कौर का अनुष्का बो रणवीरा | 21 |
| जेमिमा रोड्रिग्स बो रणवीरा | 00 |
| दीप्ति शर्मा का सुगंदिका बो कुलसूर्या | 53 |
| रिचा घोष का प्रबोधिनी बो अटापट्टू | 02 |
| अमनजोत कौर का गुणारत्ने बो प्रबोधिनी | 57 |
| स्नेह राणा नाबाद | 28 |

**गेंदबाजी : कुलसूर्या 8-0-42-1, प्रबोधिनी 10-1-55-2, सुगंदिका 9-0-46-0, कविशा 8-0-51-0, रणवीरा 9-0-46-4, अटापट्टू 3-0-24-1**

# दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी ने लय हासिल करने में की मदद : कुलदीप

नई दिल्ली, एजेंसी

इंग्लैंड में पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अंतिम एकादश में जगह बनाने में नाकाम रहे स्टार स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि दलीप ट्रॉफी में काफी अधिक गेंदबाजी करने से उन्हें एशिया कप के लिए अपनी लय वापस पाने में मदद मिली। कुलदीप ने इस टूर्नामेंट को 17 विकेट के साथ सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। उनका गेंदबाजी औसत 9.29 रहा।

पाकिस्तान के खिलाफ रविवार को दुबई में हुए फाइनल में उन्होंने विपक्षी बल्लेबाजों को अपनी फिरकी में फंसाते हुए 30 रन देकर चार विकेट झटके। उन्होंने बीसीसीआई द्वारा जारी वीडियो में रिंकू से बातचीत के दौरान कहा कि जब आप लंबे समय तक क्रिकेट नहीं खेलते हैं, तो आपको लय की जरूरत होती है। मुझ दलीप ट्रॉफी में गेंदबाजी का मौका मिला ऐसे में जब मैं टूर्नामेंट के लिए आया तो मेरी गेंदबाजी अच्छी चल रही थी। मेरी भूमिका बीच के ओवरों में रन को नियंत्रित करने और विकेट लेने की थी। कप्तान को मुझ पर भरोसा था और मैंने इसे निभाया। वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल के साथ कुलदीप ने शानदार स्पिन तिकड़ी बनाई। इस तिकड़ी ने अपनी विविधता से बल्लेबाजों को परेशान किया।



कुलदीप यादव

- **यादव ने एशिया कप में 9.29 की औसत से लिए सर्वाधिक 17 विकेट**

### वरुण ने सैमसन को अपनी ताकत का स्तंभ बताया

अबूझ स्पिनर वरुण ने कहा कि पावरप्ले के साथ-साथ आखिरी ओवरों में गेंदबाजी करने जैसे कठिन कार्य को सौंपेने के बाद वह टीम प्रबंधन की उम्मीदों पर खरा उतर कर खुश हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय टीम के लिए यह भूमिका पाकर खुशी हुई और जब जीजी (मुख्य कोच गौतम गंभीर) और (कप्तान) सूर्या ने मुझे बताया कि मुझे इस टूर्नामेंट में मुश्किल भूमिका निभानी होगी, जैसे कि पावरप्ले और आखिरी ओवरों में भी गेंदबाजी करना। वरुण ने संजू सैमसन को अपनी ताकत का बड़ा स्तंभ बताया। इस वीडियो में उनके साथ बाद में सैमसन भी जुड़ गए। सैमसन ने फाइनल में तीन विकेट जल्दी गिरने के बाद उपयोगी पारी खेलकर टीम की जीत में योगदान दिया। वरुण ने सैमसन से बातचीत करते हुए कहा कि यह बंदा मेरे लिए समर्थन का स्तंभ रहा है।

# दीपेश के पंजे से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 243 रनों पर रोका

**अंडर-19**

ब्रिस्बेन, एजेंसी

तेज गेंदबाज दीपेश देवधरन के पांच विकेट से भारतीय अंडर-19 टीम ने पहले युवा टेस्ट मैच के शुरुआती दिन मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को पहली पारी में 243 रन पर आउट कर दिया। तमिलनाडु के 17 वर्षीय दीपेश ने 16.2 ओवर में 45 रन देकर पांच विकेट और किशन कुमार ने 16 ओवर में 48 रन देकर तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 91.2 ओवर में आउट हो गई, जिसके बाद दिन का खेल समाप्त हो गया।



ऑस्ट्रेलिया के लिए तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने आए स्टीवन होगन ने 246 गेंदों पर 92 रन बनाए। जेड हॉलिक ने 38 रन बनाकर उनका साथ दिया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 65 रनों की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन दीपेश और किशन ने शुरुआती ओवरों में एक-एक विकेट लेकर स्कोर दो विकेट पर 30 रन कर दिया। ऑफ-स्पिनर अनमोलजीत सिंह ने कप्तान विल मालजुक (21) का विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को 78 पर 3 विकेट के स्कोर के साथ मुश्किल में डाल दिया। खिलन पटेल और दीपेश ने हॉलिक और विकेटकीपर साइमन बज को पवेलियन भेजा। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 5 विकेट पर 167 रन हो गया। ऑस्ट्रेलिया की टीम लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही। युवा टेस्ट शृंखला से पहले आयुष महात्रे की अगुवाई में भारतीय टीम ने युवा एकदिवसीय शृंखला में 3-0 से जीत दर्ज की थी। शृंखला का दूसरा युवा टेस्ट मैच सात से 10 अक्टूबर के बीच खेला जाएगा।

# न्यूजीलैंड पर जीत से आगाज करना चाहेगा ऑस्ट्रेलिया

**महिला विश्व कप**

इंदौर, एजेंसी

सात बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप में बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ जीत दर्ज कर अभियान की शुरुआत करना चाहेगी। मौजूदा टी-20 चैंपियन न्यूजीलैंड से उसे कड़ी चुनौती मिलेगी, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को आंतरिक चुनौतियों से भी पार पाना होगा।

ऑस्ट्रेलिया के पास प्रतिभा और विकल्पों की कमी नहीं है और टीम में संतुलन बनाना सबसे बड़ी परेशानी है। बाएं हाथ की स्पिनर सोफी मोलिनू और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहेम चोटों से उबर चुकी हैं। अब ऑस्ट्रेलियाई टीम प्रबंधन को देखना होगा कि अंतिम एकादश में उनकी जगह कैसे बनाई जाए। वेयरहेम और अलाना किंग के रूप में दो लेग स्पिनरों को उतारा जाए या आक्रमण को विविधता देने के लिए मोलिनू को शामिल किया जाए। तेज गेंदबाजी में भी आस्ट्रेलिया के पास मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, एलिसे पैरी, ताहलिया मैकग्रा और डार्सी ब्राउन हैं। बल्लेबाजी में बेथ मूनी, फीबी लिचफील्ड और एशले गार्डनर के साथ कप्तान एलिसा हीली को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान), डार्सी ब्रासन, एशले गार्डनर, किम गार्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पैरी, मेगान शूट, अनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहेम।

**न्यूजीलैंड :** सोफी डेवाइन (कप्तान), सूजी बेट्स, एडेन कारसन, फ्लोरा डेवोनशर, इजी गेज, मैडी ग्रीन, ब्रूक हालीडे, ब्री इलिंग, पोली इंगलिस, बेला जेम्स, जेस केर, एमेलिया केर, रोसमेरी मायेर, जॉर्जिया प्लिमर, ली ताहुहू। **मैच : दोपहर तीन बजे।**

# पाक क्रिकेटर अब विदेशी लीग नहीं खेल पाएंगे

इस्लामाबाद, एजेंसी

पीसीबी ने पाकिस्तान के बाहर टी-20 लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाणपत्र निलंबित कर दिए हैं। बोर्ड के मुख्य परिचालन अधिकारी सुमैर अहमद सैयद ने 29 सितंबर को नोटिस भेजकर खिलाड़ियों और एजेंटों को इस फैसले की जानकारी दी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो द्वारा देखे गए नोटिस में लिखा है, पीसीबी अध्यक्ष की स्वीकृति से, लीग व अन्य विदेशी टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों के सभी अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) अगले आदेश तक स्थगित किए जाते हैं। यह कार्रवाई क्यों की गई, इसका कारण नहीं बताया गया है। रिपोर्टों से पता चलता है कि पीसीबी का लक्ष्य एनओसी को एक प्रदर्शन-आधारित प्रणाली से जोड़ना है, जिसके मानदंड अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं। बोर्ड के दृष्टिकोण से, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और घरेलू प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करना है। हालांकि, इसकी जानकारी नहीं है कि एनओसी पर वर्तमान निलंबन हटने से पहले मूल्यांकन में कितना समय लगेगा।

यह कदम पाकिस्तान को एशिया कप फाइनल में भारत से मिली हार के बाद उठाया गया है, लेकिन यह उस दौरे से ठीक पहले आया है, जिसमें उन्होंने टी-20 त्रिकोणीय सीरीज भी जीती थी। पाकिस्तान की घरेलू प्रथम श्रेणी प्रतियोगिता, कायदे-आजम ट्रॉफ़ी अक्टूबर में है, जो मूल तिथि 22 सितंबर से स्थगित हुई है। बाबर आजम, रिजवान और शाहीन अफरीदी सहित सात पाकिस्तानी खिलाड़ी दिसंबर में शुरू होने वाले बिग बैश लीग में खेलेंगे। 1 अक्तूबर को यूएई में होने वाली इंटरनेशनल लीग 2020 नीलामी के लिए 16 खिलाड़ी शॉर्टलिस्ट में हैं।



- **पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने की खिलाड़ियों की एनओसी निलंबित**

**ट्राफी न दिए जाने पर विवाद**

**भारतीय बोर्ड ने एसीसी की वार्षिक आम बैठक में उठाया मुद्दा, मोहसिन नकवी अपने रुख पर बरकरार**

# एशिया कप विवाद को लेकर बीसीसीआई का रवैया सख्त

दुबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में भारत को एशिया कप की विजेता ट्रॉफी प्रदान न किए जाने पर कड़ा ऐतराज़ जताया, लेकिन एसीसी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अपने रुख पर बरकरार हैं। भारत को रविवार को ट्रॉफी नहीं दी गई थी क्योंकि भारतीय टीम ने पाकिस्तान सरकार में मंत्री और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नकवी से ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया था।

इस एजीएम में बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व बोर्ड के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और पूर्व कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने किया। एशिया कप की ट्रॉफी एसीसी के कार्यालय में है और यह अब भी स्पष्ट नहीं है कि इसे विजेता टीम के पास कब पहुंचाया जाएगा। एसीसी के सूत्र ने बताया कि ट्रॉफी न सौंपे जाने और मैच के बाद पुरस्कार समारोह के दौरान एसीसी अध्यक्ष (नकवी) द्वारा किए गए कारनामों पर भारत ने आज की बैठक में कड़ा ऐतराज जताया। बैठक में शुक्ला ने स्पष्ट किया कि ट्रॉफी विजेता टीम को सौंपी जानी चाहिए। यह एसीसी की ट्रॉफी है और किसी व्यक्ति की नहीं है। नकवी हालांकि अब भी ट्रॉफी देने पर सहमत नहीं हैं। नकवी ने इससे मना नहीं किया, लेकिन वह ज़िम्मेदारी टाल रहे थे। उन्होंने कहा कि नकवी इस बात पर अड़े रहे कि इस मामले पर एजीएम में चर्चा नहीं होनी चाहिए और इसे किसी और समय अलग से उठाया जाना चाहिए। बैठक का एकमात्र एजेंडा उपाध्यक्ष का चुनाव करना था, लेकिन उसे भी टाल दिया गया। नकवी ने एशिया कप जीतने के लिए बीसीसीआई को बधाई नहीं दी, लेकिन शेलार के जोर देने पर उन्हें भारतीय टीम की औपचारिक प्रशंसा के लिए मजबूर होना पड़ा।





### आईसीसी के पास जाएगा बीसीसीआई

जब बैठक शुरू हुई तो नकवी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नेपाल को जीतने और एसीसी सदस्य बनने के लिए मंगोलिया को बधाई देकर अपनी बात समाप्त कर दी। तभी शेलार ने सवाल उठाया कि आप एशिया कप खिताब के लिए भारत को बधाई क्यों नहीं दे रहे हैं। उन्होंने नकवी को बधाई देने के लिए मज़बूर किया और पीसीबी प्रमुख सहमत हुए और विधिवत बधाई दी। बीसीसीआई अब इस मामले को आईसीसी के पास ले जाएगा, जिसकी बैठक नवंबर में होनी है।शुक्ला और शेलार ने तर्क दिया कि एसीसी को ट्रॉफी कार्यालय में रखनी चाहिए और बीसीसीआई उसे वहां से एकत्र करवा लेगा। हम वैध विजेता के रूप में ट्रॉफी चाहते हैं।